RNI NO.: 54818-92 REG. NO-MH/MR/North East/317/2014-16

मुंबई, पुणे और नाशिक से एक साथ प्रकाशित

# हमारा महानगर

महाराष्ट्र दिवस एवं मज़दूर दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

https://www.hamaramahanagar.net | वर्ष 33 ■ अंक 279 ■ मुंबई, गुरुवार 1 मई 2025 ■ पेज 10 ■ मूल्य : ₹ 5.00 | संरक्षक : आरएन सिंह



श्रम के महत्व को स्वीकार करने की आवश्यकता
पेज-4



बाबा साहेब के साथ पोस्टर पर अखिलेश ने मानी गलती
पेज-6



मंदिर में भूलकर भी न रखें ये चीजें, नहीं मिलेगा पूजा का शुभ फल
पेज-8



ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ नए संयोजनों को आजमाने के लिए भारत तैयार
पेज-9

## 'अपनी हरकत से बाज आओ पाकिस्तान'

### इंटरनेशनल बॉर्डर पर बढ़ा तनाव



सीजफायर उल्लंघन को लेकर भारत ने पाकिस्तान को चेताया

**महानगर नेटवर्क**

**नई दिल्ली**

पहलगाम हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच इंटरनेशनल बॉर्डर पर तनाव चरम पर है। इस आतंकी घटना के बाद सीमा पर पाकिस्तान की ओर से लगातार सीजफायर का उल्लंघन किया जा रहा है। जिसका भारत ने माकूल जवाब दिया है। अब भारत ने पाकिस्तान की ओर से की जा रही गोलीबारी पर आपत्ति दर्ज करायी है। रक्षा सूत्रों के मुताबिक, भारत और पाकिस्तान के सैन्य संचालन महानिदेशकों ने हॉटलाइन पर बातचीत की और पाकिस्तान द्वारा बिना उकसावे के संघर्ष विराम उल्लंघन पर चर्चा की। भारत ने नियंत्रण रेखा पर पाकिस्तानी सेना द्वारा बिना उकसावे के किए जा रहे संघर्ष विराम उल्लंघन के खिलाफ पाकिस्तान को चेतावनी दी है।

इधर पहलगाम हमले का माकूल जवाब देने के लिए भारत ने प्रधानमंत्री के साथ बैठक पर बैठक हो रही है। बुधवार को भी पीएम ने दो बैठक की। माना जा रहा है कि जल्द ही भारत पाकिस्तान को कड़ा सबक सिखाएगा। इसी संकेत को लेकर पाकिस्तान पूरी तरह से परेशान है।

### पाक ने बॉर्डर पर चौकियां खाली कीं



पहलगाम हमले के 8 दिन बाद बुधवार को पाकिस्तानी सेना ने इंटरनेशनल बॉर्डर पर कई पोस्ट खाली कर दी हैं। पाकिस्तानी सेना ने इन पोस्ट से झंडे भी हटा लिए हैं। कठुआ के पर्गवाल इलाके में ये पोस्ट खाली की गई हैं।

# जाति जनगणना को मंजूरी

## मोदी कैबिनेट का फैसला : मूल जनगणना के साथ ही होगी

**महानगर नेटवर्क**

**नई दिल्ली**

केंद्र सरकार जाति गणना कराएगी। यह फैसला बुधवार को केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में लिया गया। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने प्रेस ब्रीफिंग में बताया कि जाति जनगणना, मूल जनगणना में ही शामिल होगी। जनगणना इस साल सितंबर से शुरू की जा सकती है। इसे पूरा होने में कम से 2 साल लगेंगे। ऐसे में अगर सितंबर में भी जनगणना की प्रक्रिया शुरू हुई तो अंतिम आंकड़े 2026 के अंत या 2027 की शुरुआत में आएंगे।

**सरकार ने क्या कहा?**

केंद्रीय मंत्री वैष्णव ने कहा, '1947 से जाति जनगणना नहीं की गई। मनमोहन सिंह ने जाति जनगणना की बात कही थी। कांग्रेस ने जाति जनगणना की बात को केवल अपने फायदे के लिए इस्तेमाल किया है। जाति जनगणना केवल केंद्र का विषय है। कुछ राज्यों ने यह काम सुचारू रूप से किया है। हमारा सामाजिक ताना-बाना प्रभावित न हो, हम इसकी कोशिश कर रहे हैं।' 2021 में जनगणना को कोविड-19 महामारी के कारण टाल दिया गया था।



### CCPA ने लिया फैसला

राजनीतिक मामलों की कैबिनेट कमेटी यानी CCPA ने जाति जनगणना कराने का फैसला लिया है। इसमें केंद्रीय मंत्रिमंडल के प्रमुख मिनिस्टर्स शामिल होते हैं। CCPA के अध्यक्ष प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं। वहीं, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह, सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल जैसे मंत्री भी सीसीपीए में शामिल हैं।

### जाति जनगणना को लेकर सरकार ने विपक्ष पर साधा निशाना

राष्ट्रीय जनगणना में जाति जनगणना को शामिल करने पर केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा, 'कांग्रेस सरकारों ने हमेशा जाति जनगणना का विरोध किया है। 2010 में दिवंगत डॉ. मनमोहन सिंह ने कहा था कि जाति जनगणना के मामले पर कैबिनेट में विचार किया जाना चाहिए। इस विषय पर विचार करने के लिए मंत्रियों का एक समूह बनाया गया था। अधिकांश राजनीतिक दलों ने जाति जनगणना की सिफारिश की। इसके बावजूद, कांग्रेस सरकार ने जाति का सर्वेक्षण या जाति जनगणना कराने का फैसला किया। यह अच्छी तरह से समझा जा सकता है कि कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों ने जाति जनगणना को केवल एक राजनीतिक हथियार के रूप में इस्तेमाल किया है।'

### ऐतिहासिक निर्णय: अमित शाह



गृह मंत्री अमित शाह ने खुशी जाहिर करते हुए एक्स पर पोस्ट लिखा, 'सामाजिक न्याय के लिए संकल्पित मोदी सरकार ने आज एक ऐतिहासिक निर्णय लिया है। पीएम मोदी के नेतृत्व में आज हुई CCPA की बैठक में आगामी जनगणना में जातिगत गणना को शामिल करने का निर्णय लेकर सामाजिक समानता और हर वर्ग के अधिकारों के प्रति मजबूत प्रतिबद्धता का संदेश दिया गया है। कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों ने दशकों तक सत्ता में रहते हुए जातिगत जनगणना का विरोध किया और विपक्ष में रहते हुए इस पर राजनीति की। इस निर्णय से आर्थिक और सामाजिक रूप से पिछड़े सभी वर्गों का सशक्तीकरण होगा, समावेशन को बढ़ावा मिलेगा और यह वंचितों की प्रगति के नए मार्ग प्रशस्त करेगा।'

### राहुल गांधी ने सरकार का किया समर्थन



राहुल ने कहा- आखिरकार सरकार ने जाति जनगणना की बात कह दी है। हम इसे सपोर्ट करते हैं, लेकिन सरकार को इसकी समय सीमा बतानी होगी। हमने तेलंगाना में कास्ट सेंसस कराया, इसे मॉडल बनाया जा सकता है। हमें कास्ट सेंसस से आगे जाना है। किस जाति की ऊंचे पदों में कितनी हिस्सेदारी है, ये पता करनी है।

## देवेन भारती बने मुंबई के पुलिस आयुक्त



**महानगर संवाददाता**

**मुंबई**

मुंबई के नए पुलिस कमिश्नर के रूप में वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी देवेन भारती की नियुक्ति की गई है। वे 1994 बैच के अधिकारी हैं और अब तक मुंबई पुलिस में स्पेशल कमिश्नर के तौर पर कार्यरत थे। पूर्व में मुंबई पुलिस कमिश्नर का पद महासंचालक (डीजीपी) स्तर का होता था, लेकिन 31 जुलाई 2024 को जारी आदेश के अनुसार अब इसे अतिरिक्त महासंचालक स्तर का कर दिया गया है। इसके तहत देवेन भारती को यह अहम जिम्मेदारी सौंपी गई है। पदभार संभालने के बाद मीडिया से बातचीत में कमिश्नर भारती ने कहा, "महाराष्ट्र सरकार ने मुझ पर बड़ी जवाबदारी सौंपी है। मैं कोशिश करूंगा कि पुलिस की सुरक्षा योजनाओं का लाभ सभी नागरिकों तक पहुंचे। मुंबईकरों के लिए जो महत्वपूर्ण है, उसे पूरा करने के लिए हम अथक प्रयास करेंगे।" उन्होंने बताया कि मुंबई पुलिस पहले से ही आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का इस्तेमाल कर रही है और आगे भी विशेषज्ञ की रिपोर्ट के आधार पर काम किया जाएगा। उन्होंने साइबर क्राइम को एक बड़ा चैलेंज बताया और कहा कि मुंबई में पांच साइबर पुलिस स्टेशन पहले से ही तैयार हैं, जिन्हें और सशक्त किया जाएगा। "कानून का कड़ाई से पालन होगा और तकनीक के जरिए सुरक्षा में जो भी गैप हैं, उन्हें दूर किया जाएगा। हमारी स्कीम को और मजबूत बनाया जाएगा।" उन्होंने कहा कि इस साल अधिक से अधिक बांग्लादेशियों को देश से बाहर भेजने की तैयारी की जाएगी और पुलिस की यंत्रणाओं को इस दिशा में सक्षम बनाया जाएगा।

> "महाराष्ट्र सरकार ने मुझ पर बड़ी जवाबदारी सौंपी है। मैं कोशिश करूंगा कि पुलिस की सुरक्षा योजनाओं का लाभ सभी नागरिकों तक पहुंचे।

### बिहार से है रिश्ता

मुंबई के नए पुलिस आयुक्त देवेन भारती बिहार के दरभंगा के निवासी हैं। उन्होंने प्रारंभिक शिक्षा झारखंड में हासिल की और दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स से स्नातक किया। मुंबई में उन्होंने डीसीपी, जोन 7 (बांद्रा से अंधेरी) और डीसीपी, क्राइम ब्रांच के रूप में काम की शुरुआत की। भारती ने मुंबई पर हुए 26/11 के आतंकी हमले की जांच में सहयोग किया।

## Short News एक नजर

### मणिपुर में नई सरकार बनाने की सुगबुगाहट

**नई दिल्ली।** देश पहलगाम हमले के बाद आतंकियों और उसके सरगनाओं के खात्मे का इंतजार कर रहा है और उधर मणिपुर में नई सरकार बनाने की सुगबुगागट तेज हो गई है। दरअसल, पहले मणिपुर के 21 विधायकों ने राज्य में शांति बहाली के लिए केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह को एक लोकप्रिय सरकार बनाने के लिए खत लिखा था, जिसके बाद इस पर कोई फैसला लेने की जिम्मेदारी उनपर आ गई है। ये खत मंगलवार को गृहमंत्रालय को मिला और इसे बुधवार को सार्वजनिक किया गया है।

### दो रुपये महंगा हुआ अमूल का दूध



**मुंबई।** आम लोगों पर महंगाई की मार पड़ी है। अमूल दूध महंगा हो गया है। कंपनी ने बताया कि गुरुवार से देशभर के बाजारों में दूध की कीमतें 2 रुपये प्रति लीटर बढ़ाई जाएंगी। नई मूल्य वृद्धि अमूल स्टैंडर्ड, अमूल भैंस दूध, अमूल गोल्ड, अमूल स्लिम एन ट्रिम, अमूल चाय माजा, अमूल ताजा और अमूल गाय दूध पर लागू होती है। इस वृद्धि के बाद गुजरात में अमूल गोल्ड दूध का आधा लीटर का पाउच 34 रुपये में मिलेगा, जबकि 'शक्ति' संस्करण का आधा लीटर का पाउच 31 रुपये में मिलेगा।

### बांग्लादेश में हिंदू संत चिन्मय दास को जमानत



**ढाका।** बांग्लादेश के ढाका हाईकोर्ट ने जेल में बंद हिंदू संत चिन्मय कृष्ण दास को बुधवार को जमानत दे दी। चिन्मय दास पिछले 5 महीनों से देशद्रोह के आरोप में जेल में बंद हैं। चिन्मय के वकील अपूर्व कुमार भट्टाचार्य ने 23 अप्रैल को हाईकोर्ट में जमानत याचिका दायर की थी।

## राष्ट्रीय सुरक्षा होगी और मजबूत

### सलाहकार बोर्ड का नए सिरे से गठन

पूर्व रॉ चीफ को चेयरमैन बनाया, पांच सदस्यों में आर्मी-नेवी-एयरफोर्स के पूर्व अफसर, डिप्लोमैट-IPS भी शामिल



**महानगर नेटवर्क**

**नई दिल्ली**

सरकार ने राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बोर्ड (NSAB) का नए सिरे से गठन किया है। रिसर्च एंड एनालिसिस विंग (R&AW, रॉ) के पूर्व प्रमुख रहे आलोक जोशी को इसका नया चेयरमैन बनाया गया है। NSAB में पांच सदस्य भी होंगे। इनमें आर्मी और एयरफोर्स के पूर्व अफसर हैं। साथ पूर्व डिप्लोमैट और पूर्व IPS अफसर को भी शामिल किया गया है। सरकार ने ये फैसला पहलगाम आतंकी हमले को देखते हुए लिया है। NSAB राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय को इनपुट देगा। पीएम नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई सुरक्षा पर कैबिनेट कमेटी (CCS) की बैठक में ये फैसला लिया गया। इससे पहले CCS की बैठक पहलगाम हमले के एक दिन बाद यानी 23 अप्रैल को हुई थी।

**ये पांच सदस्य होंगे**

- वेस्टर्न एयर कमांडर के पूर्व एयर मार्शल पीएम सिन्हा
- पूर्व सदर्न आर्मी कमांडर ले. जनरल एके सिंह
- रियर एडमिरल (रिटायर्ड) मॉन्टी खन्ना
- पूर्व डिप्लोमैट बी वेंकटेश वर्मा
- पूर्व IPS अफसर राजीव रंजन वर्मा

## होटल में आग, 15 की मौत

### 22 लोगों को बचाया, छत-खिड़की से कूदने लगे लोग

**महानगर नेटवर्क**

**कोलकाता**

कोलकाता के फालपट्टी मछुआ इलाके में मंगलवार रात एक होटल में आग लगने से 15 लोगों की मौत और 13 लोग घायल हो गए। आग पर काबू पा लिया गया है। 22 लोगों को बचाया गया। पुलिस के मुताबिक, मरने वालों में 2 महिलाएं और 1 बच्चा शामिल है। वहीं, 12 पुरूष मृतकों में से 8 की पहचान कर ली गई है। पुलिस कमिश्नर मनोज वर्मा ने बताया- आग ऋतुराज होटल में रात करीब 8:15 बजे लगी। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड और पुलिस की टीमों ने मौके पर पहुंचकर राहत-बचाव का काम शुरू किया। अब तक 14 शव निकाले जा चुके हैं। हादसे की जांच के लिए स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (SIT) बनाई गई है। शुरुआती जांच में पता चला है कि होटल की चौथी मंजिल पर लगे बिजली मीटर में शॉर्ट सर्किट होने से आग लगी।



## मंदिर की दीवार गिरी, सात श्रद्धालुओं की मौत

**विशाखापत्तनम।** आंध्र प्रदेश के विशाखापट्टनम में मंगलवार रात श्री वराह लक्ष्मी नरसिंह स्वामी मंदिर की दीवार का 20 फीट लंबा हिस्सा गिर गया। हादसे में 7 लोगों की मौत हो गई और 4 घायल हो गए। मंदिर में चंदनोत्सव चल रहा था। यह हर साल मनाया जाता है। इसमें हजारों श्रद्धालु भगवान नरसिंह के दर्शन के लिए आते हैं। अधिकारियों के मुताबिक, हादसा देर रात 2:30 से 3:00 बजे के बीच तेज बारिश के कारण हुआ। कलेक्टर हरेंद्र प्रसाद ने बताया कि NDRF और SDRF ने रेस्क्यू पूरा कर लिया है।

## हाईकोर्ट के जज लोकपाल के दायरे में या उससे बाहर?

### सुप्रीम कोर्ट बोला- यह मेरिट से जुड़ा मामला, इसे CJI तय करेंगे; अगली सुनवाई जुलाई में

**महानगर नेटवर्क**


**नई दिल्ली**

हाईकोर्ट के मौजूदा जजों के खिलाफ दर्ज भ्रष्टाचार के मामलों की सुनवाई लोकपाल कर सकता है या नहीं। इसको लेकर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई।

जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस अभय एस ओक और जस्टिस सूर्यकांत बेंच ने कहा कि, यह औचित्य (कितना सही) से जुड़ा मामला है। CJI से इस पर राय मांगी गई है। अगली सुनवाई जुलाई में होगी। जस्टिस बीआर गवई, अगले CJI हैं। वहीं जस्टिस ओक भी अगले महीने रिटायर हो रहे हैं। इसलिए कोर्ट ने कहा कि मामले की सुनवाई के लिए नई बेंच बनाई जाएगी। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट ने लोकपाल के 27 जनवरी के एक आदेश पर एक्शन लिया था। जिसमें कहा गया था कि लोकपाल के पास हाईकोर्ट जज के खिलाफ दर्ज शिकायतें सुनने का अधिकार है। 20 फरवरी को आदेश पर रोक लगा दी गई। तब जस्टिस गवई ने कहा था कि यह बहुत ही परेशान करने वाली बात है।



यह पूरा मामला एक हाईकोर्ट के जज और एडीशनल जज के खिलाफ दायर केस से जुड़ा है। जिन पर आरोप थे कि उन्होंने एक निजी कंपनी को फायदा पहुंचाने के लिए न्यायिक कार्यवाही को प्रभावित किया है। सुप्रीम कोर्ट ने अपनी मदद के लिए एडवोकेट रंजीत कुमार को एमिकस क्यूरी बनाया था। कोर्ट ने केंद्र, लोकपाल रजिस्ट्रार और शिकायतकर्ता को नोटिस जारी कर जवाब मांगा था।



# मुख्यमंत्री फडणवीस वर्षा बंगले में शिफ्ट

■ पत्नी अमृता फडणवीस के साथ की पूजा

■ बेटी दिविजा को 10वीं में 92.60% अंक

**महानगर संवाददाता**

**मुंबई**

अक्षय तृतीया के मौके पर राज्य के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस 'वर्षा' बंगले में शिफ्ट हो गए। मुख्यमंत्री बनने के बाद से ही वे सागर बंगले में निवास कर रहे थे। मुख्यमंत्री की पत्नी अमृता फडणवीस ने सोशल मीडिया ₹एक्स₹ पर 'वर्षा' बंगले में गृह प्रवेश की फोटो शेयर की है। मालाबार हिल पर स्थित 'वर्षा' महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री का आधिकारिक निवास स्थान है।

अमृता फडणवीस ने ₹एक्स₹ पर लिखा कि अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर हमने वर्षा निवास पर एक



छोटी सी पूजा कर गृह प्रवेश किया। मैं आप सभी के साथ एक और बहुत ही खुशखबरी साझा करते हुए बहुत प्रसन्न हूं। हमारी सुकन्या दिविजा ने 10वीं बोर्ड परीक्षा में 92.60 अंक प्राप्त किए हैं। 5 दिसंबर 2024 को मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद से ही देवेंद्र फडणवीस सागर बंगले में रह रहे थे।

### सांसद संजय राउत ने लगाया था आरोप

इस साल फरवरी माह की शुरुआत में जब यह मुद्दा उठा था, तब मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी बेटी की परीक्षा शुरू होने वाली है। परीक्षा बाद हम वर्षा बंगले में शिफ्ट हो जाएंगे। शिवसेना यूबीटी सांसद संजय राउत ने दावा किया था कि देवेंद्र फडणवीस अंधविश्वास के कारण दक्षिण मुंबई स्थित महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री के आधिकारिक आवास 'वर्षा' में रहने नहीं जा रहे हैं। राउत ने कहा था कि अफवाह यह है कि एकनाथ शिंदे की कामाख्या मंदिर यात्रा के दौरान गुवाहाटी में कथित तौर पर बलि दिए गए भैंसों के सींग को 'वर्षा' के परिसर में गाड़ा गया था, ताकि मुख्यमंत्री का पद शिंदे के अलावा किसी और के पास न रहे।

# मंत्री राधाकृष्ण विखे पाटिल को सुप्रीम कोर्ट से बड़ा झटका

### पाटिल और 53 अन्य लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**मुंबई।** भाजपा के वरिष्ठ नेता और फडणवीस कैबिनेट में मंत्री राधाकृष्ण विखे पाटिल को सुप्रीम कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। देश की शीर्ष कोर्ट के आदेश पर अहिल्यानगर जिले की पुलिस ने राज्य सरकार में मंत्री पाटिल और 53 अन्य लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। सभी पर किसानों को 8.86 करोड़ रुपये का कर्ज देने में धोखाधड़ी करने का आरोप है। एक अधिकारी ने बताया कि यह मामला सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर दर्ज किया गया है। एफआईआर में विखे पाटिल को आरोपी नंबर 19 के रूप में नामित किया गया है। दो दशक पुराना यह मामला पद्मश्री विठ्ठलराव विखे पाटिल सहकारी चीनी मिल से जुड़ा है। उस चीनी मिल को तब राधाकृष्ण विखे पाटिल नियंत्रित करते थें। सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार की कर्ज माफी योजना के तहत प्राप्त राशि के कथित रूप से चीनी कारखाने के



प्रबंधन के लिए इस्तेमाल करने के आरोपों की जांच के लिए पुलिस को प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया। जिसके बाद अहिल्यानगर के लोनी-राहता पुलिस थाने में सोमवार को बीजेपी के वरिष्ठ नेता और अन्य के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई। मामले में आगे की कार्रवाई जारी है। शिकायत में विखे पाटिल व अन्य पर वित्तीय गड़बड़ी और किसानों के लिए बनाई गई कर्ज माफी योजना का दुरुपयोग करके सरकार के साथ धोखाधड़ी करने का आरोप लगाया गया है। यह एफआईआर 66 वर्षीय किसान और लंबे समय से सहकारी संस्था के सदस्य बालासाहेब केरुनाथ विखे की शिकायत के आधार पर दर्ज की गई है। उन्होंने आरोप लगाया है कि किसानों के नाम पर बिना उनकी जानकारी या सहमति के कर्ज लिए गए।

# गोखले सहित तीन ब्रिज पर लगेंगे साउंड बैरियर

**महानगर संवाददाता**

**मुंबई**

ट्रैफिक की समस्या को देखते हुए मनपा प्रशासन बड़े पैमाने पर मुंबई में ब्रिज का निर्माण कर रही है। ब्रिज के निर्माण से ब्रिज के आस - पास की इमारतों में रहने वाले लोगों को वाहनों की आवाज की परेशानी झेलनी पड़ती है। इसी समस्या से निपटने के लिए ब्रिज कर साउंड बैरियर लगाने का निर्णय लिया गया। मनपा प्रशासन गोखले ब्रिज सहित तीन ब्रिज पर साउंड बैरियर लगा रही है। मनपा प्रशासन ने अंधेरी स्थित गोखले ब्रिज पर दोनों ओर साउंड बैरियर्स लगा रही है ताकि वहां से गुजरने वाले वाहनों के शोर से आसपास के नागरिकों को परेशानी न हो। ब्रिज का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है इस सप्ताह के आखिरी में पूरा ब्रिज वाहनों के लिए खुल जाएगा और मानसून के बाद साउंड बैरियर्स लगाने का काम शुरू किया जाएगा।



### ध्वनि प्रदूषण से बचाव के लिए साउंड बैरियर्स लगाने की योजना

इसी प्रकार स्थानीय नागरिकों की मांग पर गोरेगांव और चेंबूर के दो अन्य ब्रिज पर भी साउंड बैरियर्स लगाए जाएंगे। मनपा सभी तीनों ब्रिज पर इस साल के आखिरी तक साउंड बैरियर देगी। मनपा प्रशासन ने पहले से बने पुराने ब्रिज पर ध्वनि प्रदूषण से बचाव के लिए साउंड बैरियर्स लगाने की योजना बनाई गई थी। कुछ नए पुलों पर यह व्यवस्था पहले से है। 2017 से पहले बनाए गए ब्रिजों का सर्वेक्षण करने के लिए लगभग दो वर्ष पहले एक समिति गठित की गई थी। समिति ने अपनी रिपोर्ट के अनुसार 35 ऐसे ब्रिज चिन्हित किए गए जिनके पास इमारतें, स्कूल-कॉलेज और अस्पताल स्थित हैं, और जिन पर साउंड बैरियर्स की आवश्यकता है। अब तक कई ब्रिज पर साउंड बैरियर लगाए जा चुके है बकाया 10 ब्रिज पर साउंड बैरियर लगाने का काम शुरू है। गोखले ब्रिज का काम बुधवार को पूरा हो चुका है।अब यह ब्रिज वाहनों के लिए इसी सप्ताह शुरू कर दिया जाएगा।

# नाबालिग लड़की का विनयभंग करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**मीरारोड।** मीरारोड पुलिस स्टेशन में एक नाबालिग लड़की के विनयभंग का मामला दर्ज किया गया था । एक युवक ने पत्ता पूछने के बहाने उस बच्ची को अपनी स्कूटी पर बैठा कर एक निर्माणाधीन इमारत में ले जाकर उसका विनयभंग किया था। इस मामले की गंभीरता को देखते हुए परिमंडल 1 के उप आयुक्त प्रकाश गायकवाड़ , सहायक पुलिस आयुक्त डॉ. विजय मराठे , मिरारोड की वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक मेघना बुरांडे के मार्गदर्शन में मिरारोड पुलिस स्टेशन के सीनियर पुलिस निरीक्षक प्रविण भोसले, सीनियर पुलिस निरीक्षक संतोष सांगवीकर एवं उनकी टीम ने इस मामले के



आरोपी को 36 घंटे में गिरफ्तार कर लिया है । आरोपी का नाम अजय धर्मा गुप्ता है । यह युवक स्विगी में डिलीवरी का काम करता है। मिरारोड पुलिस स्टेशन में आरोपी के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 74 , 137 ( 2 ) , पोक्सो कानुन 8 , 12 के तहत मामला दर्ज किया गया है । इस मामलें की आगे की जांच सीनियर पुलिस निरीक्षक प्रविण भोसले कर रहे है ।

# एमएमआरडीए और मेट्रो को मनपा की सख्त चेतावनी

### ठाणे में बरसात से पहले सड़कें दुरुस्त करो

**ठाणे।** ठाणे शहर में हर साल मानसून के दौरान सड़कें गड्ढों में तब्दील हो जाती हैं, जिससे ट्रैफिक जाम, दुर्घटनाओं और नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। हालांकि, इस बार ठाणे मनपा ने पहले ही सख्त रुख अपनाते हुए एमएमआरडीए और मेट्रो प्राधिकरण को पत्र भेजा है और कहा है कि मानसून से पहले अपनी सड़कों की मरम्मत करें, ताकि बारिश में घोड़बंदर रोड और अन्य प्रमुख मार्गों पर जलजमाव और गड्ढों की समस्या न बढ़े। मनपा ने यह भी चेताया कि सर्विस रोड और मुख्य सड़क



के बीच की जलनिकासी व्यवस्था कई जगहों पर टूटी हुई है, जिससे जलभराव की आशंका और बढ़ जाती है। ठाणे महानगरपालिका का कहना है कि आनंद नगर जंक्शन से मजीवाड़ा नाका तक का ईस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे, मुंब्रा बायपास, तीन हात नाका फ्लाईओवर और घोड़बंदर सर्विस रोड का रखरखाव एमएमआरडीए के अधिकार में आता है। इन सड़कों पर भारी वाहनों की आवाजाही के कारण हर साल सड़कें टूट जाती हैं और फ्लाईओवर क्षतिग्रस्त हो जाते हैं। मनपा ने पत्र में यह भी उल्लेख किया है कि इस बार सर्विस रोड को मुख्य सड़क से जोड़ने का काम किया जा रहा है, लेकिन नई स्टॉर्म वॉटर ड्रेनेज लाइनों को पुरानी व्यवस्था से नहीं जोड़ा गया है, जिससे बरसात में स्थिति बिगड़ सकती है। मनपा ने मेट्रो प्राधिकरण को भी पत्र भेजा है, जिसमें कहा गया है कि कसारवडवली से गायमुख और कपूरबावड़ी से बाल्कुम तक मेट्रो मार्ग के काम के चलते अगल-बगल की सड़कों पर गड्ढे पड़ गए हैं, जिनकी मरम्मत तुरंत की जाए। मनपा ने अन्य जरूरी कार्यों में नालियों की सफाई, सड़क की नियमित मरम्मत, फुटपाथ और डिवाइडर की सफाई और पेंटिंग, सुरक्षा उपायों को लागू करने की मांग की है। मनपा का दावा है कि मनपा सीमा में आने वाली सड़कों की मरम्मत का काम पूरा कर लिया गया है और अब अन्य एजेंसियों को भी सतर्क होकर कार्रवाई करनी चाहिए।

# स्व.राजीव गांधी चौक बना लावारिस वाहनों का डिपो

### स्वच्छता मिशन की खुली पोल

**भिवंडी।** भिवंडी शहर की आन-बान और शान माने जाने वाला स्व. राजीव गांधी चौक आज बदहाली और लावारिस वाहनों का अड्डा बन चुका है। महानगर पालिका मुख्यालय से महज़ कुछ कदमों की दूरी पर स्थित यह चौक अब ट्रैफिक पुलिस द्वारा जब्त किए गए स्क्रैप जैसे हालात वाले ऑटो रिक्शा और मोटरसाइकिलों की कब्रगाह है। सड़क के किनारे महीनों से पड़े ये वाहन अब धूल की मोटी परत ओढ़े हुए हैं। यह नज़ारा ना सिर्फ स्वच्छ भारत अभियान का मज़ाक उड़ा रहा है, बल्कि शहर की स्वच्छता व्यवस्था पर भी बड़ा सवाल खड़ा कर



रहा है। नागरिक हैरान हैं कि जिस चौक का नाम देश के पूर्व प्रधानमंत्री के नाम पर है, उसकी यह दुर्दशा प्रशासन की संवेदनहीनता को बेनकाब करती है। स्व.राजीव गांधी और स्व.बाला साहेब ठाकरे उड़ान पुलों के नीचे स्थित यह चौक, जहां भिवंडी यातायात पुलिस की चौकी भी मौजूद है, अब 'भंगार चौक' जैसा दिखाई देता है।

# अभियंता को 2.20 लाख रुपए की रिश्वत लेते हुए ACB ने रंगेहाथ पकड़ा

**भिवंडी।** भिवंडी पंचायत समिति के निर्माण विभाग में भ्रष्टाचार का बड़ा मामला सामने आया है, जहां विभाग के शाखा अभियंता प्रमोद जुमले को 2 लाख 20 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए ठाणे भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (ACB) ने रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया। यह कार्रवाई ACB की टीम ने सोमवार शाम उनके कार्यालय में योजनाबद्ध तरीके से अंजाम दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार, शिकायतकर्ता ठेकेदार ने पडघा ग्राम पंचायत क्षेत्र में आंतरिक बंद नालियों का निर्माण कार्य पूरा




किया था। इसके साथ ही तीन अन्य कार्यों के बिलों का भुगतान पहले ही किया जा चुका था। इन सभी बिलों को अंतिम रूप से मंजूरी देने के एवज में अभियंता प्रमोद जुमले ने ठेकेदार से कुल 2.40 लाख रुपये की रिश्वत की मांग की। ठेकेदार ने यह मामला ACB ठाणे के समक्ष दर्ज कराया, जिसके बाद 21 अप्रैल को सत्यापन के दौरान अभियंता द्वारा 2.20 लाख रुपये की रिश्वत मांगने की पुष्टि हुई। इसके बाद ACB ने जाल बिछाया और सोमवार शाम जैसे ही जुमले ने यह राशि स्वीकार की, उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। ACB की इस कार्रवाई का नेतृत्व पुलिस उपाधीक्षक धर्मराज सोनके ने किया। उनके साथ निरीक्षक जयश्री पवार, सहायक निरीक्षक विनोद जाधव और बालक कडवठ की टीम शामिल थी।

# हर्षोल्लास के साथ मनाई गई महात्मा बसवेश्वर की जयंती

**महानगर संवाददाता**

**मुंबई**

महाराष्ट्र राज्य विद्युत पारेषण कंपनी में महात्मा बसवेश्वर की जयंती हर्षोल्लास से मनाई गई। प्रारंभ में महापारेषण के निदेशक (संचालन) सतीश चव्हाण ने महात्मा बसवेश्वर की प्रतिमा को अभिवादन किया। इस अवसर पर निदेशक (वित्त) तृप्ति मुधोलकर, निदेशक (मानव संसाधन) सुगत गमरे, मुख्य अभियंता जुईली वाघ, सुनील सूर्यवंशी, भूषण बल्लाल, महेंद्र वालके, किशोर गरुड़, मुख्य प्रबंधक (वित्त एवं लेखा) अंजू गुप्ता, अधीक्षक अभियंता अमित



नाइक, राजन जोशी, एकनाथ ढेंगले, माणिक गुट्टे, विशाल वाघचौरे, मुख्य औद्योगिक संबंध अधिकारी भरत पाटिल, मुख्य महाप्रबंधक (वित्त एवं लेखा) सीमा डुबेवार, उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन) नितिन कांबले, उप मुख्य दक्षता अधिकारी प्रशांत गोरडे सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

# मीरा – भायंदर के रहिवासी अब करेंगे हवाई टैक्सी का सफर

**भायंदर।** मीरा - भायंदर शहर के नागरिक भी जल्दी ही हवाई टैक्सी का सफर कर सकेंगे । मिरा - भायंदर मनपा ने इस काम के लिए नुतरण ईवी मोबिलिटी प्राइवेट कंपनी को सर्वे की आवश्यक अनुमति प्रदान की है । परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने इसके संदर्भ में बताया की मिरा - भायंदर शहर की आबादी लाखों में है। यहां के लोगों के लिए यातायात के साधनों की दिक्कत तो देखते हुए इस हवाई टैक्सी की परिकल्पना को साकार करने की तरफ कार्य किया जा



रहा हैं । प्रताप सरनाईक ने बताया की हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की परिकल्पना एवं केन्द्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी के मार्गदर्शन में गुजरात के वडोदरा में भी इस योजना पर काम चल रहा है, पूर्व मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के आदेश से मैंने हालही में वडोदरा में उस जगह का दौरा किया था। इस दौरे के बाद हमे लगा की इस योजना से हम बहुत हद्द तक शहर में यातायात की परेशानी को कम कर सकते है । मिरा - भायंदर शहर के अलावा ठाणे शहर में भी इस योजना को कार्यान्वित किया जाएंगा । प्रताप सरनाईक के अनुसार मिरा - भायंदर शहर में उत्तन में सागर का किनारा , ऐतिहासिक घोडबंदर किला जैसे कई पर्यटक स्थल है । शहर में जल्दी ही मेट्रो की शुरुआत होने जा रही हैं।

# भाजपा के वार्ड अध्यक्ष बनें अजय मौर्या

**मीरारोड/ दहिसर।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष आशीष शेलार ने प्रखर व सक्रिय सामाजिक कार्यकर्ता अजय मौर्या को दहिसर पश्चिम के वार्ड क्रमांक 1 का अध्यक्ष बनाया है। वार्ड अध्यक्ष बनाये जाने पर पूर्व सांसद गोपाल शेट्टी और विधायिका मनीषा चौधरी ने मौर्या को बधाई देते हुए कहा कि अब क्षेत्र के लोगों की समस्याओं का समाधान होगा और साथ ही साथ भाजपा संगठन अत्याधिक मजबूत भी होगा। अपनी नियुक्ति पर मौर्या ने मुंबई भाजपा अध्यक्ष आशीष शेलार और उत्तर मुंबई जिला संगठन एवं गोपाल शेट्टी व ताई का अभिनंदन करते हुए दिल से आभार व्यक्त किया है और कहा है कि आप



सब द्वारा मुझे जो जिम्मेदारी दी गई है उसे मैं पूर्ण निष्ठा व ईमानदारी से निभाउंगा और भाजपा की मजबूती के लिए सदैव समर्पण की भावना से कार्य करता रहूंगा। वार्ड अध्यक्ष नियुक्त होने पर अजय मौर्या को भाजपा मंडल महामंत्री विनोद शास्त्री, महेंद्र प्रसाद, दशरथ पाल, सभयराज यादव, मनोज पाल, रामावतार यादव, भीम मिश्रा, मुनिराज यादव व रमेश गौड़ ने अपनी शुभकामनाएं प्रदान की है।

# बांद्रा की आग बुझाने में फायर ब्रिगेड को लगे 22 घंटे

**महानगर संवाददाता**

**मुंबई**

बांद्रा लिंक स्क्वेयर मॉल में मंगलवार की तड़के सुबह 3:58 बजे आग लगने की घटना घटी। आग बुझाने के लिए फायर जवानों को 22 घंटे की मशक्कत करनी पड़ी। जबकि अभी भी घटना स्थल पर आग की धधक को कूलिंग करने का काम चल बुधवार को भी चलता रहा। इतनी बड़ी आग की घटना होने के बावजूद सुदैव से कोई हताहत नहीं हुआ यही राहत की बात हुई। आग की सूचना पर पहुंचे फायर जवान मॉल में प्रवेश करने पर पता चला कि आग इमारत के बेसमेंट में लगी है और पूरी इमारत में धुआं फैल चुका है। तेज गर्मी और धुएं के कारण बेसमेंट में प्रवेश करना और



आग का स्रोत तलाशना मुश्किल हो रहा था। इसलिए पहले पहुंची टीम ने बाहर निकल कर सुबह 4:17 पर मुख्यालय को जानकारी दी और अतिरिक्त मदद की मांग की। मनपा के फायर ब्रिगेड विभाग ने जानकारी दी कि आग पर 30 अप्रैल की रात 1:41 बजे काबू पाया गया। आग ने मॉल के तीन बेसमेंट, ग्राउंड फ्लोर और तीन ऊपरी मंजिलों सहित लगभग 8,000 से 10,000 वर्ग फुट क्षेत्र को अपनी चपेट में ले लिया था। मॉल की छत पर बना कांच से ढका गुंबद, कई दुकानें, कपड़े, कॉस्मेटिक उत्पाद और अन्य सामान आग की भेंट चढ़ गए। इमारत की छत पूरी तरह बंद थी और बाहर की दीवारें कांच की होने के कारण धुआं और गर्मी बाहर नहीं निकल पाई। इसी वजह से आग तेजी से ताल मंजिल से ऊपर तक फैल गई। इस ऑपरेशन में 73 कृत्रिम श्वसन उपकरणों का इस्तेमाल किया गया। छत और ऊपरी मंजिलों की आग बुझाने में अत्याधुनिक तकनीकों का प्रयोग किया गया। मॉल में काम करने वाले सैकड़ों व्यापारियों के लिए भारी नुकसान और आर्थिक संकट बन गया है। बुधवार को जब कई दुकानदार मौके पर लौटे तो जले हुए मलबे को देखकर वे स्तब्ध रह गए। कई लोगों का कहना था कि गर्मी की छुट्टियों के कारण ग्राहक संख्या बढ़ने की उम्मीद में उन्होंने ज्यादा माल स्टॉक किया था।

# गुस्से में युवती ने 11वीं मंजिल से छलांग लगाकर की आत्महत्या

**ठाणे।** जिले से एक दर्दनाक घटना सामने आई है। यहां 20 वर्षीय युवती ने मोबाइल फोन को लेकर हुए विवाद के बाद 11वीं मंजिल से छलांग लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का जायजा लिया। इसी के साथ पूरे मामले की जांच-पड़ताल शुरू कर दी है।

एजेंसी के अनुसार, यह घटना ठाणे के मानपाड़ा इलाके की है। मृतका की पहचान समीक्षा नारायण वड्डी के रूप में हुई है। पुलिस का कहना है कि समीक्षा रात भर लगातार मोबाइल फोन पर बात कर रही थी, जिसे लेकर उसके चाचा ने उसे टोक दिया। उन्होंने उसका मोबाइल फोन ले लिया, जिससे समीक्षा नाराज हो गई। इसके तुरंत बाद वह घर के हॉल में गई और गैलरी से



छलांग लगा दी। परिवार के लोग उसे गंभीर हालत में अस्पताल लेकर गए, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद मानपाड़ा पुलिस स्टेशन में आकस्मिक मृत्यु का मामला दर्ज किया गया है। पुलिस अधिकारी के मुताबिक, घटना के सभी पहलुओं की गहनता से जांच की जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि प्रारंभिक जांच में आत्महत्या के पीछे मोबाइल फोन के उपयोग को लेकर हुआ विवाद सामने आया है।

# मानसून में सड़कों पर नहीं रहेंगे गड्ढे,मनपा खर्च करेगी 104 करोड़

**मुंबई।** मनपा का दावा है कि इस साल सड़कों पर गड्ढे नहीं रहेंगे। सीमेंट कंक्रीट की सड़क बन जाने से गड्ढे भरने के खर्च में 51 प्रतिशत की कमी आने की जानकारी मनपा प्रशासन ने दी। मनपा अतिरिक्त आयुक्त अभिजीत बांगर ने कहा इस साल गड्ढे भरने पर मात्र 104 करोड़ रुपया खर्च किया जाएगा,जिसमे सड़कों पर बने गड्ढों को भरने के लिए 79 करोड़ रुपए खर्च किया जाएगा, जबकि 25 करोड़ पूर्व और पश्चिम एक्सप्रेस हाइवे सहित फ्री वे की सड़कों पर बने गड्ढों को भरने में खर्च होगा। सड़कों के सीमेंट



कंक्रीट करण के कारण पिछले दो वर्षों में गड्ढे पड़ने की संख्या में कमी आई है। इस तरह का दावा मुंबई महानगरपालिका ने किया है। मुंबई की सड़कों को गड्ढा मुक्त बनाने के लिए सीमेंट कांक्रीटीकरण किया जा रहा है। हालांकि कांक्रीटीकरण के बावजूद सड़कों पर गड्ढे पूरी तरह से बंद नहीं हुए हैं। जून 2024 से दिसंबर 2024 के बीच करीब 24,000 गड्ढे पड़े थे, जिन्हें भरने में महानगरपालिका को करोड़ों रुपए खर्च करने पड़े थे। मुंबई में सबसे अधिक गड्ढे पूर्व और पश्चिम द्रुतगति मार्गों पर पड़ते हैं और हर साल उन्हें भरा जाता है। इस वर्ष भी इन मार्गों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। पिछले कुछ सालों से सिमेंट कांक्रीटीकरण के चलते गड्ढे भरने पर खर्च में कमी आई है और पिछले वर्ष की तुलना में यह खर्च 51 प्रतिशत कम हुआ है ।

# पश्चिम एक्सप्रेस अब बांद्रा टर्मिनस से चलेगी

**मुंबई।** बांद्रा टर्मिनस पर अतिरिक्त पिट लाइनों के निर्माण से संबंधित बुनियादी ढांचे के उन्नयन का कार्य सफलतापूर्वक पूरा हो गया है। इसके परिणामस्वरूप, पश्चिम रेलवे द्वारा ट्रेन संख्या 12925/12926 मुंबई सेंट्रल-अमृतसर पश्चिम एक्सप्रेस के ओरिजिनेट/टर्मिनेट करने के लिए टर्मिनल को मुंबई सेंट्रल स्टेशन से वापस बांद्रा टर्मिनस स्थानांतरित करने का निर्णय लिया गया है। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, इन परिवर्तनों का विवरण निम्नानुसार है। ट्रेन संख्या 12925/12926 मुंबई सेंट्रल–अमृतसर पश्चिम एक्सप्रेस के टर्मिनल और समय में परिवर्तन ट्रेन संख्या 12925 मुंबई सेंट्रल-अमृतसर पश्चिम एक्सप्रेस 1 जुलाई से बांद्रा टर्मिनस से 11:30 बजे प्रस्थान करेगी। इसी तरह, ट्रेन संख्या 12926 अमृतसर-मुंबई सेंट्रल पश्चिम एक्सप्रेस 3 जुलाई से बांद्रा टर्मिनस पर 14:30 बजे टर्मिनेट होगी। हालांकि, मध्यवर्ती स्टेशनों पर ठहराव के समय में कोई बदलाव नहीं होगा। उपर्युक्त ट्रेनों के समय, ठहराव और संरचना के बारे में विस्तृत जानकारी के लिए यात्री कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर जाकर अवलोकन कर सकते हैं।

# बांद्रा टर्मिनस–बनारस स्पेशल आज से बनारस के बजाय रीवा तक चलेगी

**मुंबई।** पश्चिम रेलवे द्वारा ट्रेन संख्या 09029/09030 बांद्रा टर्मिनस-बनारस स्पेशल के गंतव्य में परिवर्तन करने का निर्णय लिया गया है। यह ट्रेन अब नए समय और गंतव्य के अनुसार बनारस के बजाय रीवा स्टेशन तक चलेगी। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार इस ट्रेन का विवरण निम्नानुसार है।

ट्रेन संख्या 09029/09030 बांद्रा टर्मिनस–रीवा स्पेशल (अनारक्षित)

ट्रेन संख्या 09029 बांद्रा टर्मिनस-रीवा स्पेशल प्रत्येक गुरुवार को



बांद्रा टर्मिनस से 04.30 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 07.00 बजे रीवा पहुँचेगी। यह ट्रेन 26 जून तक चलेगी। इसी तरह, ट्रेन संख्या 09030 रीवा-बांद्रा टर्मिनस स्पेशल प्रत्येक शुक्रवार को रीवा से 11.00 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 12.15 बजे बांद्रा टर्मिनस पहुँचेगी। यह ट्रेन 27 जून तक चलेगी।

यह ट्रेन दोनों दिशाओं में बोरीवली, बोईसर, वापी, वलसाड, भेस्तान, चलथान, बारडोली, नंदुरबार, अमलनेर, धरणगांव, जलगांव, भुसावल, खंडवा, इटारसी, पिपरिया, नरसिंहपुर, मदनमहल, कटनी, मैहर और सतना स्टेशनों पर रुकेगी। इस ट्रेन में जनरल सेकेंड क्लास कोच होंगे। ट्रेनों के समय, ठहराव और संरचना के बारे में विस्तृत जानकारी के लिए यात्री कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर जाकर अवलोकन कर सकते हैं।

# PM मोदी आज करेंगे वेव्स 2025 का उद्घाटन

## चार दिवसीय समिट की टैग लाइन कनेक्टिंग क्रिएटर, कनेक्टिंग कंट्रीज

**महानगर संवाददाता**
**मुंबई**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार 1 मई को सुबह करीब 10:30 बजे बांद्रा-कुर्ला कांप्लेक्स स्थित जियो वर्ल्ड सेंटर में वर्ल्ड ऑडियो विजुअल एंड एंटरटेनमेंट समिट 2025 (वेव्स 2025) का उद्घाटन करेंगे। ₹कनेक्टिंग क्रिएटर, कनेक्टिंग कंट्रीज₹ टैगलाइन के साथ चार दिवसीय यह शिखर सम्मेलन दुनिया भर के क्रिएटर, स्टार्टअप्स, उद्योग जगत के दिग्गजों और नीति निर्माताओं को एक साथ लाकर भारत को मीडिया, मनोरंजन और डिजिटल नवाचार के लिए एक वैश्विक केंद्र के रूप में स्थापित करने के लिए तैयार है। इस मौके पर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, विदेश मंत्री एस जयशंकर, रेलवे मंत्री अश्विनी वैष्णव, उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, अजित पवार, उद्योग मंत्री उदय सामंत, सांस्कृतिक व आईटी मंत्री आशीष शेलार प्रमुख रूप से उपस्थित रहेंगे।

रचनात्मकता, प्रौद्योगिकी और प्रतिभा का लाभ उठाकर एक उज्ज्वल भविष्य को आकार देने के प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण के अनुरूप, वेव्स में फिल्मों, ओटीटी, गेमिंग, कॉमिक्स, डिजिटल मीडिया, एआई, एवीजीसी-एक्सआर, प्रसारण और उभरती तकनीकी को एकीकृत किया जाएगा, जिससे यह भारत के मीडिया और मनोरंजन कौशल का एक व्यापक प्रदर्शन बन जाएगा। वेव्स का लक्ष्य 2029 तक 50 बिलियन डॉलर का बाजार खोलना है, जिससे वैश्विक मनोरंजन अर्थव्यवस्था में भारत की उपस्थिति का विस्तार होगा।

### वे भारत मंडप का भी दौरा करेंगे

वेव्स 2025 में भारत पहली बार ग्लोबल मीडिया डायलॉग (जीएमडी) की मेजबानी भी करेगा, जिसमें 25 देशों के मंत्री भाग लेंगे, जो वैश्विक मीडिया और मनोरंजन परिदृश्य के साथ देश के जुड़ाव में एक मील का पत्थर साबित होगा।

शिखर सम्मेलन में वेव्स बाजार भी शामिल होगा, जो 6,100 से ज्यादा खरीदारों, 5,200 विक्रेताओं और 2,100 परियोजनाओं वाला एक वैश्विक ई-मार्केट प्लेस है।

इसका उद्देश्य स्थानीय और वैश्विक स्तर पर खरीदारों और विक्रेताओं को एक साथ लाना है, ताकि व्यापक नेटवर्किंग और व्यावसायिक अवसर सुनिश्चित किए जा सकें। प्रधानमंत्री क्रिएटोस्फियर का दौरा करेंगे और करीब एक साल पहले शुरू की गई 32 क्रिएट इन इंडिया चुनौतियों में से चुने गए क्रिएटर्स से बातचीत करेंगे, जिसके लिए एक लाख से ज़्यादा रजिस्ट्रेशन हुए थे।

वेव्स 2025 में 90 से ज्यादा देशों के लोग हिस्सा लेंगे, जिसमें 10,000 से ज्यादा प्रतिनिधि, 1,000 क्रिएटर, 300 से ज्यादा कंपनियां और 350 से ज्यादा स्टार्टअप शामिल होंगे। इस शिखर सम्मेलन में 42 पूर्ण सत्र, 39 ब्रेकआउट सत्र और 32 मास्टर क्लास होंगे, जो प्रसारण, इन्फोटेनमेंट, एवीजीसी-एक्सआर, फ़िल्म और डिजिटल मीडिया सहित विभिन्न क्षेत्रों में आयोजित किए जाएंगे।

# बेस्ट के बढ़े हुए किराए को परिवहन विभाग ने दी हरी झंडी

## कभी भी लागू हो सकता है बढ़ा हुआ किराया

### 12 साल तक के बच्चों को मिलेगी किराए में आधी छूट

**नॉन एसी बसों का नया किरायाः**



5 किमी – 10 रुपये (पहले 5 रुपये)
10 किमी – 15 रुपये (पहले 10 रुपये)
15 किमी – 20 रुपये (पहले 15 रुपये)
25 किमी – 35 रुपये (पहले 20 रुपये)

**एसी बसों का नया किरायाः**



5 किमी – 12 रुपए (पहले 6 रुपये)
10 किमी – 20 रुपए (पहले 13 रुपये)
15 किमी – 30 रुपए (पहले 19 रुपये)
25 किमी – 40 रुपए (पहले 25 रुपये)

**महानगर संवाददाता**
**मुंबई**

बेस्ट उपक्रम ने बस किराया बढ़ाने का निर्णय लिया है,जिसे मुंबई महानगर क्षेत्र परिवहन प्राधिकरण ने बुधवार को हुई बैठक में मंजूरी दे दी। परिवहन विभाग द्वारा मंजूरी दिए जाने से अब कभी भी बढ़ा हुआ किराया लागू हो सकता है। बेस्ट के अधिकारियों से जानकारी मिली है कि टिकट मशीन में बदलाव होने जैसी तकनीकी वजहों से किराया वृद्धि को तुरंत लागू नहीं किया गया है,लेकिन उनका मानना है कि जल्द ही नई दरें लागू कर दी जाएंगी। अब नॉन एसी बसों का न्यूनतम किराया पांच रुपए से बढ़ाकर 10 रुपए होगा,जबकि एसी बसों का किराया 6 रुपए से बढ़ाकर 12 रुपए होगा। 2019 से बंद किया गया 12 साल से छोटे बच्चों का छूट का किराया दोबारा लागू किया जाएगा। 12 साल तक के बच्चों का आधा किराया होगा। बता दें कि बेस्ट प्रशासन ने 2019 में बेस्ट ने किराया घटाकर यात्रियों को राहत दी थी। उनका मानना था कि यात्री संख्या बढ़ेगी और बेस्ट की कमाई भी बढ़ेगी, लेकिन इससे उसकी आय में गिरावट हुई जिससे बेस्ट का घाटा बढ़ा। यही कारण है कि बेस्ट को बचाने के लिए किराया वृद्धि का प्रस्ताव तैयार किया गया जिसे पहले बृहन्मुंबई महानगरपालिका ने और अब परिवहन प्राधिकरण ने मंजूरी दी है। जिससे बढ़ा हुआ किराया लागू करने का रास्ता साफ हो गया है। इस वृद्धि से बेस्ट को सालाना लगभग 590 करोड़ रुपए की अतिरिक्त आमदनी होने की उम्मीद है। किराया बढ़ाने के बावजूद रियायती दरों में कोई बदलाव नहीं किया गया है हालांकि साप्ताहिक मासिक और तिमाही पास की दरें बढ़ा दी गई हैं।

### नई दरें 5 मई के बाद लागू होने की संभावना

बैठक में बेस्ट की लागत और घाटे को देखते हुए प्राधिकरण ने सुझाव दिया कि किराया दर अभी भी कम हैं और आगे और बढ़ाई जा सकती हैं,लेकिन फिलहाल प्रस्तावित दरों को ही उचित मानते हुए मंजूरी दी गई। नई दरें 5 मई के बाद लागू होने की संभावना है।

## देर रात तुर्भे इलाके में पुलिस ने चलाया अचानक तलाशी अभियान

**नवी मुंबई।** देश भर में हो रही विभिन्न घटनाओं की पृष्ठभूमि में मुंबई और एमएमआर क्षेत्र में तलाशी अभियान जोरो से सुरु है। इसी में नवी मुंबई पुलिस आयुक्तालय के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत आनेवाले तुर्भे पुलिस स्टेशन की हद्द में देर रात को अचानक पुलिस ने तलाशी अभियान चलाई। इस अभियान में खुद परिमंडल 1 के सहायक पुलिस आयुक्त खुद सड़कों पर उतरे। इस दौरान पुलिस ने नाकाबंदी कर 125 वाहनो की तलाशी कर 4 ड्रिंक एंड ड्राइव समेत यातायात नियमों की धंज्जियां उड़ाने वाले 35 लोगो पर मामला दर्ज की है। इस अभियान में 20 अधिकारी,120 कॉन्स्टेबल समेत पुलिस मुख्यालय के क्यूआरटी टीम,आसीपी टीम एंव जोन 1 की स्ट्रॉयकिंग समेत अन्य ने कर्मी शामिल थे।

# जातिगत जनगणना का निर्णय ऐतिहासिकः फडणवीस

## विपक्षी दल के नेताओं ने भी किया फैसले का स्वागत



**मुंबई।** केंद्रीय मंत्रिमंडल के देश में जातिगत जनगणना कराने के निर्णय का मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस सहित सत्तारूढ़ और विपक्षी दलों के नेताओं ने स्वागत किया है। मुख्यमंत्री ने इसे मोदी सरकार का ऐतिहासिक निर्णय बताते हुए कहा कि इससे समाज के विकास के लिए एक समग्र नीति तैयार करने में मदद मिलेगी और सामाजिक न्याय का एक नया अध्याय शुरू होगा।

**शुरू होगा नया अध्याय, नया पर्व :** मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि मोदी सरकार का जातिगत जनगणना का निर्णय ऐतिहासिक है। इस निर्णय के कारण भारत में सामाजिक न्याय का नया अध्याय, नया पर्व शुरू होगा। विशेष रूप से जो पिछड़े हैं,ऐसे लोगों का इंपीरिकल डेटा सरकार के पास होगा। इससे सरकार उन लोगों तक अपनी योजनाएं पहुंचा सकेगी, जिसकी उन्हें जरूरत है। देश में वर्ष 1931 के बाद पहली बार जातिगत जनगणना हो रही है। कांग्रेस ने लगातार जातिगत जनगणना का विरोध किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2011 में मनमोहन सरकार ने जातिगत जनगणना कराने की घोषणा की थी, लेकिन पार्टी के दबाव में वे मुकर गए। उन्होंने सर्वे जरूर कराया, लेकिन इसके आंकड़े अभी तक घोषित नहीं हुए। कांग्रेस इस विषय पर केवल राजनीति करती रही। धन्यवाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का, जिन्होंने यह ऐतिहासिक निर्णय लिया। इससे भारत के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने में बड़ी मदद मिलेगी।

**सामाजिक न्याय का तोहफा: शिंदे :** उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने इस फैसले के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद दिया है। उन्होंने कहा कि जातिगत जनगणना कराने का निर्णय ऐतिहासिक है। महाराष्ट्र दिवस की पूर्व संध्या पर यह खबर आई। एक तरह से देश को मोदी सरकार से सामाजिक न्याय का तोहफा मिला है। इस जनगणना से दूध का दूध, पानी का पानी हो जाएगा और यह स्पष्ट हो जाएगा कि इस देश के ताने-बाने में कौन से धागे बुने हुए हैं।

**केंद्र का क्रांतिकारी कदमः अजित पवार :** उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने केंद्र सरकार के फैसले का स्वागत करते हुए कहा है कि जातिगत जनगणना कराने का फैसला सामाजिक समानता स्थापित करने की दिशा में केंद्र सरकार द्वारा उठाया गया एक क्रांतिकारी कदम है। चूंकि जातिगत जनगणना नहीं की गई थी, इसलिए अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के अलावा अन्य जातियों की आबादी की आर्थिक और सामाजिक स्थिति के बारे में जानकारी उपलब्ध नहीं थी। इससे ओबीसी और समाज के अन्य वर्ग भी प्रभावित हो रहे थे।

## एक्सीडेंट के आठ महीने बाद पुलिस ने दर्ज की एफआईआर

**मुंबई।** सांताक्रूज पूर्व के वाकोला सिग्नल के पास एक अज्ञात मोटरसायकिल चालक की चपेट में आने से पिटर थॉमस डिसूजा (56) की मृत्यु हो गई। घटना 27 जुलाई 2024 की है, जब पिटर डिसूजा हनुमान मंदिर के पास पश्चिम द्रुतगती मार्ग पर जा रहे थे। घटना के आठ महीने बाद पुलिस ने मामले में एफआईआर दर्ज किया है। एक अज्ञात मोटरसाइकिल चालक ने उन्हें पीछे से तेज रफ्तार में टक्कर मार दी और वह घटनास्थल से फरार हो गया। घटना के तुरंत बाद राहुल एंथनी नामक व्यक्ति ने उन्हें वी. एन. देसाई अस्पताल पहुंचाया, जहां जांच के बाद उन्हें आईसीयू में भर्ती किया गया।


**कुळगांव बदलापूर नगरपरिषद**

नवीन प्रशासकीय ईमारत, म. गांधी चौक रोड, बदलापूर रेल्वे स्टेशन (पूर्व), कुळगांव, पिन ४२१५०३, ता. अंबरनाथ जि.ठाणे,
ईमेल:- coud.kulgaonbadalapur@maharashtra.gov.in.वेबसाईट:-http://kbmc.gov.in

जा.क्र : कुबनप/नगरोत्थान/साबां/१४२/२०२५-२६ — दिनांक: २८/०४/२०२५

**जाहिर ई- निविदा सुचना क्र. ६/२०२५-२६**

कुळगांव-बदलापूर नगरपरिषदेच्या बांधकाम विभागामार्फत महाराष्ट्र सुवर्ण जयंती नगरोत्थान योजने अंतर्गत सन २०२४-२५ करिता प्रशासकीय मंजूर प्राप्त झालेल्या ०७ विकास कामांसाठी महाराष्ट्र शासनाकडील योग्य त्या नोंदणीकृत कंत्राटदाराकडून टक्केवारी दराच्या ई-निविदा मागविण्यात येत आहेत. सदर ई-निविदा संच विक्री व स्विकृतीचा कालावधी दि.३०/०४/२०२५ ते दि.०८/०५/२०२५ रोजी दुपारी १२.०० वाजेपर्यंत असून दि.०२/०५/२०२५ रोजी दुपारी. १२.०० वा निविदा पुर्व बैठक नगरपरिषद कार्यालयात आयोजित केलेली आहे. तसेच सदरची ई-निविदा दि. ०९/०५/२०२५ रोजी दुपारी १२.०० वाजल्यानंतर उघडण्यात येतील.

निविदेबाबतचा सविस्तर तपशील नगरपरिषदेच्या http://kbmc.gov.in तसेच शासनाच्या http://mahatenders.gov.in या संकेत स्थळावर व नगरपरिषदेच्या सुचना फलकावर उपलब्ध करण्यात आलेला आहे.

सही/-
(मारुती गायकवाड)
मुख्याधिकारी तथा
प्रशासक
कुळगांव बदलापूर नगरपरिषद


## 'अक्षय शिंदे एनकाउंटर में शनिवार तक दर्ज होगी एफआईआर'

**मुंबई।** बदलापूर के एक स्कूल में हुए कथित यौन शोषण मामले में आरोपी अक्षय शिंदे की कथित मुठभेड़ (एनकाउंटर) में मौत के मामले में मुंबई पुलिस ने आखिरकार पुलिस के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का आश्वासन मुंबई उच्च न्यायालय को दिया है। बुधवार को हुई सुनवाई के दौरान सरकार ने अदालत को बताया कि मुंबई पुलिस की अपराध शाखा के एक अधिकारी को शिकायतकर्ता बनाकर शनिवार तक एफआईआर दर्ज की जाएगी। उच्च न्यायालय ने इस प्रकरण में राज्य सरकार को कड़ी फटकार लगाई। न्यायमूर्ति रेवती मोहिते-डेरे और न्यायमूर्ति डॉ. नीला गोखले की खंडपीठ ने राज्य सरकार की टालमटोल पर नाराज़गी जताई। अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि जब तक सुप्रीम कोर्ट से कोई निर्देश नहीं आता, तब तक उच्च न्यायालय के आदेशों का पालन करना अनिवार्य है। वरना यह न्यायालय की अवमानना मानी जाएगी। सरकारी वकीलों ने पहले यह कहा था कि एफआईआर दर्ज करने के लिए अक्षय शिंदे के परिजनों की लिखित शिकायत आवश्यक है।

## प्रदेश भाजपा कार्यालय की लीज 30 साल बढ़ी



**मुंबई।** मंत्रालय के नजदीक स्थित सरकारी जमीन पर बने महाराष्ट्र भाजपा के प्रदेश कार्यालय की लीज 30 साल के लिए आगे बढ़ा दी गई है। इस अनुसार अब लीज 31 दिसंबर 2054 तक रहेगी। सामान्य प्रशासन विभाग ने बुधवार को इस संबंध में सरकारी निर्णय जारी किया।

वर्ष 1989 में मंत्रालय के नजदीक और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के मुख्य कार्यालय के सामने 2,682 वर्ग फुट की जगह भाजपा के क्षेत्रीय कार्यालय के लिए पट्टे पर दी गई थी। राज्य सरकार ने समय-समय पर लीज की अवधि को बढ़ाया। इस जगह के उपयोग के लिए लीज की अवधि 31 दिसंबर 2024 को खत्म हो गई थी, ऐसे में जमीन की लीज को 1 जनवरी 2025 से 31 दिसंबर 2054 यानी 30 साल के लिए आगे बढ़ा दिया गया है। लीज समझौते को आगे बढ़ाते हुए सरकार ने प्रदेश भाजपा पर कुछ शर्तें भी लगाई हैं। इस अनुसार सरकार को राज्य सरकार की प्रचलित दर के अनुसार किराया देना होगा। विकास नियंत्रण विनियमों के अनुसार निर्माण कार्य करना अनिवार्य होगा। किराया एवं बकाया किराया वसूली की जिम्मेदारी लोक निर्माण विभाग के अभियंता को दी गई है।


**मध्य रेलवे**
**खुली निविदा सूचना**

**निविदा सूचना क्र. डीआर.एन.सी. एस एवं टी. निविदा. 2025.03 दिनांक : 28.04.2025. स्थान के साथ कार्य का नाम :** मध्य रेलवे के मुंबई मंडल में कल्याण – आसनगांव 3री और 4थी लाइन के कार्य के संबंध में कल्याण-आसनगांव अनुभाग में आउटडोर सिग्नलिंग उपकरण की आपूर्ति, अधिष्ठापन, परीक्षण तथा क्रियान्वयन. **कार्य की अनुमानित लागत :** ₹ 27,80,17,574.20. **जमायोग्य बयाना रकम जमा :** ₹ 15,40,100.00. **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय :** 20.05.2025 को 15.00 बजे. **निविदा खुलने की तिथि एवं समय :** 20.05.2025 को 15.30 बजे. **वेबसाइट विवरण तथा सूचना फलक स्थान जहां सम्पूर्ण विवरण देखे जा सकते हैं :** वेबसाइट **www.ireps.gov.in** तथा उप मुख्य संकेत एवं दूरसंचार अभियंता (निर्माण), मध्य रेलवे, तिलक ब्रिज के पास, दादर, मुंबई – 400 028 का कार्यालय. APEX-66

रेल्वे फाटक को बंध स्थिति में पार करना मना है


## सड़क दुर्घटना में तीन की मौत,आरोपी फरार




**नवी मुंबई।** नवी मुंबई पुलिस आयुक्तालय की हद्द में आने वाले तलोजा और उरण क्षेत्रों में पिछले 24 घंटों में तीन अलग-अलग दुर्घटनाओं में तीन लोगों की मौत हो गई। मृतकों में एक महिला भी शामिल है एंव तीनों दुर्घटनाओं के लिए जिम्मेदार चालक घटनास्थल से फरार है,जिनकी तलाश पुलिस कर रही है। पहली दुर्घटना सोमवार देर रात मुंब्रा-तलोजा मार्ग पर नावडे गांव में हुई। इस घटना में एक कार ने दोपहिया वाहन को टक्कर मार दी,जिससे सुल्तान अब्दुल रउस हसवारे (21) नामक युवक की मौत हो गई। पनवेल निवासी सुल्तान रात करीब 12:15 बजे तलोजा से पनवेल बाइक से जा रहे थे, तभी एक कार ने उन्हें टक्कर मार दी. इसमें उनकी मृत्यु हो गई. तलोजा एमआईडीसी में हुई दूसरी दुर्घटना में डोंबिवली के पलावा सिटी के रहनेवाले शशि नायर (66) की मौत हो गई. मंगलवार सुबह करीब 11 बजे शशि नायर अपने दोपहिया वाहन से तलोजा एमआईडीसी आये थे. इस दौरान जब वे आईजीपीएल कंपनी से बेल नाका की ओर जा रहे थे, तभी एक डम्पर ने उन्हें टक्कर मार दी. इस ठोकर में वे गंभीर रूप से घायल हो गए. जिसके बाद उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया. लेकिन उससे पहले ही उनकी मृत्यु हो गई. दुर्घटना के बाद डम्पर चालक फरार हो गया।


**MAHAVITARAN** Maharashtra State Electricity Distribution Co. Ltd.
**e-TENDER NOTICE**

Digitally sealed & signed offers are invited in two bid system by e-tender mentioned for following works from registered MSEDCLS e-tenderer firms/agencies/Company/subject to following terms and Conditions.

| S. No. | Tender No. | Work Description (Tender for) |
|---|---|---|
| 1 | EE/RPD/T-01/ 2025-26 | Tender for Supply of Tinned Copper Fuse Wire under Rastapeth Division |

The above tender documents are available at our website www.mahadiscom.in. For more details log on to MSEDCL official website "https://etender.mahadiscom.in/eatApp/ or contact to The Addl. Executive Engineer, Rastapeth Division office.
**PRO/31/25**
**EXECUTIVE ENGINEER, MSEDCL, RASTAPETH DIVISION**



**मध्य रेल**
**शुद्धिपत्र**

एतद्द्वारा यह अधिसूचित किया जाता है कि **निविदा सूचना स.म.रे./म.रे.प्र.(कार्य) बी.बी./2025/06 में अ.क्र. 03** पर प्रकाशित कार्य की निविदा दिनांक **07.04.2025** को खुलनी है उसे अब प्रशासनिक कारण से रद्द कर दी गई है।
**मंडल रेल प्रबंधक (कार्य)**
**छ. शि. म. ट. मुंबई**
APEX-70

असुरक्षित तथा अनाधिकृत रूप से रेल लाइन के पास कार्य करना दंडनीय अपराध है


## आज 100 दिवसीय कार्यालय सुधार कार्यक्रम के नतीजे

**मुंबई।** राज्य सरकार की तरफ से जारी विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन और आम लोगों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए राज्य सरकार द्वारा अपने 48 विभागों को दिए गए 100-दिवसीय कार्यालय सुधार कार्यक्रम के परिणाम गुरुवार को महाराष्ट्र दिवस के अवसर पर घोषित किए जाएंगे। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बुधवार को इसकी जानकारी दी। विधानसभा चुनाव में शानदार जीत के बाद देवेंद्र फडणवीस ने 5 दिसंबर 2024 को मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। इसके बाद उन्होंने प्रत्येक विभाग को 100 दिनों के भीतर किए जाने वाले कार्यों की कार्ययोजना प्रस्तुत करने का आदेश दिया। इस अनुसार प्रत्येक विभाग ने अपनी प्रस्तुति दी। फडणवीस ने स्वयं प्रशासन के सभी विभागों की लगातार समीक्षा थी तथा इस कार्ययोजना के क्रियान्वयन पर ध्यान केंद्रित किया था। अब महाराष्ट्र दिवस 1 मई को 100 दिवसीय कार्ययोजना के परिणाम घोषित किए जाएंगे। हर कोई इस बात को लेकर उत्सुक है कि कौन सा विभाग और कौन सा अधिकारी शीर्ष पर आएगा। पिछले 100 दिनों में सरकारी विभागों द्वारा किए गए सुधार कार्यक्रमों का मूल्यांकन केंद्रीय संगठन, भारतीय गुणवत्ता परिषद द्वारा किया गया है।


**मध्य रेल**
**शुद्धिपत्र**

**निविदा सूचना क्र. डीआर.एन.सी.एसएंडटी. टेंडर 2025.03 दिनांक: 28.04.2025 शुद्धिपत्र विज्ञापन के लिए सामग्री:** दिनांक **28.04.2025 को 18:51 बजे निविदा सूचना संख्या DR.N.C. S&T. निविदा. 2025.03** के विरुद्ध एक शुद्धिपत्र प्रकाशित किया गया है, जो दिनांक **25.04.2025 को 12:02** बजे जारी किया गया था। इस शुद्धिपत्र में मौजूदा निविदा दस्तावेज़ पीडीएफ अनुलग्नक को उसी के संशोधित संस्करण के साथ बदलना शामिल है। मूल एनआईटी की अनुसूची वही रहेगी। **वेबसाइट विवरण एवं नोटिस बोर्ड जहाँ से पूर्ण विवरण आदि देखे जासकते हैं:** वेबसाइट **www.ireps.gov.in** और "उप मुख्य संकेत एवं दूरसंचार अभियंता (निर्माण), तिलक पुल के पास, मध्य रेल, दादर, मुंबई - 400028" का कार्यालय. APEX-68

असुरक्षित तथा अनाधिकृत रूप से रेल लाइन के पास कार्य करना दंडनीय अपराध है



**मुंबई झोपड़पट्टी सुधार मंडल**
(महाराष्ट्र गृह निर्माण एवं क्षेत्र विकास प्राधिकरण की एक क्षेत्रीय इकाई)
म्हाडा MHADA

**टेली. नं. – 022-66405250, ई-मेल : eee.east1@gmail.com**

क्र. ईई/पूर्व/एमएसआईबी/ई-निविदा/लेबर सोसा./12/2025-26

कार्यकारी अभियंता (पूर्व) डिवीजन, मुंबई झोपडपट्टी सुधार मंडल, (म्हाडा की इकाई), कमरा नं. 536, 4थी मंजिल, गृह निर्माण भवन, बांद्रा (पूर्व), मुंबई – 400 051 फोन नंबर (022) 66405251 द्वारा डीडीआर, पूर्व, उपनगर, मुंबई के साथ पंजीकृत लेबर को.ऑप. सोसायटीज से ऑनलाइन ई-निविदा प्रणाली के जरिये बी1 प्रपत्र (प्रतिशत दर) में **06** कार्य के लिये ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैं. विस्तृत निविदा सूचना तथा निविदा दस्तावेज महाराष्ट्र सरकार के पोर्टल **https://mahatenders.gov.in** पर उपलब्ध हैं और यहां से डाउनलोड किये जा सकते हैं. बोली दस्तावेज वेबसाइट पर लोड किये जा सकते हैं. निविदा दस्तावेज बिक्री की आरंभिक तिथि 05.05.2025, को दोप. 03.05 बजे से है तथा निविदा दस्तावेज बिक्री की अंतिम तिथि 13.05.2025 को सायं. 6.15 बजे तक है. शुद्धिपत्र/संशोधन, यदि है, तो उसे केवल **https://mahatenders.gov.in** वेबसाइट पर ही प्रकाशित किया जायेगा. सक्षम प्राधिकारी के पास बिना कोई कारण दर्शाये किसी भी अथवा सभी निविदा को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है. शर्तयुक्त प्रस्तावों को स्वीकार नहीं किया जायेगा.

Follow us: @mhadaofficial
सीपीआरओ/ए/368

हस्ता./-
कार्यकारी अभियंता (पूर्व),
एम. एस. आई. बी. बोर्ड, मुंबई

म्हाडा - गृहनिर्माण क्षेत्रातील देशातील अग्रगण्य संस्था



**मुख्य कार्यालय, विरार**
**विरार (पूर्व),**
**ता. वसई, जि. पालघर - ४०१३०५.**

दूरध्वनी : ०२५०-२५२५१०१/०२/०३/०४/०५/०६
फॅक्स : ०२५०-२५२५१०७
ई-मेल : vasaivirarcorporation@yahoo.com
जावक क्र. : व.वि.श.म./बांध/श.अ./१७७/२०२५
दिनांक : ३०/०८/२०२५

**वसई-विरार शहर महानगरपालिका**
**जाहिर ई- निविदा सुचना**

वसई-विरार शहर महानगरपालिका कार्यक्षेत्रातील खालील कामांकरीता इच्छुक अनुभवी ठेकेदारांकरीता कोरे निविदा फॉर्म https://Mahatenders.gov.in या अधिकृत संकेतस्थळावर दि. ०२/०५/२०२५ पासून उपलब्ध होणार आहेत. ई- टेंडरींग बाबत अधिक माहितीसाठी ई-निविदा कक्ष, वसई विरार शहर महानगरपालिका, मुख्यालय येथे संपर्क साधावा.

| अ.क्र. | कामाचे नाव |
|---|---|
| १. | विरार प. प्रभाग क्र.१३ मध्ये आत्माराम पार्क फेज-१ ते आत्माराम पार्क फेज-२ पर्यंत रस्ता खडीकरण व डांबरीकरणकरणे. |
| २. | प्रभाग समिती सी मध्ये प्रभाग क्र. २२ मध्ये प्रथमेश नगर ते जि.प. शाळा ते बारोडा नगर पर्यंत रस्ता खडीकरण व डांबरीकरण करणे. |
| ३. | विरार प. प्रभाग क्र.३६ मध्ये बोळींज सोपारा मुख्य रस्त्यावरील करमाळे गाव विष्णू मंदिर ते ला-प्रशियस बंगल्यापर्यंत पाईप गटार बांधणे. |
| ४. | विरार प. प्रभाग क्र. ३१ मध्ये विराटनगर स्मशानाच्या मागील बाजूस पाईप गटाराचे बांधकाम करणे. |
| ५. | प्रभाग समिती ई कार्यक्षेत्रातील नालासोपारा प. वॉर्ड क्र.८२ मध्ये जे.बी.एस. गल्ली येथे मुख्य रस्ता ते जे.बी.एस. शाळेपर्यंत रस्त्याच्या दुतर्फा आरसीसी गटार बांधणे. |
| ६. | प्रभाग समिती सी अंतर्गत वॉर्ड क्र१ भाटपाडा गावापासून ते बर्फेश्वर तलावापर्यंत रस्ता खडीकरण व डांबरीकरण करणे. |
| ७. | प्रभाग समिती बी कार्यक्षेत्रातील मनवेल पाडा येथे मोहक सिटी ते नव्वद फुट मुख्य रसत्यापर्यंत रस्ता खडीकरण व डांबरीकरण करणे. |
| ८. | प्रभाग क्र.१ मध्ये कुभारपाडा ते परेडपाडा गावा पर्यंत आरसीसी बॉक्स कल्व्हर्ट बांधणे. |
| ९. | प्रभाग क्र.१ मध्ये कुंभारपाडा गाव मध्ये कॉक्रीट रोड बनविणे. |

Please visit our official web-site (https://Mahatenders.gov.in)

सही/-
(प्रदीप पाचंगे)
प्र. शहर अभियंता
वसई विरार शहर महानगरपालिका

## वाटर एवं डिजिटल 'स्ट्राइक'

जम्मू-कश्मीर के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल पहलगाम की बैसारन घाटी में एक सप्ताह पूर्व इस्लामिक जेहादियों द्वारा इंसानियत के विरुद्ध कायराना हरकत को अंजाम देते हुए दो दर्जन से अधिक पर्यटकों की मौत के मामले में भारत ने कड़ा रुख अख्तियार किया है। पाकिस्तान से आए चार आतंकियों द्वारा की गई अंधाधुंध फायरिंग में उत्तर प्रदेश, गुजरात, कर्नाटक, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, नेपाल, यूएई नेपाल और उड़ीसा के पर्यटक मौत का शिकार बने थे। इस कायराना आतंकी हमले के बाद पूरे देश में खासा आक्रोश है और देश का आवाम अब पाकिस्तान के विरुद्ध निर्णायक कार्रवाई की मांग कर रहा है। उधर,देश के आवाम की भावनाओं की कद्र करते हुए पीएम नरेंद्र मोदी ने भी पाकिस्तान के विरुद्ध कड़े कदम उठाते हुए आतंकियों को मुंहतोड़ जवाब देने का ऐलान किया है। इस कार्रवाई में पाकिस्तान के चैनलों को बेन करने के साथ-साथ सिंधु जल समझौते को इस स्थगित करने जैसे कदम शामिल है। पीएम नरेंद्र मोदी की अगुवाई में भारत ने इस बार आतंकियों के विरुद्ध संभावित सर्जिकल एवं एयर स्ट्राइक करने से पूर्व वाटर और डिजिटल "स्ट्राइक" की है। आतंकी हमले से गुस्साए भारत में सबसे पहले पाकिस्तान के विरुद्ध निर्णायक कार्रवाई के तहत वर्ष 1960 में हुए "सिंधु जल समझौते" को फिलहाल रोक दिया गया है। वर्ल्ड बैंक की मध्यस्थता के साथ वर्ष 1960 में भारत और पाकिस्तान के बीच सिंधु नदी के जल पर समझौता हुआ था। इस समझौते पर पाकिस्तान की करीब 80 प्रतिशत खेती निर्भर है। भारत के हालिया फैसले पर वर्ल्ड बैंक भी स्पष्ट कर चुका है कि उसकी मध्यस्थता के दौरान कुछ समय के लिए संस्थान सिग्नेटरी रहा है। लेकिन अब ये दो मुल्कों के बीच का मामला है। भारत ने भी पाकिस्तान को भेजे अपने पत्र में साफ किया है कि वर्तमान हालात में सिंधु जल समझौते को आगे बढ़ाया जाना संभव नहीं है। जिसके चलते गर्मी के इस मौसम के साथ-साथ आने वाले दिनों में पाकिस्तान को उसकी जरूरत के हिसाब से पानी मिलने में संभावित संकट सामने आना तय है। पानी की किल्लत से पाकिस्तान में खेती-किसानी प्रभावित होगी तथा लोगों को पीने के लिए भी उनकी जरूरत का पानी नहीं मिल सकेगा। रणनीति एवं सैन्य मामलों के जानकार भारत के इस कदम को आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान के विरुद्ध "वाटर स्ट्राइक" करार दे रहे हैं। जानकारों का यह भी कहना है कि सर्जिकल और एवं सर्जिकल स्ट्राइक की तुलना में भारत द्वारा की गई वाटर स्ट्राइक के दूरगामी में परिणाम होंगे। सिंधु जल समझौते के निरस्तीकरण के बाद पाकिस्तान में उत्पन्न होने वाले जल संकट से उसकी समस्या अर्थव्यवस्था एवं आर्थिक गतिविधियां भी बुरी तरह प्रभावित होगी। इसके साथ ही भारत में पाकिस्तान के विरुद्ध "डिजिटल स्ट्राइक" भी कर दी है। पहलगाम में आतंकी हमले के बाद में विदेशी मीडिया द्वारा गलत रिपोर्टिंग करने के मामले में भारत ने पाकिस्तान के करीब डेढ़ दर्जन न्यूज़ एवं यूट्यूब चैनलों को बैन किया है। इनमें जिओ न्यूज़, डॉन न्यूज़ ए आरआई न्यूज, बोल न्यूज़, सुनो न्यूज़, जीएनएन टीवी,समा टीवी एवं समा स्पोर्ट्स शामिल है। इसके साथ ही आरजू कासमी तथा शोएब अख्तर के यूट्यूब चैनलों को भी भारत में बैन किया गया है। यह सभी पाकिस्तानी चैनल अपने कंटेंट में भड़काऊ तथा सांप्रदायिक रूप से संवेदनशील सामग्री दिखा रहे थे तथा भारत के विरुद्ध दुष्प्रचार कर रहे थे। इसके साथ ही इन चैनलों द्वारा भारतीय सेवा और सुरक्षा एजेंसियों को निशाना बनाते हुए भ्रामक नैरेटिव भी सेट किया जा रहा है। भारत के विदेश मंत्रालय ने बीबीसी को भी पत्र लिखकर पहलगाम आतंकी हमले के दौरान की गई रिपोर्टिंग पर सख्त एतराज जताया है। इस संबंध में सरकार की ओर से भारत में बीबीसी के प्रमुख जैकी मार्टिन को पत्र भी लिखा गया है। पत्र में आतंकियों को चरमपंथी बताने पर गंभीर आपत्ति जताई गई है। यही नहीं, मंत्रालय ने बीबीसी की रिपोर्टिंग पर नजर रखने के लिए भी कहा है। भारत के गृह मंत्रालय की सिफारिश पर की गई इस कार्रवाई को इंटरनेशनल स्तर पर पाकिस्तान के विरुद्ध भारत की "डिजिटल स्ट्राइक" माना जा रहा है। भारत द्वारा की गई डिजिटल स्ट्राइक के तहत भारत विरोधी गतिविधियों और दुष्प्रचार पर नजर रखने के लिए गृह मंत्रालय और विदेश मंत्रालय के अधिकारियों की एक विशेष टीम बनाई गई है। यह टीम भारतीय और विदेशी डिजिटल मीडिया पर पहलगाम आतंकी हमले से जुड़ी सामग्री और ऑनलाइन गतिविधियों की जांच करेगी। इसके साथ ही टीम ऐसे लोगों की भी पहचान करेगी जो, भारत सरकार और सेना की नकारात्मक छवि पेश करने के लिए मनगढ़ंत और झूठे प्रचार में जुटी हुई है। सैन्य एवं कूटनीति के जानकारों का कहना है कि पहलगाम की वैसारन घाटी में हुआ यह हमला वर्ष 2019 में पुलवामा अटैक के बाद दूसरा सबसे बड़ा आतंकी हमला है। तब 14 फरवरी 2019 को आतंकवादी संगठन जैसे मोहम्मद के आत्मघाती हमलावर ने केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की गाड़ी को अपने निशाना बनाया था। जिसमें सीआरपीएफ के 40 जवान शहीद हुए थे। इससे पूर्व 18 सितंबर वर्ष 2016 उरी में आतंकी हमला हुआ था। जैश-ए-मोहमद द्वारा सेना की बिग्रेड पर किए गए इस हमले में 19 सैनिक शहीद हुए थे। बताते चलें कि इससे दो साल पूर्व रियासी में शिवखोड़ी से दर्शन करके लौट रहे श्रद्धालुयों की बस पर आतंकियों ने अंधाधुंध फायरिंग की थी। जिसमें कुल नो हिंदू दर्शनार्थियों की मौत हो गई थी। भारत में जहां पहले सिंधु जल समझौते को निरस्त करके तथा पाकिस्तान के चैनलों को बेन करके भारत के विरुद्ध वाटर एवं डिजिटल स्ट्राइक करके पाक के दुष्प्रचार को रोक दिया है। भारत का यह कदम सर्जिकल एवं एयर स्ट्राइक से पूर्व उठाया गया महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। रक्षा एवं सैन्य मामलों की जानकारों का कहना है की बहुत जल्दी ही भारत पाकिस्तान के विरुद्ध सर्जिकल अथवा एयर स्ट्राइक करेगा, जो पड़ोसी पाकिस्तान द्वारा पोषित आतंकवाद के विरुद्ध भारत का निर्णायक कदम होगा।

कटाक्ष | सुरेश मिश्र

*गायब सिर है बदन से,डालें ऐसी पोस्ट*
*सिर में उनके भरी है,गोबर की कंपोस्ट*
*गोबर की कंपोस्ट , देश है आग बबूला*
*पंजा झूल रहा है देशविरोधी झूला*
*कह सुरेश पूरा दल ही बन गया अजायब*
*सबसे सक्रिय को बतलाइ रहे हैं गायब*

# श्रम के महत्व को स्वीकार करने की आवश्यकता

**मानव सभ्यता के विकास में श्रम का योगदान अनमोल रहा है। प्राचीन काल से ही मानव ने अपनी मेहनत और बुद्धि के बल पर प्रकृति के साथ सामंजस्य स्थापित किया। चाहे वह पाषाण युग में औजारों का निर्माण हो, कृषि क्रांति के दौरान खेती की शुरुआत हो, या औद्योगिक क्रांति के समय मशीनों का विकास, श्रम ने हर युग में सभ्यता को नई दिशा दी। भारतीय संस्कृति में श्रम को उच्च स्थान प्राप्त है।**

भगवद्गीता में भगवान श्रीकृष्ण कर्मयोग की महत्ता बताते हैं, जहां कर्म (श्रम) को जीवन का आधार माना गया है। "कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन" का यह संदेश स्पष्ट करता है कि श्रम करना हमारा कर्तव्य है, और इसका महत्व फल की अपेक्षा से कहीं अधिक है। इसी तरह, भारतीय परंपराओं में कारीगरों, शिल्पियों, और मेहनतकश लोगों को हमेशा सम्मान दिया गया है। श्रम मानव जीवन का आधार है। यह न केवल व्यक्तिगत विकास और आत्मनिर्भरता का स्रोत है, बल्कि समाज के समग्र प्रगति और समृद्धि का भी मूलमंत्र है। श्रम के बिना न तो सभ्यता का विकास संभव है और न ही मानव समाज की उन्नति। फिर भी, आधुनिक समाज में श्रम के महत्व को पूरी तरह से स्वीकार करने में कमी देखी जाती है। कुछ लोग श्रम को केवल शारीरिक मेहनत तक सीमित मानते हैं, जबकि इसका दायरा इससे कहीं अधिक व्यापक है। श्रम का अर्थ केवल शारीरिक परिश्रम तक सीमित नहीं है। यह मानसिक, बौद्धिक, रचनात्मक और भावनात्मक प्रयासों को भी समेटता है। एक किसान जो खेतों में दिन-रात मेहनत करता है, एक वैज्ञानिक जो प्रयोगशाला में नए आविष्कारों के लिए कार्यरत है, एक शिक्षक जो विद्यार्थियों को ज्ञान प्रदान करता है, या एक माता-पिता जो अपने बच्चों के पालन-पोषण में समय और ऊर्जा लगाते हैं,ये सभी श्रम के विभिन्न रूप हैं। प्रत्येक कार्य, चाहे वह छोटा हो या बड़ा, समाज के लिए मूल्यवान है।श्रम का महत्व इसलिए भी है क्योंकि यह मानव को आत्मसम्मान और उद्देश्य प्रदान करता है। जब कोई व्यक्ति अपने प्रयासों से कुछ हासिल करता है, तो उसका आत्मविश्वास बढ़ता है और वह समाज में सकारात्मक योगदान दे पाता है। इसके विपरीत, श्रम के प्रति उदासीनता या अवहेलना न केवल व्यक्तिगत स्तर पर हानिकारक है, बल्कि सामाजिक स्तर पर भी अवनति का



कारण बन सकती है। आधुनिक समाज में तकनीकी प्रगति और स्वचालन ने श्रम के स्वरूप को बदल दिया है। एक ओर जहां मशीनें और कृत्रिम बुद्धिमत्ता ने मानव श्रम को आसान बनाया है, वहीं दूसरी ओर कुछ लोगों में यह भ्रांति उत्पन्न हुई है कि श्रम की आवश्यकता कम हो गई है। यह धारणा खतरनाक है, क्योंकि श्रम के बिना कोई भी समाज टिकाऊ ढंग से प्रगति नहीं कर सकता। साथ ही, आधुनिक समाज में श्रम को सामाजिक स्तर पर भेदभाव का सामना करना पड़ता है। कुछ कार्यों को उच्च और कुछ को निम्न माना जाता है। उदाहरण के लिए, एक कॉर्पोरेट कार्यालय में काम करने वाले व्यक्ति को समाज में अधिक सम्मान मिलता है, जबकि एक सफाई कर्मचारी या निर्माण मजदूर के श्रम को कम महत्व दिया जाता है। यह भेदभाव न केवल सामाजिक असमानता को बढ़ाता है, बल्कि श्रम के प्रति लोगों की मानसिकता को भी प्रभावित करता है। श्रम को समाज में पूर्ण स्वीकृति मिलना बहुत आवश्यक है। जब समाज सभी प्रकार के श्रम को समान रूप से महत्व देता है, तो सामाजिक भेदभाव कम होता है। प्रत्येक व्यक्ति, चाहे वह किसी भी पेशे में हो, अपने कार्य के लिए सम्मान प्राप्त करता है। यह सामाजिक एकता को बढ़ावा देता है और समाज में सकारात्मकता का संचार करता है। श्रम ही आर्थिक विकास का आधार है। जब समाज श्रम के महत्व को स्वीकार करता है, तो लोग अधिक मेहनत और लगन से काम करते हैं। इससे उत्पादकता बढ़ती है और अर्थव्यवस्था मजबूत होती है। विशेष रूप से विकासशील देशों में, जहां मानव संसाधन प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है, श्रम की स्वीकृति और प्रोत्साहन आर्थिक प्रगति को गति दे सकते हैं। आज की युवा पीढ़ी में कई बार मेहनत के प्रति उदासीनता देखी जाती है। यदि समाज श्रम के महत्व को प्रचारित करता है और मेहनतकश लोगों को सम्मान देता है, तो युवा इससे प्रेरित होंगे। वे अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए मेहनत करने के लिए प्रोत्साहित होंगे। श्रम केवल भौतिक लाभ तक सीमित नहीं है। यह व्यक्ति के नैतिक और आध्यात्मिक विकास में भी योगदान देता है। जब समाज श्रम को महत्व देता है, तो लोग अपने कार्य को कर्तव्य के रूप में देखते हैं, जिससे उनका जीवन अधिक सार्थक और उद्देश्यपूर्ण बनता है। श्रम के महत्व को समाज में स्थापित करने और इसे पूर्ण स्वीकृति दिलाने के लिए स्कूलों और कॉलेजों में बच्चों को श्रम के महत्व के बारे में पढ़ाया जाना चाहिए। उन्हें यह समझाना होगा कि प्रत्येक कार्य, चाहे वह शारीरिक हो या बौद्धिक, समाज के लिए महत्वपूर्ण है। साथ ही, शिक्षा प्रणाली में व्यावसायिक प्रशिक्षण को बढ़ावा देना चाहिए, ताकि युवा विभिन्न प्रकार के श्रम के लिए तैयार हों। समाज को उन रूढ़ियों को तोड़ना होगा जो कुछ कार्यों को निम्न मानती हैं। इसके लिए मीडिया, साहित्य, और सार्वजनिक मंचों का उपयोग करके सभी प्रकार के श्रम को सम्मान देने का संदेश प्रसारित किया जाना चाहिए। सरकार को श्रमिकों के लिए बेहतर नीतियां बनानी चाहिए, जैसे कि उचित वेतन, सुरक्षित कार्यस्थल, और सामाजिक सुरक्षा। इससे न केवल श्रमिकों का जीवन स्तर सुधरेगा, बल्कि समाज में श्रम के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण भी विकसित होगा। आज विश्व तेजी से बदल रहा है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता, स्वचालन, और तकनीकी प्रगति ने श्रम के स्वरूप को निश्चित रूप से प्रभावित किया है। लेकिन यह समझना महत्वपूर्ण है कि तकनीक श्रम का स्थान नहीं ले सकती; यह केवल श्रम को अधिक प्रभावी और कुशल बना सकती है। भविष्य में, समाज को श्रम के नए रूपों जैसे डेटा विश्लेषण, डिजिटल रचनात्मकता, और पर्यावरण संरक्षण से संबंधित कार्यों को भी स्वीकार करना होगा। श्रम मानव जीवन और समाज का आधार है। यह न केवल आर्थिक और सामाजिक प्रगति का स्रोत है, बल्कि व्यक्तिगत विकास और आत्मसम्मान का भी आधार है। समाज को श्रम के महत्व को पूर्ण रूप से स्वीकार करना होगा, ताकि प्रत्येक व्यक्ति अपने कार्य के लिए सम्मान प्राप्त कर सके और समाज में सकारात्मक बदलाव आ सके। शिक्षा, नीतिगत सुधार, और सामाजिक जागरूकता के माध्यम से हम एक ऐसे समाज का निर्माण कर सकते हैं जहां श्रम को उसका उचित स्थान मिले।

**– संदीप सृजन**

## बच्चों को प्रेरणा एवं प्रोत्साहन दें मां-बाप

बच्चों का पालन पोषण आज के ज़माने में कोई आसान नहीं है बल्कि उन्हें बचपन से ही सही दिशा दिखाने एवं उनके करियर संवारने के लिए माता-पिता को सजग रहना पड़ता है। एक ओर जहां उनके स्वास्थ्य एवं खान-पान पर ध्यान देना होता है वहीं उतना ही जरूरी है शिक्षा के क्षेत्र में उन्हें सही मार्गदर्शन देना एवं उनकी मदद करना। यदि बचपन से ही उन्हें सही शैक्षिक मार्गदर्शन मिल जाए तो इससे उनका आत्मविश्वास ही नहीं बढ़ता है अपितु उनके सीखने की ललक और क्षमता दोनों में ही अभिवृद्धि होती है। बच्चों को घर पर शैक्षिक गाइडेंस देने के लिए पेरेंट्स को उचित एवं व्यवहारिक रणनीतियाँ अपनानी चाहिएं, जिससे पढ़ाई मज़ेदार और प्रभावी हो सके। बिना पढ़ाई लिखाई के बच्चे का वर्तमान एवं भविष्य दोनों ही चौपट हो सकते हैं इसलिए उनकी शिक्षा दीक्षा पर माता-पिता को समुचित ध्यान देना चाहिए । बच्चों की पढ़ाई का समय एवं सीमा तय करते हुए व्यावहारिक होना बहुत ज़रूरी है। केवल एक आदर्शवादी टाइम टेबल बनाने से बात नहीं बनेगी बल्कि बच्चों की आयु, क्षमता, रुचि एवं एप्टीट्यूड देखकर रणनीति बनानी चाहिए। गृह कार्य में बच्चों के गृह कार्य एवं स्वाध्याय के लिए एक नियमित टाइमटेबल बनाएं ताकि पढ़ाई की आदत बने। इसमें खेलने और आराम का भी समय अवश्य शामिल करें ताकि संतुलन बना रहे। यदि आप बच्चे से हर समय पढ़ने की अपेक्षा करेंगे एवं उन्हें हर समय 'पढ़ लो, पढ़ लो' कहेंगें बच्चों पर अनावश्यक दबाव पड़ेगा एवं पढ़ाई में उसकी अरुचि भी विकसित हो सकती है। यह भी जरूरी है कि बीच-बीच में वे क्या पढ़ रहे हैं एवं उनकी क्या समस्या है इस पर भी जरूर ध्यान दें। उनके साथ मित्रवत व्यवहार करने की कोशिश करें लेकिन इतना भी नहीं कि वह आपकी बात मानने से ही इन्कार कर दे। कहावत है कि अध्ययन एवं चिंतन मनन के लिए एकांत स्थान का होना ज़रूरी है इसलिए बेहतर हो कि घर में एक कोना ऐसा रखें जहाँ बच्चे बिना किसी डिस्टरबेंस के पढ़ सकें। यदि घर में पर्याप्त स्थान है तो उनके लिए एक अलग स्टडी रूम या स्टडी टेबल की व्यवस्था ज़रूर करें। बच्चों को इस तरह का प्रशिक्षण भी जरूर दें कि



अपनी ज़रूरी स्टेशनरी, किताबें और नोट्स व्यवस्थित रखें। बच्चों को अपना बैग विद्यालय के टाइम टेबल के अनुसार लगाना ज़रूर सिखाएं अन्यथा बच्चा विद्यालय में भी काफी समय पुस्तकें ढूंढने एवं बैग को व्यवस्थित करने में ख़राब कर करेगा। एक आसान सा तरीका यह भी हो सकता है कि गृह कार्य करने के तुरंत बाद ही वह विद्यालय के अगले दिन के टाइम टेबल के अनुसार अपनी पुस्तकें एवं कॉपी तथा अन्य सामग्री बैग में व्यवस्थित कर ले। उसे यह भी प्रशिक्षण अवश्य दें कि विद्यालय में भी एक कालांश की पढ़ाई के बाद बच्चा कॉपी किताबें बैग में सबसे पीछे की ओर लगाता जाए जिससे हर बार आगे से किताबें,कॉपी एवं अन्य सामग्री आसानी से मिल जाएं। यदि यह रणनीति अपनाई जाएगी तो बच्चों को बार-बार बैग भी नहीं लगाना पड़ेगा। माता-पिता को चाहिए कि समय-समय पर कभी बच्चे से स्वयं अपना बैग चेक कराएं और कभी उसकी अनुपस्थिति में भी उसका बैग ज़रूर चेक करें ताकि उसके बैग में अनावश्यक या अवांछित वस्तुएं या कॉपी किताबें आदि अव्यवस्थित न रहें। बच्चे छोटे होते हैं इसलिए उनके लक्ष्य भी छोटे-छोटे से ही तय करें एक साथ बड़ा या दूरगामी लक्ष्य उन्हें न दें। बड़े - बड़े चैप्टर्स को छोटे-छोटे हिस्सों में बाँटें। रोज़ का एक छोटा लक्ष्य तय करें जिससे बच्चा बोझ महसूस न करे। अब वह ज़माना नहीं रहा जब सब कुछ आप स्कूल पर छोड़ देते थे । विद्यालय एवं शिक्षकों की भूमिका अब काफी सीमित हो गई है अतः बच्चों के अध्ययन में आपको भी सक्रिय होकर लगना पड़ेगा। चार्ट्स, नोट्स, फ्लैश काड्र्स, एक्टिविटीज़ और कहानियों से पढ़ाई में रुचि बढ़ाएं। वीडियोज़ और एजुकेशनल गेम्स का भी उपयोग कर सकते हैं । बच्चों की पीपीटी या प्रेजेंटेशन बनाने में तकनीकी मदद उनके उत्साह को दोगुना कर देगी। हालांकि आज के व्यस्तता भरे जीवन में बच्चों के अध्ययन में खुद को शामिल करना आसान काम नहीं है लेकिन फिर भी यथासंभव बच्चों के साथ मिलकर पढ़ें या होमवर्क में उनकी मदद करें।उनसे सवाल पूछें और उन्हें सीखने का मौका दें इससे उनका आत्मविश्वास बढ़ता है। बच्चों को पढ़ाते वक्त सबसे ज्यादा परीक्षा मां-बाप के धैर्य की होती है यदि बच्चा एक दो बार में समझाने पर नहीं समझ पा रहा है तो अपना टेंपर लूज न करें बल्कि थोड़े समय के लिए बच्चे को फ्री कर दें । उसे खुद करके देखने दें , केवल अपनी ही तकनीकी उस पर न थोपें कई बार आप देखेंगे बच्चा मां बाप से बेहतर अपने आप कर देता है। बच्चा जब कभी उत्साह से भरकर कोई कार्य करता है और आपको दिखाता है तो उसकी तारीफ़ करें, केवल अच्छे मार्क्स की रट न लगाए रखें । अक्सर देखने में आता है कि बच्चे अंक तो अच्छे ले आते हैं लेकिन व्यावहारिक एवं सामाजिक जीवन में में उतना अच्छा नहीं कर पाते इसलिए अंकों को बच्चों की योग्यता से न जोड़ें तो ही बेहतर होगा। ग़लती पर डाँटने की बजाय सुधारने का तरीका सिखाएँ। कम से कम सप्ताह में एक बार यह जानें कि बच्चा क्या सीख रहा है और कहाँ कठिनाई हो रही है। स्कूल टीचर्स के भी संपर्क में रहें। अधिकतर माता-पिता शिक्षक अभिभावक संगोष्ठी में इतनी हड़बड़ी में जाते हैं कि केवल साइन करके वहां से निकलना चाहते हैं और बच्चे के बारे में नकारात्मक सुनना नहीं चाहते इसलिए जब भी आप इन संगोष्ठियों में जाएं तो पर्याप्त समय लेकर जाएं एवं यदि बच्चे के बारे में कुछ नकारात्मक बताया जा रहा है तो उसे भी धैर्य पूर्वक सुनें एवं उसका क्या हल हो सकता है उसके बारे में शिक्षकों का मार्गदर्शन लें । यदि आप शिक्षक से सहमत नहीं है तो प्रशासनिक अधिकारियों से बात करें। बेशक पढ़ाई जरूरी है लेकिन इसका अर्थ यह नहीं कि आप बच्चे पर इतना प्रेशर डाल दें कि वह तनाव ग्रस्त रहने लगे या उसका मानसिक संतुलन बिगड़ जाए।

**– डॉ. घनश्याम बादल**

## खालिस्तानियों से मोह भंग!

कनाडा के संघीय चुनाव में एक बार फिर से जस्टिन ट्रूडो की लिबरल पार्टी ने जीत हासिल कर ली है। मार्क कार्नी, जिन्होंने जस्टिन ट्रूडो के इस्तीफे के बाद कनाडा के शासन को संभाला था, वो लिबरल्स की जीत के बाद फिर से देश के प्रधानमंत्री बनेंगे। हालांकि जस्टिन ट्रूडो के कार्यकाल में लिबरल पार्टी ने जनता का विश्वास खो दिया था लेकिन ट्रूडो के इस्तीफे और विपक्षी नेता पियरे पोइलिवर के बेहद खराब कैंपेन की वजह से मार्क कार्नी ने एक हारे हुए मैच को जीत में तब्दील कर दिया। लिबरल पार्टी ने डोनाल्ड ट्रंप के कनाडा विरोधी बयानबाजी को देश की संप्रभुता, अखंडता और राष्ट्रवाद से जोड़ दिया था, जिसका उन्हें जबरदस्त फायदा मिला। लिहाजा सवाल उठने लगे हैं कि जबकि कनाडा में एक बार फिर से लिबरल पार्टी की सरकार बनी है, क्या भारत के साथ संबंध सुधर पाएंगे? मार्क कार्नी ने पिछले दिनों भारत के साथ तनावपूर्ण संबंधों पर कहा था कि ''मैं संकट के समय सबसे उपयोगी होता हूं।'' उनके इस बयान को इस तरह से देखा गया है कि उनकी जीत नई दिल्ली और ओटावा के बीच द्विपक्षीय संबंधों में संभावित सुधार ला सकती है जो पूर्व प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के कार्यकाल में काफी हद तक खराब हो गए थे। अपने चुनावी कैम्पेन के दौरान मार्क कार्नी ने कई मंदिरों का दौरा किया था और भारतीय समुदाय से जुड़ने की इच्छा जताई थी। मार्क कार्नी ने इलेक्शन कैम्पेन के दौरान कहा था कि ''कनाडा जो करने की कोशिश कर रहा है, वह समान विचारधारा वाले देशों के साथ हमारे व्यापारिक संबंधों में विविधता लाना है और भारत के साथ संबंधों को फिर से बनाने के अवसर हैं। उस वाणिज्यिक संबंध के इर्द-गिर्द मूल्यों की साझा भावना होनी चाहिए और अगर मैं प्रधानमंत्री होता तो मैं इसे बनाने के अवसर की तरह देखता।'' मार्क कार्नी ने चुनाव अभियान के दौरान भारत को एक महत्वपूर्ण देश बताया था। इसके अलावा उन्होंने संकेत दिया था कि उनकी मंशा भारत के साथ संबंधों को सुधारने की है, खासकर कारोबारी संबंध को, क्योंकि कनाडा डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ युद्ध का नुकसान उठा रहा है। इसके अलावा मार्क कार्नी ने चुनावी कैम्पेन में अमेरिका के ऊपर से अपनी निर्भरता कम करने की बात कही थी, ऐसे में कनाडा के पास एक बड़े बाजार के तौर पर भारत ही बचता है, क्योंकि चीन के साथ उसके पहले से ही खराब संबंध हैं। मार्क कार्नी के प्रधानमंत्री बनने के बाद भारत और कनाडा के बीच सीईपीए पर फिर से बातचीत शुरू होने की संभावना बढ़ी है। ये एक ट्रेड डील है, जिसे ट्रूडो ने भारत से विवाद के बाद रोक दिया था। जून 2023 में ब्रिटिश कोलंबिया के सरे में एक गुरुद्वारे के बाहर कनाडा के नागरिक और खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के बाद भारत और कनाडा के संबंध बिगड़ने लगे थे। जस्टिन ट्रूडो ने हत्या का आरोप भारतीय एजेंट्स पर लगाए थे जिसके बाद भारत-कनाडा संबंध 2023 में अपने सबसे निचले स्तर पर पहुंच गए थे।

**– रामस्वरूप रावतसरे**

आज का कार्टून

साभार




## बाल विवाह: बचपन के सपनों पर सामाजिक पहरा

भारत में बाल विवाह आज भी एक बड़ी सामाजिक चुनौती बनी हुई है। यह सिर्फ एक परंपरा नहीं बल्कि लैंगिक असमानता, गरीबी, सामाजिक दबाव और असुरक्षा से जुड़ी एक गहरी समस्या भी है। विभिन्न स्तरों पर किए जा रहे प्रयासों के बावजूद देश में बाल विवाहों पर पूर्णतया अंकुश नहीं लग सका है। अक्षय तृतीया जैसे अबूझ सावे पर राजस्थान समेत देश के विभिन्न राज्यों में हजारों बच्चों को विवाह के बंधन में बांध दिया जाता है, इनमें दुधमुंहे बच्चे भी होते हैं। संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (यूनिसेफ) के अनुसार भारत में हर साल लगभग 15 लाख लड़कियों की 18 वर्ष से कम उम्र में शादी हो जाती है। इससे भारत दुनिया में सबसे अधिक बाल वधुओं वाला देश बन गया है, जहां वैश्विक संख्या का लगभग एक तिहाई हिस्सा है। बाल विवाह बच्चों के बुनियादी अधिकारों का गंभीर उल्लंघन है। छोटी उम्र में विवाह के कारण बच्चों का बचपन असमय समाप्त हो जाता है और वह शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा के अवसरों से वंचित हो जाते हैं। विवाह के बाद कम उम्र में ही लड़कियों पर पारिवारिक जिम्मेदारियां आ जाती हैं। स्कूल छोडऩे की मजबूरी, आर्थिक आत्म निर्भरता से वंचित होना, घरेलू हिंसा और यौन शोषण का बढ़ा हुआ खतरा उनकी जिंदगी का हिस्सा बन जाता है। बाल विवाह के बाद नाबालिग लड़कियों के गर्भधारण की संभावना भी बढ़ जाती है, जिससे प्रसव संबंधी जटिलताएं और मातृ मृत्यु दर में वृद्धि जैसी समस्याएं पैदा होती हैं। यह चिंता का विषय है कि बालिकाओं में कम उम्र में गर्भावस्था उनके शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर गंभीर असर डालती है। किशोरावस्था में शरीर पूरी तरह विकसित नहीं होता, जिससे गर्भावस्था और प्रसव के दौरान जटिलताएं बढ़ जाती हैं। प्रसव के दौरान रक्तस्राव, उच्च रक्तचाप, गर्भावस्था से संबंधित संक्रमण और शिशु मृत्यु जैसी घटनाएं सामने आती हैं। बाल विवाह केवल व्यक्तिगत नहीं, बल्कि सामाजिक स्तर पर भी नकारात्मक प्रभाव डाल रहा है। कम उम्र में विवाह के चलते लड़कियां शिक्षा अधूरी छोड़ देने पर मजबूर हो जाती हैं जिससे उनकी आर्थिक स्वतंत्रता सीमित रह जाती है। इससे पूरे समुदाय की सामाजिक और आर्थिक विकास प्रक्रिया प्रभावित होती है। इससे गरीबी, अशिक्षा और लैंगिक भेदभाव का दुष्चक्र बना रहता है। समाज की प्रगति में आधी आबादी की सहभागिता बाधित होने का परिणाम देश की समग्र विकास गति की धीमी पडऩे के रूप में सामने आता है। भारत में बाल विवाह निषेध के लिए कई कानूनी प्रावधान हैं। बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006 इसके विरुद्ध कानूनी आधार प्रदान करता है। सुप्रीम कोर्ट ने 18 अक्टूबर 2024 को महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए हैं जिसमें राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को जिला स्तर पर बाल विवाह निषेध अधिकारियों की नियुक्ति का आदेश दिया गया है। अदालत ने जिला कलेक्टरों और पुलिस अधीक्षकों को भी अपने जिलों में बाल विवाह रोकने के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का निर्देश दिया है लेकिन बड़ा सवाल यह है कि क्या इन निर्देशों की पूर्णतया पालना हो पा रही है? हमारे देश में बाल विवाहों पर पूर्णतया अंकुश की बात अभी तक एक सपना ही है मगर सकारात्मक पक्ष यह है कि देश में बाल विवाह की दर में धीरे-धीरे गिरावट आ रही है। सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं, कार्यक्रमों, माताओं की साक्षरता दर बढऩे, लड़कियों के लिए शिक्षा के अवसरों में वृद्धि, शहरीकरण और बाल विवाह के खतरों के बारे में जन जागरूकता बढऩे का इसमें बड़ा योगदान है। सरकार की 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' जैसी पहल ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। लड़कियों की शिक्षा सुनिश्चित करना सबसे प्रभावी तरीका है। अगर लड़कियां शिक्षित होंगी तो वह बाल विवाह से बचने और अपने अधिकारों के लिए आवाज उठाने में सक्षम होंगी। अनेक शिक्षित लड़कियों ने छोटी उम्र में अपने विवाह का प्रतिरोध करके इसे साबित भी किया है। सरकार को उन लड़कियों को सम्मानित करना चाहिए जिन्होंने शिक्षा और आत्म निर्भरता के रास्ते को चुना और बाल विवाह से बच गईं। इससे अन्य बालिकाओं को प्रेरणा मिलेगी। विभिन्न समुदायों में बाल विवाह के दुष्परिणामों के प्रति जागरूकता फैलानी होगी। इसमें धार्मिक नेताओं, पंचायत प्रतिनिधियों और सामाजिक संगठनों को इसमें सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए।

**– अमरपाल सिंह वर्मा**

# CM नीतीश कुमार ने गया को दिया 136 करोड़ के गेस्ट हाउस का तोहफा

## बेहद मामूली कीमत में मिलेंगे कमरे

महानगर नेटवर्क

**गया**

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बुधवार को गया जिले के बोधगया पहुंचे। यहां उन्होंने आठ एकड़ में करीब 136 करोड़ रुपये की लागत से बने स्टेट गेस्ट हाउस का उद्घाटन किया। उद्घाटन के बाद उन्होंने कहा कि यहां आने वाले लोगों को अब ठहरने की अच्छी सुविधा मिल सकेगी। महाबोधि मंदिर से महज एक किलोमीटर की दूरी पर बना यह सात मंजिला भव्य भवन अब वीआईपी गेस्ट्स और विदेशी टूरिस्ट्स के स्वागत में हर तरह की फैसिलिटी से लैस है।



**टूरिस्ट के स्टे के लिए एक बेहतर ऑप्शन होगा :** उद्घाटन के बाद पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि बाहर से जो लोग आएंगे, यहां रुकेंगे। पहले से यहां बेसिक फैसिलिटी थी लेकिन अब यह बहुत अच्छा हो गया।

### प्रेसिडेंशियल सुइट्स के साथ जिम और स्पा की सुविधा भी मिलेगी

यहां के विकास को लेकर तो काम हो रहा है। यहां तो हम बराबर आते रहे हैं। इस गेस्ट हाउस के हाई टेक फैसिलिटी के बाद टूरिज्म में भी बूस्ट होगा और वीआईपी या फॉरेन टूरिस्ट के स्टे के लिए यह एक बेहतर ऑप्शन होगा। जानकारी के अनुसार स्टेट गेस्ट हाउस 130 बिस्तरों वाला गेस्ट हाउस है, जिसमें भारत सरकार के क्राइटेरिया के अनुसार चार स्टार रेटिंग के बराबर सभी सुविधाएं हैं। गेस्ट हाउस में 30 बिस्तरों वाला डोरमेटरी, 10 सिंगल बेडरूम, 80 डबल बेडरूम, आठ वीआईपी सुइट्स और दो प्रेसिडेंशियल सुइट्स हैं। कमरों के साथ, स्विमिंग पूल, स्पा, जिम, बार, गेस्ट हाउस में दो रेस्तरां, 150 व्यक्तियों की क्षमता के साथ एक कॉन्फ्रेंस हॉल भी है। इसके अलावा एक एग्जिबिशन, को बिजनेस सेंटर, जरुरत के अनुसार सेवाएं, वॉकिंग और पार्किंग सुविधा भी प्रदान की गई हैं।

### 136 करोड़ में बनकर तैयार हुआ यह गेस्ट हाउस

इसका निर्माण आठ एकड़ में 136 करोड़ की लागत से हुआ है। यह स्थल महाबोधि कल्चरल सेंटर और विज्ञान केंद्र के बीच स्थित है। प्रेसिडेंशियल सुइट्स से पूर्व में महाबोधि मंदिर परिसर का स्पेशल सीन दिखाई देता है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ज्ञान की भूमि बोधगया स्थित महाबोधि मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने भगवान बुद्ध की पूजा अर्चना की।

# अक्षय तृतीया पर भागलपुर के अजगैबीनाथ धाम में उमड़ी भीड़

## श्रद्धालुओं ने गंगा में लगाई डुबकी, सुरक्षा व्यवस्था के लिए मुस्तैद रही पुलिस

**भागलपुर।** अक्षय तृतीया के अवसर पर बुधवार को भागलपुर के सुल्तानगंज स्थित अजगैबीनाथ धाम में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। बिहार और झारखंड समेत अन्य राज्यों से आए भक्तों ने उत्तरवाहिनी गंगा में आस्था की डुबकी लगाई। मान्यता है कि इस दिन गंगा स्नान कर गंगाजल से बाबा भोलेनाथ का अभिषेक करने से सारी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। नगर परिषद की ओर से घाट और शहर में विशेष साफ-सफाई अभियान चलाया गया। अंचल पदाधिकारी रवि कुमार की देखरेख में एसडीआरएफ की टीम को गंगा घाट पर तैनात किया गया, जिससे श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। पूरे आयोजन के दौरान श्रद्धालु शांतिपूर्ण और श्रद्धापूर्वक डुबकी लगाते नजर आए।

### सुबह से गंगा घाट पर श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू

सुबह से गंगा घाट पर श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया था। भक्त गंगा स्नान के बाद जल भरकर अजगैबीनाथ मंदिर पहुंचे और शिवलिंग पर जलार्पण कर सुख-शांति और समृद्धि की कामना की। कई श्रद्धालुओं ने मनोकामना पूरी होने पर गंगा घाट पर मुंडन संस्कार भी कराया। गंगा घाट और मंदिर परिसर में दिनभर भजन-कीर्तन और हर-हर महादेव के जयकारे गूंजते रहे। श्रद्धालुओं के उत्साह और भीड़ को देखते हुए प्रशासन की ओर से व्यापक इंतजाम किए गए थे। थानाध्यक्ष विवेक कुमार जायसवाल के नेतृत्व में गंगा घाट से लेकर मुख्य चौराहों तक सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए थे।



# गोलियों की तड़तड़ाहट से दहला पटना

## मोकामा में STF के साथ एनकाउंटर; 2 अपराधी अरेस्ट

**पटना।** पटना से बड़ी खबर आ रही है। पटना में एसटीएफ और अपराधियों के बीच मुठभेड़ हुई है। बताया जा रहा है कि पटना से सटेमोकामा के मेकरा दियारा में एसटीएफ और अपराधियों के बीच मुठभेड़ हुई है। इस एनकाउंटर में दो अपराधी गिरफ्तार हुए हैं। अपराधियों के पास से दो राइफल, देसी कट्टा एवं कई जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं। गिरफ्तार आरोपितों से एसटीएफ की टीम मोकामा थाने में पूछताछ कर रही है। पुलिस और अपराधियों के बीच हुए इस एनकाउंटर को लेकर कुछ मीडिया रिपोर्ट में बताया जा रहा है कि मुठभेड़ करीब 1 घंटे तक चली है। इस दौरान करीब 50-



60 राउंड गोलियां चलाए जाने का अनुमान है। यह भी कहा जा रहा है कि कुछ अपराधियों ने पहले गोली चलाई थी, जिसके बाद एसटीएफ ने मोर्चा संभाला और करारा जवाब दिया था। बहरहाल इस घटना के बाद से इलाके में सनसनी फैल गई है। पुलिस अभी मामले की छानबीन में जुटी हुई है।

# तीन मई को पटना में होगी राजद की रैली

**पटना।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) की ओर से तीन मई को अति पिछड़ा जगाओ - तेजस्वी सरकार बनाओ रैली आयोजित की जायेगी। राजद अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष अरविन्द कुमार सहनी ने बुधवार को कहा कि तीन मई को पटना के मिलर हाई स्कूल मैदान में अति पिछड़ा जगाओ -तेजस्वी सरकार बनाओ रैली के लिए राज्य के सभी जिलों में तैयारी जोर-जोर से चल रही है और बड़ी संख्या में लोग जोश-खरोश के साथ रैली में शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव के नेतृत्व में महागठबंधन सरकार ने जातीय गणना के बाद भागीदारी बढ़ाते हुए आरक्षण व्यवस्था को 65 प्रतिशत किए जाने को सरजमीन पर उतारा तथा अतिपिछड़ा समाज के लिए





आरक्षण व्यवस्था को 18 प्रतिशत से बढ़ाकर 25 प्रतिशत किए जाने का फैसला लिया गया था। उसको डबल इंजन की सरकार ने रोकने की साजिश की है। और आरक्षण की चोरी करते हुए अतिपिछड़ा समाज को बढ़े हुए आरक्षण का लाभ लेने से वंचित करने का कार्य किया है, इसके कारण अतिपिछड़ा समाज को सात प्रतिशत प्रतिशत आरक्षण में कम भागीदारी मिल रही है, जिसे अति पिछड़ा समाज कभी नहीं भुला सकता है।

श्री सहनी ने कहा कि जहां श्री तेजस्वी ने महिलाओं के लिए माई-बहिन मान योजना के तहत महागठबंधन सरकार बनने पर 2500 रूपये प्रतिमाह दिये जाने, सामाजिक सुरक्षा पेंशन 400 से बढ़ाकर 1500 किये जाने तथा 200 युनिट बिजली फ्री और रसोई गैस सिलेंडर 500 रूपये में दिये जाने का जो संकल्प लिया है इससे अतिपिछड़ा समाज को आर्थिक रूप से काफी फायदा होगा और साथ ही साथ अतिपिछड़ा समाज के राजनीतिक और सामाजिक उत्थान के प्रति जो राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव की की जो सोच रही है, उसे श्री तेजस्वी ने महागठबंधन सरकार बनने पर मजबूती प्रदान की। और सत्ता में भागीदारी देते हुए मंत्री के साथ-साथ बोर्ड और निगम में भी सम्मानजनक भागीदारी दी। इससे अति पिछड़ा समाज का विश्वास श्री लालू के विचार और श्री तेजस्वी के कार्य के प्रति और मजबूत हुआ है।

# एकतरफा प्यार में कांड पर कांड


## ● गोपालगंज में लड़की की हत्या, बक्सर में गोली प्रेमी ने गोली चलाई

**गोपालगंज।** एकतरफा प्यार का अंजाम कई बार खून-खराबे तक पहुंचा है। बिहार में भी इस एकतरफा प्यार में कांड पर कांड हुआ है। राज्य के दो जिलों में एकतरफा प्यार का अंजाम बेहद ही बुरा हुआ है। गोपालगंज में तो आशिक ने लड़की की बेरहमी से हत्या तय कर दी है। वहीं बक्सर में मौसरे भाई की करतूत जान कर आपके होश उड़ जाएंगे। पहले बात गोपालगंज जिले की। गोपालगंज जिले में स्थानीय थाने के बखरोर जद्दी गांव में युवती की हत्या की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है। युवती की हत्या उसके एक दूर के रिश्तेदार ने गला दबाकर 20 अप्रैल की रात में ही घर से बुलाकर कर दी थी। पहचान मिटाने के लिए उसके चेहरे पर एसिड डाल दिया था। शव को लीची बाग के पास के झाड़ी में फेंक कर फरार हो गया था। मृतका के मोबाइल को तोड़कर तालाब में फेंक दिया गया था। घटना का मुख्य आरोपित बृजकिशोर राम सिधवलिया थाने के सदोवा गांव का रहने वाला है । वह युवती का दूर का रिश्तेदार भी है। इस कांड में मुख्य आरोपित के एक फुफेरे भाई महम्मदपुर थाने के कुशहर गांव निवासी रौनक राम की भी गिरफ्तारी हुई है। मंगलवार की शाम बरौली थाने पर आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में जानकारी देते हुए एसडीपीओ अभय कुमार रंजन ने बताया कि मुख्य आरोपित बृजकिशोर राम युवती से एकतरफा प्यार करता था।

# बीजेपी के मिशन 2025 को धार देने पटना पहुंचे बीएल संतोष

## संघ नेताओं से लेकर पार्टी पदाधिकारियों संग बैठक

**पटना।** भाजपा के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष मंगलवार की देर रात पटना पहुंचे। बुधवार को वो आरएसएस के कार्यालय विजय निकेतन में संघ के नेताओं के साथ बैठक कर रहे हैं। इस बैठक में उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विजय कुमार सिन्हा, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष डॉ दिलीप जायसवाल सहित तमाम वरिष्ठ नेता मौजूद हैं। संघ कार्यालय में चल रही बैठक शाम सात बजे तक चलने की संभावना है। तीन दिवसीय दौरे पर बिहार आए बीएल संतोष गुरुवार को बिहार सरकार में शामिल भाजपा कोटे के मंत्री और प्रदेश पदाधिकारियों के



साथ भाजपा कार्यालय में बैठक करेंगे। बताया जा रहा है कि बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर बिहार भाजपा की ओर से चलाई जा रही सांगठनिक गतिविधियों को धार देने के लिए पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री बीएल संतोष पटना आए हैं। संतोष के दौरे का मुख्य लक्ष्य संगठन महापर्व की उपलब्धियों की समीक्षा के साथ भावी संगठनात्मक गतिविधियों का रोडमैप तैयार करना है। पार्टी के प्रदेश पदाधिकारियों के साथ ही नीतीश सरकार में शामिल भाजपा कोटे के मंत्रियों के कामकाज से संबंधित प्रदर्शन का आकलन कोर ग्रुप की बैठक में करेंगे। वे अपने दौरे में न केवल सरकार और संगठन के काम की थाह लेंगे, बल्कि संगठन के पदाधिकारियों एवं सरकार के मंत्रियों के साथ भी बात करेंगे। लोकसभा चुनाव के दौरान जिन छह सीटों पर एनडीए की हार हुई थी, उनसे संबंधित विधानसभा क्षेत्रों में जीत सुनिश्चित करने को लेकर रणनीति बनेगी।

# दरभंगा में बाइक को रौंदते हुए 20 फीट नीचे गिरी कार

**मुजफ्फरपुर।** दरभंगा-मुजफ्फरपुर उच्च पथ- 27 पर कंसी ईंट भट्ठा के पास बुधवार की सुबह एक कार ने बाइक में ठोकर मार दी। जोरदार ठोकर के बाद बाइक और कार डिवाइडर को तोड़ते हुए सड़क से करीब 20 फीट नीचे गड्ढे में पलट गई। इस घटना में कार सवार दो लोग जख्मी होने के बावजूद मौके से भाग निकले, जबकि बाइक सवार युवक की मौत हो गई। मौके पर पहुंची सिमरी पुलिस ने लाश को जब्त कर पोस्टमार्टम के लिए डीएमसीएच भेज दिया। मृतक की पहचान मोरो थाने के सरैया रतनपुरा निवासी रौनक इस्लाम के पुत्र अब्दुल रहमान के रूप में की गई है। बताया गया है कि कार मुजफ्फरपुर से दरभंगा की ओर जा रही थी। इसी दौरान दरभंगा के भीगो से रतनपुरा जा रही बाइक से आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई। ठोकर लगने के बाद दोनों वाहन उच्च पथ से दक्षिण लगभग 20 फीट नीचे गड्ढे में पलटकर क्षतिग्रस्त हो गये। घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में लोग मौके पर जमा हो गए। सिमरी पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंच गई। स्थानीय ग्रामीणों की मदद से बाइक सवार अब्दुल रहमान को मृत अवस्था में गड्ढे से बाहर निकालकर कर पोस्टमार्टम के लिए डीएमसीएच भेज दिया गया। वहीं, कार चालक मौके पर मौजूद नहीं था। स्थानीय लोगों का कहना है कि कार पर सवार दो लोग चोटिल थे, जो घटनास्थल से फरार हो गये।

# दरभंगा में जिस दुल्हन का हुआ था 'अपहरण' उसने जारी किया वीडियो, कर दिया बड़ा खुलासा

**दरभंगा।** दरभंगा से शनिवार (26 अप्रैल, 2025) को एक खबर सामने आई थी कि एक दुल्हन का अपहरण कर लिया गया है। अब इस मामले में नया एंगल सामने आया है। अपहृत दुल्हन ने अपने प्रेमी के साथ एक वीडियो बनाकर जारी किया है। इस वीडियो में लड़की माला ने यह साफ कर दिया कि उसका अपहरण नहीं हुआ है,बल्कि उसने अपने प्रेमी मनीष यादव के साथ शादी कर ली है। प्रेमी के संग बनाए गए वीडियो में माला ने कहा कि उन दोनों ने अपनी मर्जी से शादी की है। उस पर कोई दबाव नहीं है। अपहरण की बात को भी लड़की ने झूठा बताया। उसने बताया कि उसकी शादी पहले संजय राम के साथ हुई थी। इससे वह खुश नहीं थी। घर वालों



को उसने बताया था कि वह कहीं और शादी करना चाहती है लेकिन घर वाले नहीं माने। जबरदस्ती उसकी शादी किसी और से करवा दी। प्रेमिका ने घटना के दिन का जिक्र करते हुए कहा कि 26 तारीख को उसकी विदाई थी। उस दिन जब वह विदाई के बाद जा रही थी तो फोन कर उसने मनीष को बताया था। मनीष रास्ते में आया था। इसके बाद वह गाड़ी से उतर कर उसके साथ चली गई थी।

### पिस्टल के बल पर दुल्हन के अपहरण की आई थी बात

बता दें कि 25 अप्रैल को माला की शादी हुई थी। 26 तारीख को जब लड़की की विदाई हुई थी तो सकतपुर थाना क्षेत्र से उसका अपहरण हो गया था। हालांकि लड़की ने इसे अब झूठा बताया है। जब अपहरण की खबर सामने आई थी तो यह कहा गया था कि चार बाइक से आठ बदमाश सवार होकर आए थे और पिस्टल के बल पर लड़की का अपहरण करके लेकर चले गए। इस घटना के बाद लड़की के परिजन ने पुलिस से शिकायत की थी।

उसने वीडियो में यह भी बताया कि मनीष के पास कोई हथियार नहीं था। प्रेमी-प्रेमिका ने बताया कि 28 अप्रैल 2025 को उन लोगों ने कोर्ट में शादी कर ली है।

**व्यापार**

# हर महीने 307 करोड़ का झटका: पाक एयरस्पेस बंद होने से भारत की विमान कंपनियों पर असर

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर भारत ने कुछ सख्त कदम उठाए हैं, तो पाकिस्तान ने भी इस पर जवाबी कार्रवाई की है. इनमें से एक है पाकिस्तान का भारतीय विमान कंपनियों के लिए अपना एयरस्पेस बंद करना। यानी कि भारतीय विमान पाकिस्तान के ऊपर से उड़कर दूसरे देश नहीं जा पाएंगे। हालांकि,पाकिस्तान के इस फैसले के चलते भारतीय एयरलाइनों को अपनी उड़ानों के संचालन के लिए हफ्ते में लगभग 77 करोड़ रुपए का अतिरिक्त खर्च उठाना पड़ रहा



है। पाकिस्तान का एयर स्पेस बंद होने के कारण कई देशों के सफर के लिए विमानों को वैकल्पिक रूट का सहारा लेना पड़ रहा है। इससे ईंधन पर अधिक खर्च बैठ रहा है और वक्त भी ज्यादा लग रहा है। उत्तर भारत से अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों की संख्या और बढ़ी हुई समय सीमा के आधार पर न्यूज एजेंसी पीटीआई ने बताया कि ऑपरेशनल कॉस्ट महीने का 307 करोड़ रुपये से अधिक बैठ सकता है। एक सीनियर एयरलाइन एक्जीक्यूटिव के हवाले से पीटीआई ने अपनी रिपोर्ट में कहा, नॉर्थ अमेरिका जाने के लिए इंटरनेशनल फ्लाइट्स को अब 1.5 घंटे का अतिरिक्त समय लग रहा है। ऐसे में अनशिड्यूल्ड टेक्नीकल हॉल्ट के चलते हर फ्लाइट 29 लाख रुपये तक का कॉस्ट बढ़ सकता है. इसमें ईंधन, लैंडिंग और पार्किंग शुल्क शामिल हैं। यूरोपीय रूट्स के लिए भी 1.5 घंटे का अतिरिक्त समय लग रहा है, जिससे प्रति उड़ान लगभग 22.5 लाख रुपये तक का कॉस्ट बढ़ सकता है. जबकि मिडिल ईस्ट जाने वाली फ्लाइट्स में 45 मिनट तक की देरी हो रही है, जिससे प्रति उड़ान लगभग 5 लाख रुपये का एक्स्ट्रा ऑपरेशनल खर्च बैठ रहा है।

# एनएआर-इंडिया ने राष्ट्रव्यापी निर्देश जारी किए

NATIONAL ASSOCIATION OF REALTORS - INDIA
CREDIBLE VOICE OF REALTORS

**मुंबई।** एक ऐतिहासिक और तत्काल कदम उठाते हुए, पूरे भारत में रेरा-पंजीकृत और लाइसेंस प्राप्त रियल एस्टेट पेशेवरों का प्रतिनिधित्व करने वाले शीर्ष निकाय नेशनल एसोसिएशन ऑफ रियल्टर्स-इंडिया (एनएआर-इंडिया) ने औपचारिक रूप से मैजिकब्रिक्स रियल्टी सर्विसेज लिमिटेड के खिलाफ गैर-सगाई और असहयोग का निर्देश जारी किया है। यह अभूतपूर्व कार्रवाई मैजिकब्रिक्स द्वारा हाल ही में जारी किए गए वीडियो के मद्देनजर आई है,जिसकी रियल एस्टेट ब्रोकरों का अनादर करने,गलत तरीके से प्रस्तुत करने और हाशिए पर रखने के लिए रियल एस्टेट क्षेत्र में व्यापक रूप से आलोचना की जा रही है। इसके बावजूद कि प्लेटफॉर्म की नींव ब्रोकर-जनरेटेड लिस्टिंग और राजस्व पर बनाई जा रही है। एनएआर-भारत का अपने सदस्यों के लिए निर्देश (तत्काल प्रभाव से) मैजिकब्रिक्स के साथ सभी लिस्टिंग,विज्ञापन और व्यावसायिक लेनदेन बंद कर दें। जब तक एक औपचारिक सार्वजनिक माफी और लिखित प्रतिबद्धता जारी नहीं की जाती है, तब तक मंच के साथ सभी जुड़ाव से बचें। गलत सूचना का मुकाबला करने के लिए लाइसेंस प्राप्त दलालों की महत्वपूर्ण और विनियमित भूमिका के बारे में ग्राहकों और उपभोक्ताओं को सक्रिय रूप से शिक्षित करें।

# अक्षय तृतीया पर सोने और चांदी के दाम में गिरावट



**नई दिल्ली।** 30 अप्रैल को अक्षय तृतीया पर सोने और चांदी में गिरावट दर्ज की गई । इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (IBJA) के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 322 गिरकर 95,689 पर आ गया है। इससे पहले 10 ग्राम सोने की कीमत 96,011 थी। वहीं, एक किलो चांदी की कीमत 1,340 कम होकर 96,050 प्रति किलो हो गई है। इससे पहले चांदी का भाव 97,390 प्रति किलो था। वहीं सोने ने 21 अप्रैल को 99,100 का और 28 मार्च को चांदी ने 1,00,934 का ऑल टाइम हाई बनाया था। बुधवार को अक्षय तृतीया मनाई गई। इस दिन हमारे देश में सोना खरीदना शुभ माना जाता है। ऐसे में लोग इस दिन सोने की खरीदारी करते हैं। कई लोग इस सोच के साथ सोना खरीदते हैं कि बुरे वक्त में वे इसका इस्तेमाल कर सकेंगे।

# सेंसेक्स 46 अंक गिरकर 80,242 पर बंद

**मुंबई।** हफ्ते के तीसरे कारोबारी दिन आज यानी 30 अप्रैल को शेयर बाजार में मामूली गिरावट रही। सेंसेक्स 46 अंक गिरकर 80,242 पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 2 अंक की गिरावट रही, ये 24,334 बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 18 में गिरावट रही। आज फाइनेंशियल और बैंकिंग शेयर्स में ज्यादा गिरावट देखने को मिली। बजाज फिनसर्व और बजाज फाइनेंस के शेयर 5% से ज्यादा गिरे हैं। इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन (IOC) ने वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही (Q4FY25) में 2,18,899 करोड़ रुपए की कुल कमाई की है। यह पिछले साल के 1.19% कम है। पिछले साल की समान तिमाही में कंपनी ने 2,21,533 करोड़ रुपए की कमाई की थी।


# अडाणी पावर का चौथी तिमाही में मुनाफा 4% घटा

**नई दिल्ली।** अडाणी ग्रुप की कंपनी अडाणी पावर लिमिटेड की चौथी तिमाही में टोटल इनकम 14,536 करोड़ रुपए रही। ये पिछले साल की तुलना में 4.7% ज्यादा है। कंपनी की इस कमाई में ऑपरेशन से रेवेन्यू 14,237 करोड़ रुपए रहा। वहीं जनवरी से मार्च तिमाही में कंपनी का टोटल खर्च 11,274 करोड़ रुपए और टोटल टैक्स 662 करोड़ रुपए रहा।

टोटल इनकम में से खर्च, टैक्स और अन्य खर्चे घटा दें, तो कंपनी को चौथी तिमाही में 2,637 करोड़ रुपए का कॉन्सोलिडेटेड नेट प्रॉफिट हुआ। ये पिछले साल की तुलना में 4% घटा है। अडाणी पावर ने बुधवार (30 अप्रैल) को जनवरी-मार्च तिमाही (Q4FY25, चौथी तिमाही) के नतीजे जारी किए हैं।

# इंडियन ऑयल का मुनाफा 153% बढ़कर 7,265 करोड़

**मुंबई।** इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन (IOC) ने वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही (Q4FY25) में 2,18,899 करोड़ रुपए की कुल कमाई की है। यह पिछले साल के मुकाबले 1.19% कम है। पिछले साल की समान तिमाही में कंपनी ने 2,21,533 करोड़ रुपए की कमाई की थी। वहीं, पिछली तिमाही के मुकाबले इसमें कोई बदलाव नहीं हुआ है। कुल कमाई में से सैलरी, टैक्स, कच्चे माल की कीमत जैसे खर्चें निकाल दें तो कंपनी के पास 7,265 करोड़ रुपए शुद्ध मुनाफे (स्टैंडअलोन नेट प्रॉफिट) के रूप में बचे। पिछली तिमाही यानी अक्टूबर-दिसंबर के





मुकाबले यह 153% ज्यादा है। वहीं, सालाना आधार (2024 के जनवरी-मार्च) पर 50.17% बढ़ा है। चौथी तिमाही में इंडियन ऑयल ने अपने संचालन और प्रोडक्ट-सर्विस बेचकर 2,17,725 करोड़ रुपए का राजस्व यानी रेवेन्यू जनरेट किया। सालाना आधार पर यह 1% कम हुआ है। जनवरी-मार्च 2024 में कंपनी ने 2,19,876 करोड़ रुपए का रेवेन्यू जनरेट किया था।

# एचपीसीएल और एडनॉक ट्रेडिंग ने प्रथम एलएनजी ट्रेडिंग आपूर्ति समझौते पर हस्ताक्षर किए

**मुंबई।** भारत की अग्रणी ऊर्जा कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) तथा कच्चे तेल, एलएनजी और अन्य उत्पादों के अग्रणी व्यवसायी संगठन एडनॉक ट्रेडिंग ने एलएनजी ट्रेडिंग आपूर्ति समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। यह समझौता दोनों संगठनों के बीच कार्यनीतिक साझेदारी में एक महत्वपूर्ण कदम है जो ऊर्जा सुरक्षा एवं संधारणीयता को संवर्धित करता है। पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी एचपीसीएल एलएनजी लिमिटेड द्वारा हाल ही में आरंभ छारा एलएनजी टर्मिनल पर एलएनजी प्राप्त



की जाएगी, ताकि एचपीसीएल की कैप्टिव मांग को पूरा किया जा सके और अन्य डाउनस्ट्रीम ग्राहकों को इसका विपणन भी किया जा सके। वर्तमान में छारा एलएनजी टर्मिनल में दो समान आकार के एलएनजी टैंकों में 400,000 घनमीटर एलएनजी की सकल भंडारण क्षमता के साथ कुल 5 एमएमटीपीए की पुनर्गैसीकरण क्षमता है । एचपीसीएल और एडनॉक ट्रेडिंग के बीच यह समझौता भारत एवं यूएई के बीच गहरे होते आर्थिक संबंधों को रेखांकित करता है जो भारत के ऊर्जा परिवर्तन में सहायता करने में एलएनजी की भूमिका को बल प्रदान करेगा। यह साझेदारी एडनॉक ट्रेडिंग को एचपीसीएल के लिए एक प्रमुख आपूर्तिकर्ता के रूप में स्थापित करती है जिससे भारत के प्रमुख ऊर्जा संगठनों को अपने आपूर्ति पोर्टफोलियो में विविधता लाने तथा दीर्घकालिक ऊर्जा समाधान प्राप्त करने में मदद मिलेगी।

**महानगर मीडिया नेटवर्क प्रा. लिमिटेड** के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अंतेश आर सिंह द्वारा, महानगर मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 501, ओमेगा हाउस, हीरानंदानी गार्डन्स, पवई, मुंबई-400076 से प्रकाशित एवं **डांगट मीडिया प्रा.लि.**, 22, दीघा एम आई डी सी, टी टी सी इंडस्ट्रियल एरिया, विष्णु नगर, दीघा, नवी मुंबई - 400708 में मुद्रित। ● फोन नंबर: 022-25705039 ईमेल : hmahanagar@gmail.com
● कार्यकारी संपादक : राघवेंद्र नाथ द्विवेदी* (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)

# अनाथ बच्चों के विकास को प्रतिबद्ध सरकार

**महानगर संवाददाता**
**लखनऊ**

उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने राज्य के अनाथ, बेसहारा और कठिन हालात में जीवन जी रहे बच्चों के लिए एक बड़ी पहल की है। मुख्यमंत्री बाल आश्रय योजना के तहत सरकार अब प्रदेश के 10 जिलों में ऐसे बच्चों के लिए सुरक्षित और सुविधायुक्त आश्रय गृह बनाएगी। इन बाल आश्रय गृहों में बच्चों को न सिर्फ रहने की सुविधा मिलेगी, बल्कि उनके पोषण, शिक्षा, स्वास्थ्य और कौशल विकास का भी पूरा ध्यान रखा जाएगा।

महिला कल्याण विभाग की ओर से चलाई जा रही इस योजना में पहले चरण में वाराणसी, गोरखपुर, लखनऊ, अयोध्या, अमेठी, मथुरा, फिरोजाबाद, बस्ती, झांसी और कानपुर देहात जिलों में 100-100 बच्चों की क्षमता वाले कुल 10 बाल गृह बनाए जाएंगे। इनमें से एक बालिका गृह, एक बालक गृह, सात किशोर संप्रेक्षण गृह (जिनमें किशोर न्याय बोर्ड भी शामिल होगा) और एक 'प्लेस ऑफ सेफ्टी' गृह स्थापित होगा. इन सभी भवनों का निर्माण राज्य सरकार करीब 100 करोड़ रुपये की लागत से कराएगी।



## यूपी में बेसहारा बच्चों को मिलेगा आश्रय स्थल

सरकार चाहती है कि कोई भी बच्चा भूखा, अशिक्षित या असुरक्षित न रहे। इसके लिए इन गृहों में बच्चों को गर्म और पौष्टिक खाना, पढ़ाई की अच्छी व्यवस्था, खेलकूद और मानसिक स्वास्थ्य के लिए काउंसलिंग जैसी सुविधाएं दी जाएंगी। साथ ही, उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए हुनरमंद बनाने वाले कौशल प्रशिक्षण भी दिए जाएंगे। डॉक्यूमेंट्स के अनुसार, उत्तर प्रदेश में हजारों ऐसे बच्चे हैं जो या तो माता-पिता से बिछड़ गए हैं, या उन्हें किसी ने अपनाया नहीं है। ऐसे बच्चों के लिए यह योजना जीवन में नई उम्मीद और नया रास्ता खोल सकती है। इससे पहले 'ऑपरेशन कायाकल्प', 'मिड-डे मील योजना में पोषण सुधार', और सरकारी स्कूलों में बुनियादी सुविधाओं के विकास जैसे कार्यक्रमों के जरिए बच्चों की शिक्षा और स्वास्थ्य को बेहतर बनाने का प्रयास किया गया है। मुख्यमंत्री बाल आश्रय योजना उसी कड़ी का एक और मजबूत कदम है। सरकार का कहना है कि यह सिर्फ एक योजना नहीं, बल्कि हर उस बच्चे के लिए एक नई जिंदगी की शुरुआत है, जिसे समाज ने अब तक नजरअंदाज किया है। इस पहल से यूपी न सिर्फ देश के दूसरे राज्यों के लिए उदाहरण पेश करेगा, बल्कि इन मासूम बच्चों को भी एक सुरक्षित और उज्जवल भविष्य मिलेगा।

## जाति जनगणना का निर्णय अभूतपूर्व : सीएम

**लखनऊ।** यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जाति जनगणना कराने के निर्णय का स्वागत करते हुए इसे एक अभूतपूर्व निर्णय बताया है। एक्स पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए सीएम योगी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि 140 करोड़ देशवासियों के समग्र हित में आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सीसीपीए द्वारा जाति जनगणना को आगामी जनगणना में शामिल किए जाने का निर्णय अभूतपूर्व एवं स्वागत योग्य है। वंचित, पिछड़े और उपेक्षित वर्गों को सही पहचान और सरकारी योजनाओं में उनकी उचित भागीदारी दिलाने की दिशा में यह एक निर्णायक पहल है। प्रधानमंत्री जी का हार्दिक आभार, जिनके नेतृत्व में भाजपा सरकार ने सामाजिक न्याय और डेटा-आधारित सुशासन को वास्तविकता में बदलने का यह ऐतिहासिक निर्णय लिया है।

## अमेठी दौरे पर पहुंचे राहुल गांधी

# ऑर्डिनेंस फैक्टरी और ओपन हार्ट सर्जरी थिएटर का किया निरीक्षण

**महानगर संवाददाता**
**अमेठी**

लोकसभा चुनाव 2024 के बाद लगभग दस महीने के लंबे अंतराल के बाद लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी सोमवार को एक दिवसीय दौरे पर अमेठी पहुंचे। दौरे के दौरान राहुल गांधी का जगह-जगह भव्य स्वागत हुआ और कांग्रेस कार्यकर्ताओं में जबरदस्त जोश देखने को मिला। उन्होंने कोरवा स्थित ऑर्डिनेंस फैक्टरी में निर्मित हथियारों का निरीक्षण किया और मुंशीगंज स्थित संजय गांधी अस्पताल परिसर में ओपन हार्ट सर्जरी ऑपरेशन थिएटर का उद्घाटन किया। राहुल गांधी का काफिला सबसे पहले अमेठी के कोरवा स्थित ऑर्डिनेंस फैक्टरी पहुंचा। जहां उन्होंने फैक्टरी में बन रहे घरेलू हथियारों और तकनीकी उपकरणों की जानकारी ली। फैक्टरी अधिकारियों ने उन्हें



उत्पादन प्रक्रिया और रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में उठाए गए कदमों की जानकारी दी।

संजय गांधी अस्पताल में हृदय रोगियों को मिलने वाली सुविधाओं का निरीक्षण करने के बाद राहुल गांधी मुंशीगंज स्थित संजय गांधी अस्पताल पहुंचे जहां उन्होंने ओपन हार्ट सर्जरी ऑपरेशन थिएटर का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि अब हृदय रोग से पीड़ित मरीजों को लखनऊ या अन्य शहरों में जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। अमेठी में ही अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधा उपलब्ध होगी। राहुल गांधी ने जिले के सीनियर कांग्रेस कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने की अपील की। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि वे ग्राम पंचायत से लेकर जिला स्तर तक पार्टी को सक्रिय करें और ऐसे लोग आगे आएं जो समय देकर संगठन को मजबूती प्रदान कर सकें।

### जातीय जनगणना पर केपी मौर्य बोले

# दशकों से इसका इंतजार था

**महानगर संवाददाता**
**लखनऊ**

केंद्र सरकार ने बुधवार को फैसला किया कि आगामी जनगणना में जातिगत गणना को 'पारदर्शी' तरीके से शामिल किया जाएगा। अब इस पर उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने प्रतिक्रिया देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का शुक्रिया अदा किया है।

सोशल मीडिया साइट एक्स पर केशव ने लिखा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जातीय जनगणना का फ़ैसला ऐतिहासिक है। समूचा दलित आदिवासी पिछड़ा समाज उनके इस फ़ैसले का तहेदिल से स्वागत करता है। दशकों से इसका इंतज़ार था।



यह उन नेताओं के लिए भी एक सबक है जो जातीय जनगणना का राग तो बहुत अलापते थे, लेकिन दशकों तक सत्ता में रहने पर उनके दल इस मुद्दे पर कंबल ओढ़कर सो जाते थे। जाति भारतीय राजनीति की सच्चाई है और जातीय जनगणना इसकी धुरी। लोकतंत्र इससे मज़बूत होगा। ज़मीनी राजनीति के धुरंधर नेता मोदी जी इस ज़मीनी सच्चाई से वाक़िफ़ हैं। उन्होंने अपने इस फ़ैसले से देशवासियों का हृदय छू लिया है। उनको हृदय से आभार।

राजनीतिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति द्वारा लिए गए निर्णयों की घोषणा करते हुए केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि जनगणना केंद्र के अधिकार क्षेत्र में आती है लेकिन कुछ राज्यों ने सर्वेक्षण के नाम पर जाति गणना की है। वैष्णव ने आरोप लगाया कि विपक्षी दलों द्वारा शासित राज्यों ने राजनीतिक कारणों से जाति आधारित सर्वेक्षण कराया गया है। आगामी अखिल भारतीय जनगणना प्रक्रिया में जातिगत गणना को पारदर्शी तरीके से शामिल किया जाएगा।

# मणिकर्णिका कुंड के जल से बाबा विश्वनाथ का अभिषेक


**वाराणसी।** अक्षय तृतीया के पावन पर्व पर श्री काशी विश्वनाथ धाम में बाबा की मंगला आरती में चक्र पुष्करणी मणिकर्णिका कुंड के जल से अभिषेक किया गया। इस दौरान मंत्रोच्चार से धाम गूंज उठा। बता दें कि वैशाख शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को अक्षय तृतीया कहा जाता है। इस दिन सूर्य और चंद्रमा दोनों ही अपनी उच्च राशि में स्थित होते हैं, अतः दोनों की सम्मिलित कृपा का फल अक्षय हो जाता है। अक्षय का अर्थ होता है जिसका क्षय न हो। माना जाता है कि इस तिथि को किए गए कार्यों के परिणाम का क्षय नहीं होता, इसी क्रम में श्री काशी विश्वनाथ के चरणों में 11 गगरा चक्र पुष्करणी कुंड का जल अर्पित किया गया। अक्षय तृतीया के अवसर पर श्री काशी विश्वनाथ धाम स्थित श्रीहरि विष्णु के बद्रीनारायण स्वरूप का भव्य एवं दिव्य श्रृंगार किया गया। इस अवसर पर श्री काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास द्वारा सनातन परंपरा का निर्वाह करते हुए एक और महत्वपूर्ण पहल की गई। अक्षय तृतीया यानी बुधवार से पवित्र श्रावण मास तक भगवान श्रीकाशी विश्वनाथ के विग्रह पर "कुंवरा" की स्थापना की गई। हर साल की तरह ये श्रद्धालुओं के बीच सनातन आस्था की जीवंत परंपरा को सुदृढ़ करता है।

# 60 जिलों में आंधी के साथ बारिश की चेतावनी, वज्रपात का अलर्ट

**महानगर संवाददाता**
**लखनऊ**

उत्तर प्रदेश में अगले एक हफ्ते तक गरज-चमक संग बूंदाबांदी और तेज हवाओं का दौर देखने को मिलेगा। इन झोंकेदार हवाओं की रफ्तार 40 से 50 किमी प्रति घंटे तक जा सकती है। बारिश और हवाओं के असर से अधितम तापमान में अभी और गिरावट देखने को मिलेगी।

आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि वर्तमान में दक्षिणी-पश्चिमी राजस्थान के ऊपर एक शुष्क रखा मौजूद है। यह केरल तक जा रही है। इसके अग्रभाग के प्रभाव में पूरा उत्तर प्रदेश आ रहा है। साथ ही एक शक्तिशाली पश्चिमी



विक्षोभ सक्रिय है। बंगाल की खाड़ी से आ रही नमीयुग पूर्वा हवाओं और दक्षिणी-पश्चिमी हवाओं के आपस में समागम होने के साथ ही चक्रवाती परिसंचरण के परिणाम स्वरूप उत्तर प्रदेश में अगले एक सप्ताह के लिए मौसम प्रभावित रहने वाला है।

## इन जिलों में गरज चमक संग वज्रपात होने की संभावना

कौशांबी, प्रयागराज, फतेहपुर, प्रतापगढ़, सोनभद्र, मिर्जापुर, चंदौली, वाराणसी, भदोही, जौनपुर, गाजीपुर, आजमगढ़, मऊ, बलिया, देवरिया, गोरखपुर, संत कबीर नगर, बस्ती, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थनगर, गोंडा, बलरामपुर, श्रावस्ती. बहराइच, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, हरदोई, फरुखाबाद, कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर, उन्नाव, लखनऊ, बाराबंकी, रायबरेली, अमेठी, सुल्तानपुर, अयोध्या, अम्बेडकर नगर, सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बागपत, मेरठ, गाजियाबाद, हापुड, कासगंज, एटा, मैनपुरी, इटावा, औरैया, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, संभल, बदायूं एवं आसपास के इलाकों में गरज चमक संग वज्रपात होने की संभावना है।

# देश के दुश्मनों को मिलेगा करारा जवाब : डिप्टी सीएम पाठक



**अंबेडकरनगर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगरपुर का निरीक्षण करने पहुंचे डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने पहलगाम आतंकी हमले पर कहा कि देश के दुश्मनों को करारा जवाब दिया जाएगा। उनके सहयोगी भी बख्शे नहीं जाएंगे। प्रदेश में चार-चार बार सपा की सरकार रही, तब गुंडई, अराजकता चरम पर थी। सपा नेताओं के संरक्षण में जमीनों पर कब्जा किया जाता था। सरकारी ठेकों में लूट-खसोट चलती थी। आज हमारी सरकार में कानून व्यवस्था का राज है। गुंडे-माफिया प्रदेश छोड़कर जा चुके हैं। बेटियां पूरी तरह से सुरक्षित हैं। रात में 12 बजे भी वह बेखौफ होकर घर से निकल सकती हैं। ब्रजेश पाठक ने सीएचसी नगरपुर पहुंचकर पांच गर्भवती महिलाओं कुसुम लता, पूजा, सृष्टि, मंगिता, रुचि की गोद भराई की। तीन लाभार्थियों सीता देवी, शीला देवी, मंगरा को आयुष्मान कार्ड वितरित किया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के क्षय रोग कक्ष, ओपीडी कक्ष, आईपीडी कक्ष, लेबर रूम, टीकाकरण कक्ष का जायजा लिया। मरीजों से वार्ता कर वहां उपलब्ध सुविधाओं की भी जानकारी ली। 30 शैया मातृ एवं शिशु कल्याण केंद्र का जायजा लिया। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। इस दौरान डिप्टी सीएम ने निर्देश दिया कि अस्पताल में जो भी दिक्कतें हैं उनको दूर किया जाए। अपर निदेशक स्वास्थ्य अयोध्या मंडल को निर्देशित किया कि सभी अस्पतालों की गहन समीक्षा करके रिपोर्ट एक सप्ताह में प्रेषित करें। सभी अस्पतालों की फायर सेफ्टी ऑडिट कराकर रिपोर्ट भेजें, ताकि जहां फायर सेफ्टी के इंतजाम नहीं हैं वहां काम कराया जाए। समीक्षा बैठक के बाद मीडिया से वार्ता करते हुए उन्होंने बताया कि कई अस्पतालों में दिक्कतों को दूर करने के निर्देश दिए हैं। अपर निदेशक स्वास्थ्य अयोध्या मंडल से कमियों पर एक सप्ताह में रिपोर्ट मांगी है।

# सपा सांसद रामजीलाल की अर्जी पर सुनवाई 28 मई को



**प्रयागराज।** सपा के राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन की अर्जी पर 28 मई को सुनवाई होगी। बुधवार को रामजीलाल की अर्जी पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने दोनों पक्षों के वकीलों के तर्कों को सुना। साथ ही राज्य सरकार और केंद्र सरकार से जवाब मांगा है। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति राजीव गुप्ता और न्यायमूर्ति हरवीर सिंह की अदालत कर रही है। सुनवाई के दौरान रामजीलाल सुमन के अधिवक्ता इमरान उल्लाह ने अदालत में तर्क दिया कि राज्यसभा में सांसद रामजीलाल सुमन ने जो बयान दिया था उसको रिकॉर्ड से हटा दिया गया है। बावजूद इसके मीडिया उस बयान को कैसे चला रही है। रामजीलाल के अधिवक्ता ने यह भी कहा कि खुलेआम अलग संगठनों द्वारा रामजीलाल सुमन को धमकियां दी जा रही हैं, लेकिन उस पर कोई कार्रवाई न होना यह साबित करता है कि संगठनों को राज्य सरकार का संरक्षण प्राप्त है। रामजीला सुमन पर लगातार हमले हो रहे हैं। हमें आशंका है कि सांसद की हत्या भी हो सकती है। सोशल मीडिया पर वायरल है कि रामजीलाल की जुबान काटने के लिए एक करोड़ रुपये की सुपारी दी गई है।

# बाबा साहेब के साथ पोस्टर पर अखिलेश ने मानी गलती

**महानगर संवाददाता**
**लखनऊ**

उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने पोस्टर और फोटो पर बयान दिया है जिसमें उनको और बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर को आधा-आधा दिखाया गया था। राज्य में बहुजन समाज पार्टी, भारतीय जनता पार्टी द्वारा इसका विरोध होने के बाद सपा बैकफुट पर आ गई थी। अब इस पर खुद सपा चीफ ने बयान दिया है। बलिया में उन्होंने कहा कि लालचंद गौतम को हम समझाएंगे कि भविष्य में किसी भी नेता के साथ या किसी भी महापुरुष के साथ इस तरह की तस्वीर नहीं बनाएं, लेकिन क्या भारतीय जनता पार्टी के लोग अपने नेता को समझाएंगे?



इसके अलावा अखिलेश ने मांग की है कि अग्निवीर व्यवस्था खत्म हो जाए क्योंकि हमारे बागी बलिया के तमाम नौजवान ये चाहते हैं। सीएम योगी का नाम लिए बिना अखिलेश ने कहा कि कोई वस्त्र से योगी नहीं होता, विचार से योगी होता है। और लगता है इनके बुलडोजर का स्टेरिंग किसी और के हाथ में है आजकल। पहलगाम आतंकी हमले के संदर्भ में अखिलेश ने कहा कि समाजवादी पार्टी, देश के सभी राजनीतिक दल और पूरी देश की जनता सरकार के साथ है। सरकार जो ठोस कदम उठाना चाहे, वह उठाए।

अखिलेश ने कहा कि पूरा देश दुनिया देख रहा है कि आखिरकार आतंकवादी हमारे घर कैसे आ गए? शहीदों के परिवार की मदद 10 करोड़ से की जाए, सरकारी नौकरी दी जाए। राज्यसभा सांसद रामजी लाल पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा कि ये लोग कुछ दिन पहले टायर फेंक रहे थे और सुमन जी की जान लेना चाह रहे थे, नंगी तलवार हमने अपने सबने देखी। जब राजनीति हम लोग करने के लिए आए हैं तो जोखिम उठाने के लिए आए हैं।

# सोख्ता गड्ढे में डूबकर बालक की मौत



**अयोध्या।** यूपी के अयोध्या में मंगलवार शाम करीब 3:30 बजे सोख्ता गड्ढे में गिरकर बालक की मौत हो गई। हादसा उस समय हुआ जब बालक घर के बाहर खेल रहा था। घटना कुमारगंज के हरदोईया पूरे पंडाइन की है। गांव निवासी शिवशंकर के चार वर्षीय पुत्र अनमोल की मौत हुई है। काफी देर तक न दिखने पर उसकी मां संजू उसे खोजने लगीं। पता न चलने पर पति को जानकारी दी। जानकारी होते ही शिवशंकर मोहल्ले के अन्य लोगों के साथ खोजबीन में जुट गए। रात करीब 9:30 बजे लोगों ने बांस के डंडे को सोख्ता गड्ढे में डालकर घुमाया तो अनमोल की शर्ट उसमे फंस गई। ऊपर खींचने पर उसका शव दिखाई दिया। शव देखते ही परिवार में कोहराम मच गया। अनमोल मां-बाप की बड़ी संतान था। उनके एक छोटी बेटी रिया है। चौकी प्रभारी चिलबिली आशीष सिंह ने बताया कि परिजनों ने किसी कार्यवाही से इंकार कर दिया तो शव का पंचनामा करके परिजनों को सौंप दिया गया। सोख्ता गड्ढा करीब 15 वर्ष पूर्व गांवसभा की ओर से बनवाया गया था। इसका ढक्कन टूटने के कारण यह घटना हुई है।

# साहिल-मुस्कान की जमानत अर्जी खारिज

## 19 मार्च से जिला कारागार में हैं बंद

**महानगर संवाददाता**
**मेरठ**

मेरठ में सौरभ की हत्या करने वाली उसकी पत्नी मुस्कान रस्तोगी और प्रेमी साहिल शुक्ला ने जमानत मांगी है। उनकी वकील रेखा जैन की तरफ से कोर्ट में अर्जी दी गई है। इसमें उन्होंने अपने मुस्कान और साहिल को जमानत पर जेल से छोड़ने की अपील की है। आज कोर्ट ने इस पर सुनवाई करते हुए दोनों की जमानत अर्जी को खारिज कर दिया है। मामले की सुनवाई के लिए अदालत ने अगली तारीख नौ मई दी है।

मुस्कान और साहिल ने नृशंस तरीके से सौरभ की हत्या की थी।



इसके बाद उसकी लाश के 3 टुकड़े कर नीले ड्रम में डालकर उस पर सीमेंट का घोल कर दिया था। ब्रह्मपुरी पुलिस के सामने दोनों ने सौरभ की हत्या करने की बात भी कबूल की है। जिसके बाद दोनों शिमला, मनाली घूमने के लिए गए थे। ब्रह्मपुरी पुलिस ने इस मामले में मुकदमा दर्ज कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया था। मुस्कान और साहिल 19 मार्च से जिला कारागार में बंद हैं। सरकारी अधिवक्ता रेखा जैन ने 24 अप्रैल को मुस्कान साहिल की जमानत के लिए दी एप्लीकेशन में जमानत का मुख्य आधार हत्या के काफी समय बाद मुकदमा दर्ज होने को बनाया है। उन्होंने कहा कि हत्या का कोई चश्मदीद गवाह नहीं है, जो साबित करता हो कि हत्या मुस्कान और साहिल ने की है। सरकारी वकील की जमानत अर्जी पर ब्रह्मपुरी पुलिस ने जमानत नहीं देने की टिप्पणी भी लिखकर दी है। वहीं अदालत ने मामले की सुनवाई करते हुए जमानत अर्जी खारिज कर दी और अगली सुनवाई के लिए नौ मई की तारीख नियत की है।

# रेलवे स्टेशन पर मौजूद चोर एक माह की बच्ची लेकर भागा

**जौनपुर।** रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म पर सो रहे दम्पति के बगल सो रही एक माह की मासूम बच्ची को चोर लेकर भाग रहा था कि लोगों ने पीछा कर लिया। चोर बच्ची को लेकर तालाब में घुस गया। सूचना पर पुलिस भी पहुंच गयी। आरपीएफ एवं जीआरपी के जवान चोर को बच्ची के साथ बाहर निकाला। इस दौरान बच्ची बेहोश हो गयी। जीआरपी प्रभारी प्रमोद गुप्ता साथ लेकर राजकीय चिकित्सालय पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने बच्ची को मृत घोषित कर दिया।

अम्बेडकर नगर जनपद के जलालपुर थानांतर्गत शाहपुर गांव निवासी करिया लोना अपनी पत्नी लालमनि व दों बच्चों के साथ आजमगढ़ जाने के लिए स्टेशन पर ट्रेन का इंतजार कर रहे थे। प्लेटफार्म संख्या चार व पांच के बीच देर रात लगभग डेढ़ बजे एक बच्चा चोर बगल सो रही एक माह कि बच्ची बाबी को लेकर भागने लगा। रोने की आवाज सुन जगे दम्पति ने शोर मचा पीछा किया। चोर प्लेटफार्म नं छह के निकल बगल स्थित तालाब में जा घुसा। आनन-फानन में जीआरपी इंचार्ज प्रमोद गुप्ता एवं आरपीएफ इंस्पेक्टर सुनील कुमार दिवाकर जवानों संग पहुंच तालाब से दोनों को बाहर निकाला। बाहर आने के बाद बच्ची बेहोशी की हालत में थी। राजकीय चिकित्सालय में चिकित्सकों ने बाबी को मृत घोषित कर दिया।

# सुभासपा से 200 नेताओं ने दिया इस्तीफा

**महानगर संवाददाता**
**लखनऊ**

उत्तर प्रदेश में सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी को तगड़ा झटका लगा है। इस्तीफा देने वाले नेताओं में से कुछ ने योगी सरकार में मंत्री और सुभासपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर पर गंभीर आरोप लगाए हैं। जानकारी के अनुसार पार्टी से 200 नेताओं ने इस्तीफा दे दिया है।

जानकारी के अनुसार सुभासपा के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के तमाम बड़े पदाधिकारियों ने एक साथ इस्तीफा दे दिया। यूपी के अलग-अलग मंडलों में सुभासपा के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के 200 से ज्यादा मुस्लिम पदाधिकारियों ने इस्तीफा दिया है। इस्तीफा देने वाले सभी पदाधिकारी आज राष्ट्रीय क्रांतिकारी

## ओपी राजभर पर लगाए गंभीर आरोप



समाजवादी पार्टी जॉइन करेंगे। इस्तीफा देने वालों में से एक अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के पूर्व संगठन मंत्री जाफर नकवी ने ओपी राजभर पर गंभीर आरोप लगाए हैं. उन्होंने कहा कि लगातार मुस्लिमों को टारगेट करने के मामले को लेकर सुभासपा संगठन में बगावत हुई है। दावा है कि सुभासपा के कई मुस्लिम नेताओं और कार्यकर्ताओं ने ओम प्रकाश राजभर से नाराज़ होकर पार्टी छोड़ी है। एक पत्र में कहा गया कि राजभर लगातार सहयोगी दल होने के बावजूद अल्पसंख्यक की आवाज़ दबा रहे हैं। पत्र में आरोप है की मज़ारों और वैध मदरसों पर हो रही कार्यवाही पर भी ओपी राजभर खामोश हैं. इन मामलों में भी राजभर मुसलमान के खिलाफ बोल रहे हैं। इस्तीफा देने वालों ने मांग की है कि उन्हें यूपी में अल्पसंख्यक विभाग के मुखिया के पद से हटा दिया जाए। उन्होंने कहा कि राजभर को किसी से कोई खतरा नहीं है। उनको रुतबा बढ़ाने के लिए केंद्र से सुरक्षा चाहिए। इस्तीफा देने वालों के मुताबिक मोदी सरकार में मुसलमानों की स्तिथि बेहतर हुई है।

# पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में एक घायल, दो को दौड़कर दबोचा

**कुशीनगर।** क्षेत्र में मंगलवार को बाइक सवार तीन बदमाशों और पुलिस के बीच मुठभेड़ हुई। इसमें एक बदमाश के पैर में गोली लगी जबकि भाग रहे दो बदमाशों को पुलिस ने दौड़ाकर दबोच लिया। घायल बदमाश को पुलिस ने कप्तानगंज सीएचसी पर भर्ती कराया है। तीनों बदमाश स्थानीय कस्बे के ही रहने वाले हैं। अपनी आपराधिक पृष्टिभूमि का धौंस जमाकर लोगों से वसूली करना इनका पेशा हैं, इनके गैंग में कस्बे के कई युवक शामिल हैं, जो पुलिस की रडार पर हैं। एसपी संतोष मिश्रा ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली कि आपराधिक प्रवृति के तीन बदमाश एक बाइक पर सवार होकर जा रहे हैं। कप्तानगंज,



कोतवाली हाटा तथा अहिरौली बाजार थाने की संयुक्त टीम सक्रिय हुई और कप्तानगंज थाना क्षेत्र के हसनगंज से कोटवा सड़क के बीच घेराबंदी कर वाहनों की चेकिंग करने लगी। इस दौरान एक बाइक पर तीन लोग सवार होकर आते दिखाई दिए। पुलिस टीम ने रोकने का प्रयास किया तो बाइक पर पीछे बैठे दो युवक पुलिस पर जान से मारने की नियत से फायरिंग करने लगे। खुद का बचाव करते हुए पुलिस की जवाबी फायरिंग में एक बदमाश के पैर में गोली लग गई।

# मामी संग मिलकर मामा को उतारा मौत के घाट, आरोपी भांजा गिरफ्तार

**महानगर संवाददाता**
**बिजनौर**

जिले के एक जंगल से सोमवार को बरामद किये गये फारुख नाम के एक व्यक्ति के गोली लगे शव के मामले के संबंध में मृतक की पत्नी और उसके भांजे को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि फारुख का शव किरतपुर थानाक्षेत्र के रामपुर आशा गांव के जंगलों से बरामद किया गया और मामले की जांच में सामने आया कि फारुख की हत्या कथित तौर पर उसके भांजे ने अपने दोस्त के साथ मिलकर की थी।

अपर पुलिस अधीक्षक संजीव



बाजपेयी ने बताया कि फारुख की पत्नी के अपने भांजे के साथ अवैध संबंध थे और उसकी हत्या की साजिश मामी-भांजे ने मिलकर रची थी। बाजपेयी ने बताया कि दो लोग फारुख को मोटरसाइकिल पर बैठाकर जंगल लाए थे और उसकी हत्या करने के बाद वहां से भाग गये थे। उन्होंने बताया कि फारुख का शव 28 अप्रैल को बरामद किया गया था। अधिकारी ने बताया कि इस मामले में मृतक के भाई नईम ने भांजे मेहरबान और उसके साथी उमर के खिलाफ नामजद शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि मुखबिर की सूचना पर मंगलवार देर रात पुलिस ने अमन कालोनी के पास मोटरसाइकिल सवार मेहरबान और उमर को रुकने का इशारा किया लेकिन दोनों ने पुलिसकर्मियों पर गोली चला दी, जिसके बाद जवाबी कार्रवाई में मेहरबान के पैर में गोली लगी और वह घायल हो गया। पुलिस ने दोनों आरोपियों के पास से दो तमंचे और मृतक की मोटरसाइकिल व मोबाइल फोन जब्त कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया।

# कांग्रेस ने लगातार उठाई जाति जनगणना की मांग

**महानगर नेटवर्क**

**नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हुई कैबिनेट बैठक में देश में जाति जनगणना करवाने का फैसला लिया गया है। कांग्रेस ने कहा है कि सरकार ने यह फैसला उनकी पार्टी द्वारा लगातार उठाई गई मांग के बाद किया है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा, "भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने लगातार जातिगत जनगणना की मांग उठाई थी, जिसके सबसे मुखर पक्षधर राहुल गांधी रहे। आज मोदी सरकार ने Census के साथ जातिगत जनगणना कराने की घोषणा की है। ये सही कदम है जिसकी हम पहले दिन से मांग कर रहे थे। मैंने कई बार इसे संसद में उठाया और प्रधानमंत्री जी को पत्र भी लिखा। INDIA गठबंधन के नेताओं ने भी कई बार जातिगत जनगणना की मांग की है और लोकसभा चुनाव में ये अहम मुद्दा बना। बार-बार प्रधानमंत्री मोदी जी सामाजिक न्याय



की इस नीति को लागू करने से बचते रहे और विपक्ष पर समाज को बांटने का झूठा आरोप लगाते रहे।"

### हमारे दवाब के कारण बीजेपी ने लिया फैसला : अखिलेश

अखिलेश यादव ने कहा, "जाति जनगणना का फैसला 90 फीसदी पीडीए की एकजुटता की 100 फीसदी जीत है। हम सबके सम्मिलित दबाव से बीजेपी सरकार मजबूरन ये निर्णय लेने को बाध्य हुई है। सामाजिक न्याय की लड़ाई में ये पीडीए की जीत का एक अतिमहत्वपूर्ण चरण है। बीजेपी सरकार को ये चेतावनी है कि अपनी चुनावी धांधली को जाति जनगणना से दूर रखे। एक ईमानदार जनगणना ही हर जाति को अपनी-अपनी जनसंख्या के अनुपात में अपना वो अधिकार और हक दिलवाएगी, जिस पर अब तक वर्चस्ववादी फन मारकर बैठे थे।"

### मुसलमानों के पिछड़ेपन का डेटा उपलब्ध कराया जाए : ओवैसी

असदुद्दीन ओवैसी ने कहा, "समय की मांग है कि मुसलमानों के पिछड़ेपन के बारे में उचित डेटा उपलब्ध कराया जाए, जिसमें मुसलमानों के बीच विभिन्न जातियां/समूह शामिल हों। NSSO और अन्य डेटा स्पष्ट रूप से दर्शाते हैं कि मुसलमान आर्थिक, सामाजिक और शैक्षिक रूप से पिछड़े हैं। बीजेपी ने दलित मुसलमानों के लिए एससी-स्थिति का विरोध किया है। इसने पिछड़े मुसलमानों के लिए आरक्षण का भी विरोध किया है।"

# पहलगाम आतंकवादी हमले में जान गंवाने वालों को दिलाएंगे शहीद का दर्जा : राहुल

**महानगर नेटवर्क**

**कानपुर**

यूपी में दो दिन के दौरे पर आए रायबरेली से सांसद राहुल गांधी बुधवार को पहलगाम हमले में मारे गए शुभम के घर कानपुर पहुंचे। राहुल गांधी ने यहां परिजनों से मुलाकात की। इस दौरान राहुल गांधी ने शुभम को श्रद्धांजलि दी। जैसे ही राहुल गांधी पर शुभम की पत्नी ऐशन्या की नजर पड़ी तो वह रोने लगी। इस पर राहुल गांधी ने ऐशन्या को गले लगाकर सांत्वना दी। राहुल गांधी ने पहलगाम हमले के बारे में पूछा। इस पर ऐशन्या ने बताया कि कैसे शुभम की आतंकवादियों ने गोली मारकर हत्या कर दी। ऐशन्या बोली, पहलगाम में कोई सिक्योरिटी नहीं थी। आतंकवादी आए और धर्म पूछ कर गोलियां बरसाने लगे। इस दौरान राहुल गांधी ने शुभम के परिजनों को हर संभव मदद दिलाने का भरोसा भी दिलाया। इस दौरान राहुल गांधी ने पलगाम आतंकवादी हमले में अपनी जान गंवाने वालों के लिए एक विशेष सत्र बुलाए जाने की भी बात कही। राहुल गांधी ने कहा, वह खुद प्रधानमंत्री से व्यक्तिगत



मिलेंगे। शुभम को शहीद का दर्जा दिलाए जाने के मुद्दे को संसद में उठाएंगे। इसके बाद शुभम के परिजनों ने राहुल गांधी से कहा, पिता को आपने भी खोया है इसलिए आपसे बेहतर हमारा दर्द कोई नहीं समझेगा। इस पर राहुल गांधी भावुक हो गए। उन्होंने कहा, मेरी दादी आज पीएम होतीं तो पाकिस्तान को अब तक करारा जवाब मिल चुका होता। राहुल गांधी शुभम के घर करीब 28 मिनट तक रुके इसके बाद वह चकेरी एयरपोर्ट से दिल्ली के लिए रवाना हो गए। राहुल गांधी से मिलने के बाद मृतक शुभम द्विवेदी के पिता संजय द्विवेदी ने कहा, शुभम को शहीद का दर्जा दिया जाए। राहुल गांधी ने कहा कि उन्होंने संसद में विशेष सत्र के लिए पीएम को पत्र लिखा है। प्रियंका गांधी ने भी वीडियो कॉल पर मुझसे बात की और कहा कि मेरी मांगें सही हैं।

# असम और मेघालय के बीच नए हाईवे के निर्माण को मंजूरी

**महानगर नेटवर्क**

**नई दिल्ली**

केंद्र सरकार की कैबिनेट की बैठक में बुधवार को कई अहम फैसले लिए गए हैं। सरकार ने असम और मेघालय के बीच नए हाईवे के निर्माण को मंजूरी दी है। यह हाईवे सिलचर से शिलॉन्ग तक बनेगा। इसका निर्माण नॉर्थ ईस्ट कॉरिडोर के तहत किया जा रहा है। इसके अलावा गन्ने के एफआरपी को बढ़ाने का एलान किया गया है। गन्ने की नई एफआरपी 355 रुपए प्रति कुंटल की गई है। वहीं मोदी सरकार आगामी मूल जनगणना के साथ जाति जनगणना कराने का भी एलान किया है। बुधवार को केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इसकी जानकारी दी।

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मेघालय के मावलिंगखुंग से असम के पंचग्राम तक 22,864 करोड़ रुपये की कुल लागत से 166.80 किलोमीटर लंबे राजमार्ग के निर्माण की बुधवार को मंजूरी दे दी। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, इस राजमार्ग परियोजना



का 144.80 किलोमीटर लंबा हिस्सा मेघालय और 22 किलोमीटर लंबा हिस्सा असम में स्थित है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति की बैठक में यह फैसला किया गया।

सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने संवाददाताओं से कहा कि मंत्रिमंडल ने मेघालय में मावलिंगखुंग (शिलांग के पास) से असम में पंचग्राम (सिलचर के पास) तक राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-06 के 166.80 किलोमीटर लंबे चार लेन वाले मार्ग के विकास, रखरखाव और प्रबंधन के प्रस्ताव को हाइब्रिड एन्युटी मोड पर मंजूरी दे दी है। इस परियोजना की कुल पूंजी लागत 22,864 करोड़ रुपये है। प्रस्तावित हाई-स्पीड गलियारा गुवाहाटी से सिलचर के बीच चलने वाले यातायात के लिए सेवा स्तर में सुधार करेगा। इसके विकास से त्रिपुरा, मिजोरम, मणिपुर और असम के बराक घाटी क्षेत्र की मुख्य भूमि और गुवाहाटी से सड़क संपर्क में सुधार होगा और यात्रा की दूरी एवं यात्रा के समय में काफी कमी आएगी।

# कीव की खनिज संपदा पर चल गया "ट्रंप कार्ड"



**महानगर नेटवर्क**

**कीव**

रूस के खिलाफ युद्ध में अमेरिका की मदद लेने की कीमत अब यूक्रेन को बड़े पैमाने पर चुकानी पड़ रही है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दबाव के चलते यूक्रेन अब अमेरिका के साथ उस बहुप्रतीक्षित समझौते पर हस्ताक्षर करने को तैयार हो गया है, जिसे लेकर दोनों देशों में काफी समय से सहमति नहीं बन पा रही थी। ट्रंप और यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की की पहली मुलाकात के दौरान ही इस मुद्दे पर दोनों देशों में डील होने की उम्मीद थी, मगर तब दोनों राष्ट्राध्यक्षों के बीच रूस के साथ युद्ध के मुद्दे पर कड़ी और तीखी बहस हो जाने के बाद यह मामला टल गया था। आपको बता दें कि यूक्रेन अब अमेरिका के साथ खनिज समझौता करने को तैयार हो गया है। इसके तहत यूक्रेन को पूर्व में दी गई सैन्य मदद के बदले अब अमेरिका कीव के बहुमूल्य खनिज संपदाओं का दोहन करेगा। यूक्रेनी अधिकारियों ने कहा कि कीव बुधवार को अमेरिका के साथ बहुप्रतीक्षित खनिज संसाधन समझौते पर हस्ताक्षर करने के लिए तैयार है।

# अब मजदूर का बच्चा मजदूर नहीं रहेगा : छगन लोन्हारे

**महानगर नेटवर्क**

**रायपुर**

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा श्रमिकों एवं उनके परिजनों की बेहतरी के लिए कई योजनाएं संचालित की जा रही है। इन योजनाओं के माध्यम से श्रमिकों की सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति को बेहतर बनाने के लिए लगातार आर्थिक मदद दी जा रही है। श्रम विभाग के तीनों मंडल-छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार मंडल, छ.ग. असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल एवं छ.ग. श्रम कल्याण मंडल के माध्यम से योजनाओं का सफल क्रियान्वयन हो रहा है। इसी का परिणाम है कि बीते सवा साल में श्रमिकों को विभिन्न योजनाओं के माध्यम से लगभग 500 करोड़ रूपए



डीबीटी के माध्यम से उनके खाते में अंतरित किए जा चुके हैं।

प्रदेश के श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन का कहना है कि प्रदेश में विष्णु देव सरकार के सुशासन में अब मजदूर का बच्चा मजदूर नहीं रहेगा। श्रम विभाग द्वारा श्रमिकों के हितों में अनेक कल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही है। इनमें प्रमुख रूप से मुख्यमंत्री नौनिहाल छात्रवृत्ति योजना, मिनीमाता महतारी जतन योजना, मुख्यमंत्री श्रमिक औजार किट योजना, मुख्यमंत्री नोनी बाबू मेधावी शिक्षा प्रोत्साहन योजना, निर्माण श्रमिकों के बच्चों हेतु निःशुल्क गणवेश एवं पुस्तक कॉपी हेतु सहायता राशि योजना, निर्माण श्रमिकों के बच्चों हेतु उत्कृष्ट खेल प्रोत्साहन योजना, मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक आवास सहायता योजना, शहीद वीर नारायण सिंह श्रम अन्न योजना संचालित की जा रही है।

प्रदेश के श्रम मंत्री देवांगन का कहना है कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच है कि हर हाथ को काम इस दिशा में प्रदेश के वाणिज्य उद्योग एवं श्रम विभाग द्वारा हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं।

श्रम विभाग के लिए चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट में 255 करोड़ 31 लाख रूपए का प्रावधान किया गया है। मजदूर दिवस दुनिया भर में मनाया जाता है। 1 मई को अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस या श्रमिक दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य मजदूरों के अधिकारों, सामाजिक न्याय और बेहतर कामकाजी परिस्थितियों के लिए संकल्प लेना है। यह दिन श्रमिकों के योगदान को याद करने और उनके संघर्षों को सम्मानित करने के लिए भी मनाया जाता है।

# राजस्थान में 17 साल की लड़की से 9 लोगों ने किया गैंगरेप

**जयपुर।** राजस्थान के झालावाड़ में 17 साल की लड़की के साथ मंगलवार रात को 9 लोगों ने कथित तौर पर गैंगरेप किया। पीड़िता अपनी सहेली की शादी में शामिल होने गई थी। झालावाड़ के अकलेरा थाने के अधिकारी भूपेश सिंह ने बताया कि घटना मंगलवार रात करीब 11.30 बजे हुई। कुछ घंटों बाद वह बुधवार तड़के घर लौटी जिसके बाद उसके परिवार के सदस्य केस दर्ज कराने थाने पहुंचे। सभी नौ आरोपी पीड़िता के परिचित हैं और उसी गांव के रहने वाले हैं। पुलिस के अनुसार, पीड़िता रात करीब 10 बजे उस सहेली से मिलने के लिए घर से निकली थी, जिसकी शादी हो रही थी। रात करीब 11.30 बजे वह शादी समारोह स्थल से बाहर निकली और शौच के लिए पास के खेत में गई। इसी दौरान 9 युवकों ने उसका अपहरण कर लिया। आरोपी पीड़िता को सुनसान जगह पर ले गए और उसके साथ बारी-बारी से दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। आरोपियों की उम्र 20 साल के आसपास है। पीड़िता जब देर रात तक घर नहीं लौटी तो उसके



परिजनों को लगा कि वह सहेली की शादी समारोह में व्यस्त होगी। आरोपियों ने नाबालिग के साथ 6 घंटे से अधिक समय तक दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। आरोपी पीड़िता को उसी खेत में छोड़ कर फरार हो गए। इस दौरान नाबालिग बेहोश हो गई। उसे जब होश आया तो वह घर लौटी। उसने अपने माता-पिता को घटना के बारे में बताया।


## नाम मे परिवर्तन

मैं, नंबर **2808374Y**, रैंक: **L/NK**, नाम **खंडेझोड निलेश नरहरी** यूनिट **6 MARATHA LI,** निवासी : गांव: सावळी (दातुरा), पोस्ट: परतवाड़ा, तहसील: अचलपुर, जिला: अमरावती, राज्य महाराष्ट्र पिन 444805 घोषित करता हु मेरे आर्मी सर्विस रिकॉर्ड मे त्रुटीवश मेरे माता का नाम **पुष्पा** दर्ज है सही नाम **पुष्पा नरहरी खंडेझोड** है। शपथपत्र वाय. एम. खोकलेकर, अधिवक्ता और नोटरी, बेलगावी (कर्नाटक) इनके समक्ष दि. 30.04.2025 किया.


# पाक बैन से विमानन कंपनियों को 307 करोड़ रुपए प्रति माह का नुकसान

**महानगर नेटवर्क**

**नई दिल्ली**

पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान में तनाव पल-पल बढ़ता ही जा रहा है। इस तनावपूर्ण माहौल में भारतीय विमानन कंपनियों की सेहत पर असर पड़ने लगा है। दरअसल, भारत के सिंधु जल समझौते स्थगित करने समेत अनेक कठोर ऐक्शन से बौखलाए पाकिस्तान ने अपनी हवाई सीमा के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगा दिया है। इससे देश के उत्तरी शहरों से संचालित होने वाली अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के मार्ग में बदलाव करना पड़ा है। पाकिस्तानी हवाई सीमा



को पार करने की बजाय अब भारतीय विमान हिमालय की ऊंचाई को पार कर रूस के रास्ते से पश्चिमी देशों का सफर तय कर रहे हैं। इससे उनकी दूरी, समय और लागत खर्च में इजाफा हुआ है। पीटीआई के एक सर्वे में कहा गया है कि इसकी वजह से विमानन कंपनियों को प्रति सप्ताह 77 करोड़ रुपये का अतिरिक्त खर्च उठाना पड़ सकता है। हवाई क्षेत्र पर लगी रोक के कारण विमानन ईंधन की खपत बढ़ने और उड़ान की अवधि लंबी होने के कारण ऐसा होगा। विदेशी उड़ानों की संख्या और उड़ान अवधि बढ़ने के साथ ही अनुमानित खर्चों के बारे में पीटीआई-भाषा के एक विश्लेषण से पता चला कि एयरलाइंस की अतिरिक्त मासिक परिचालन लागत 306 करोड़ रुपये से अधिक हो सकती है।

पहलगाम आतंकी हमले के कारण भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ गया है। इस बीच पाकिस्तान ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह भारतीय एयरलाइंस को अपने हवाई क्षेत्र का इस्तेमाल करने से रोक देगा। वैकल्पिक उड़ान मार्ग अपनाने से दिल्ली और उत्तर भारतीय शहरों से अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के लिए 1.5 घंटे तक का अतिरिक्त समय लग रहा है। इसकी वजह से विमानन ईंधन की खपत भी बढ़ गई है।

# इस्राइल ने गाजा पर किया जोरदार हमला, 12 की मौत

**गाजा।** इस्राइल और हमास के बीच का संघर्ष दिन-प्रतिदिन और घातक होता हुआ जा रहा है। इसी बीच बुधवार को गाजा में इस्राइल ने एक बार फिर जोरदार हमला किया। इस हमले में लगभग 12 लोगों की मौत हो गई, जिसमें तीन बच्चे भी शामिल है। अल-अक्सा अस्पताल के मुताबिक, हमले नुसेरात शरणार्थी शिविर के तीन घरों पर किए गए। बच्चों में दो सगे भाई थे, जिनके शवों के टुकड़े अस्पताल पहुंचे। इस्राइली सेना ने कब्जे वाले वेस्ट बैंक के जेनिन शहर में छापेमारी कर पत्रकार अली समौदी को गिरफ्तार किया। समौदी पहले CNN और अल-जज़ीरा के लिए काम कर चुके हैं।

# अयोध्या हनुमानगढ़ी में टूटी 121 साल पुरानी परंपरा

### रामलला का दर्शन करने राम मंदिर पहुंचे महंत

**अयोध्या।** अयोध्या में रामलला के दर्शन के लिए बुधवार को हनुमानगढ़ी के गद्दीनशीन महंत प्रेमदास ने 121 साल पुरानी परंपरा को संतों की सहमति मिलने के बाद तोड़ दिया। इसके साथ ही हनुमान गढ़ी का कोई गद्दीनशीन महंत 1904 के बाद पहली बार 52 बीघे की परिधि से बाहर निकला है। महंत प्रेमदास ने न सिर्फ रामलला का दर्शन किया बल्कि राम मंदिर की अंतरगृही परिक्रमा का भी शुभारम्भ किया है। राम मंदिर के निर्माण के बाद पहली बार वीवीआईपी के लिए परिक्रमा खोली गई है। गद्दीनशीन महंत सहित अन्य संतों-महंतों ने भगवान के साथ रामरक्षा स्तोत्र का पाठ किया। रामलला को 56 भोग भी लगाया गया। इससे पहले हनुमानगढ़ी अखाड़े के निशान के साथ गद्दीनशीन महंत प्रेम दास की नगर में शोभायात्रा निकाली गई। इसका जगह-जगह स्वागत हुआ।


## बृहन्मुंबई महानगरपालिका

### घनकचरा प्रबंधन विभाग (योजना)

क्र. उप मु. अभि./498/एसडब्ल्यूएम/योजना दिनांक 30.04.2025

**ई-निविदा सूचना**

| | | | |
|---|---|---|---|
| विभाग | | : | घनकचरा प्रबंधन |
| अनुभाग | | : | उप मु. अभि. (एसडब्ल्यूएम) योजना |
| बोली क्र. (निविदा आईडी) | | : | 2025_एमसीजीएम_1175273_1 |
| विषय | | : | कांजूर एकीकृत मनपा घनकचरा प्रबंधन प्रोसेसिंग फैसिलिटी और देवनार डम्पिंग ग्राउंड में 60 एमटी क्षमता के कम्प्यूटराइज्ड इलेक्ट्रॉनिक वे ब्रिज की आपूर्ति, अधिष्ठापन, परीक्षण और क्रियान्वयन (एस.आई.टी.सी.) का कार्य. |
| बोली आरंभिक तिथि एवं समय | | : | 01.05.2025 को सुबह 11.00 बजे से |
| बोली समाप्ति तिथि एवं समय | | : | 14.05.2025 को सायं. 16.00 बजे तक |
| वेबसाइट | | : | https://mahatenders.gov.in |
| संपर्क व्यक्ति | | : | |
| ए | नाम | : | श्री संजय मोहिते, ए.ई. (एसडब्ल्यूएम) योजना |
| बी | टेलीफोन | : | 022 – 23844450 |
| सी | मोबाइल नं. | : | 9833536088 |
| डी | ई-मेल आईडी | : | ee1swm.pl@mcgm.gov.in |

हस्ता./-

कार्यकारी अभियंता (एसडब्ल्यूएम) योजना

पीआरओ/291/विज्ञा./2025-26

बुखार है ? जल्दी करें, अपने डॉक्टर से मिलकर सही और सम्पूर्ण उपचार करायें


# तनाव के बीच तुर्की रच रहा साजिश!

### आनन-फानन में PAK पहुंचा मिलिट्री डेलिगेशन

**इस्लामाबाद।** पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ गया है। पाकिस्तान को भारत की ओर से किसी बड़े हमले का डर सता रहा है। भारत में भी बैठकों का दौर चल रहा है, जिससे किसी बड़े ऐक्शन की संभावना जताई जा रही है। पाकिस्तान ने भी खुद को बचाने के लिए पैंतरेबाजी शुरू कर दी है। उसे चीन, तुर्की जैसे देशों से समर्थन मिल रहा है। इस बीच, तुर्की का एक मिलिट्री डेलिगेशन आनन-फानन में पाकिस्तान भी पहुंच गया है, जिससे उस पर साजिश रचने के सवाल उठने लगे हैं। तुर्की के जनरल स्टाफ के खुफिया प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल यासर कादिओग्लू की अध्यक्षता में तुर्की सैन्य और खुफिया प्रतिनिधिमंडल ने रणनीतिक स्तर की बातचीत के लिए इस्लामाबाद में पाकिस्तानी एयरफोर्स के हेडक्वार्टर का दौरा किया है। इस दौरान उनकी मुलाकात पाकिस्तान के एयर चीफ मार्शल जहीर अहमद बाबर सिद्धू, एयर चीफ ऑफ द एयर स्टाफ आदि से हुई।

# करेगुट्टा पहाड़ी पर फहराया गया तिरंगा सुरक्षा बलों ने नक्सलियों से छीना गढ़

**महानगर नेटवर्क**

**बीजापुर**

छत्तीसगढ़ और तेलंगाना की सीमा पर स्थित करेगुट्टा पहाड़ी अब सुरक्षा बलों के नियंत्रण में है, जो लंबे समय से नक्सलियों का गढ़ मानी जाती थी। हाल ही में चले एक बड़े एंटी-नक्सल ऑपरेशन के तहत सुरक्षा बलों ने इस क्षेत्र को नक्सलियों से मुक्त कराकर अपने कब्जे में ले लिया। सुरक्षा बलों के कब्जे में आने के बाद करेगुट्टा पहाड़ी की चोटी पर तिरंगा झंडा फहराया गया, जिसकी तस्वीर सामने आई है।

### इनामी नक्सलियों ने किया सरेंडर

21 अप्रैल से बीजापुर की पहाड़ियों में तेलंगाना सीमा से लगे इलाकों में लगभग 24,000 सुरक्षाकर्मियों के सहयोग से एक बड़े नक्सल विरोधी अभियान को अंजाम दिया जा रहा है। इस बीच, सोमवार को बीजापुर में 28.50 लाख रुपये के इनामी 14 नक्सलियों समेत कुल 24 नक्सलियों ने सुरक्षाबलों के सामने सरेंडर कर दिया। सरेंडर करने वालों में 11 महिला नक्सली भी शामिल हैं।



### सरेंडर करने वालों में बड़े नक्सली नेता भी

आत्मसमर्पण करने वालों में दो बड़े नक्सली नेता-भैरमगढ़ एरिया कमेटी का सदस्य सुदरू हेमला उर्फ राजेश (33) और परतापुर एरिया कमेटी की सदस्य कमली मोड़ियम हैं। दोनों पर पांच-पांच लाख रुपये का इनाम घोषित था। इसके अलावा जयमोती पूनेम (24) पर तीन लाख, शामनाथ कुंजाम उर्फ मनेष (40), चैतु कुरसम उर्फ कल्लू (30), बुच्ची माड़वी उर्फ रोशनी (25), सुखमति उरसा (28) और सोमली हेमला (45) पर दो-दो लाख रुपये और अन्य कई नक्सलियों पर एक-एक लाख एवं पचास हजार रुपये तक का इनाम घोषित था।

# मुक्केबाज मैरी कॉम ने पति से तलाक की पुष्टि की

**नई दिल्ली।** 6 बार की विश्व चैंपियन मुक्केबाज एमसी मैरी कॉम ने अपने तलाक की पुष्टि कर दी है। मैरी कॉम ने बुधवार को अपने वकील के ज़रिए जारी किए गए एक कानूनी बयान के द्वारा ओंखोलर कॉम से तलाक की पुष्टि की है और हितेश चौधरी के साथ अपने अफेयर की अफवाहों को निराधार बताया है।

मैरी के वकील द्वारा जारी बयान में कहा गया, 'इन अटकलों और गलत मीडिया रिपोर्टों के मद्देनजर, मैं निम्नलिखित स्पष्टीकरण जारी करना चाहता हूं कि एम सी. मैरी कॉम और ओन्खोलर (ओनलर) कॉम अब विवाहित नहीं हैं और उन्होंने 20 दिसंबर 2023 को दोनों परिवारों के सदस्यों और कबीले के नेताओं की मौजूदगी में कोम कस्टमरी लॉ के तहत आपसी सहमति से तलाक को अंतिम रूप दे दिया है।' बयान में कहा गया, 'मेरे मुवक्किल (मैरी) के हितेश चौधरी के साथ संबंधों में शामिल होने या किसी अन्य मुक्केबाज के पति के साथ रिश्ते में होने की अफवाहों का स्पष्ट रूप से खंडन किया जाता है।


## MAHAVITARAN
Maharashtra State Electricity Distribution Co. Ltd.

## E-tendering Notice

Tender in e-tendering format is invited vide Tender No: SE/GKUC/T-24/ to 25/2024-25 for Hiring of Vehicle for Testing Division for Ganeshkhind Circle.

Tender Fee : Rs.1000/- (Rs.1180/- with GST)

Tender Amount : Rs.14.76 Lacs each for T-24 to T-25

Tender Fee : Rs.1180/- each

- Publication of NIT in News Paper and MSEDCL Web site: 8.5.2025
- Last Date & time (Hours) for submission of Bid: 8/5/2025 up to 23:55 Hrs.
- Date and time of opening of Technical Bid : 9/5/2025 up to 11:00 Hrs.

For details visit website https://etender.mahadiscom.in/eatApp/

**(PRO. No.PZ-30/25)**

**Superintending Engineer, Ganeshkhind Urban Circle, Pune.**



## पनवेल महानगरपालिका, पनवेल

### ई- निविदा सुचना

### विद्युत विभाग

मा. आयुक्त, पनवेल महानगरपालिका यांच्या वतीने ई-निविदा प्रणालीद्वारे (ऑनलाईन) ब- १ नमुन्यातील खालील नमूद कामांची निविदा महाराष्ट्र शासनाकडील योग्य त्या वर्गातील विद्युत विभागाकडील नोंदनीकृत ठेकेदाराकडुन मागविण्यात येत आहे.

| अ. क्र. | निविदा क्र. | कामाचे नाव | अंदाजपत्रकीय (GST वगळून) | निविदा अनामत रक्कम (₹) | कोरी ई - निविदा किंमत (₹) |
|---|---|---|---|---|---|
| १. | पमपा/विद्युत /०४/२०२४ | पनवेल महानगरपालिका मालकीच्या लोकनेते दि. बा. पाटील शाळा, नावडे कार्यालय, पनवेल कोळीवाडा स्मशानभुमी, खारघर सेक्टर-१२ येथील नागरी प्राथमिक आरोग्य केंद्र व मलनि:स्सारण प्रक्रिया केंद्र या ठिकाणी विविध क्षमतेच्या जनरेटर संचाचा पुरवठा करुन कार्यान्वित करणे. | १,४६,९९,५६९/- | १,५०,०००/- | १,१८०/- |

या निविदेबाबतची विस्तृत माहिती पनेवल महानगरपालिका संकेत स्थळ https://mahatenders.gov.in या साईटवर प्रसिद्ध करण्यात आलेली आहे. याची सर्व संबंधित निविदाधारकांनी नोंद घ्यावी.

**जा.क्र./पमपा/विद्युत/३८२३/प्र.क्र.०३/४०८/२०२५**

दिनांक- ३०/०४/२०२५

Sd/-

अतिरिक्त आयुक्त (I)

पनवेल महानगरपालिका

# मंदिर में भूलकर भी न रखें ये चीजें नहीं मिलेगा पूजा का शुभ फल

**ऐसा माना जाता है कि वास्तु शास्त्र में बताए गए नियम का पालन करने से व्यक्ति के जीवन में खुशियों का आगमन होता है। वास्तु शास्त्र के अनुसार, घर में मंदिर को उत्तर-पूर्व में रखना शुभ माना जाता है। मंदिर में कुछ चीजों को रखने की मनाही है। वास्तु जानकारों की मानें तो मंदिर में कुछ चीजों को रखने से देवी-देवता नाराज हो सकते हैं और साधक को पूजा का पूर्ण फल प्राप्त नहीं होगा। ऐसे में आइए विस्तार से जानते हैं कि मंदिर में किन चीजों को भूलकर भी नहीं रखना चाहिए?**

### जीवन में आ सकती है कई समस्या

सनातन धर्म से जुड़े से लोग के घर में मंदिर रखते हैं, जिसमें देवी-देवताओं की प्रतिमा को विराजमान कर रोजाना पूजा-अर्चना करते हैं। धार्मिक मान्यता के अनुसार, विधिपूर्वक पूजा करने से साधक को जीवन में सभी सुखों की प्राप्ति होती है, लेकिन मंदिर में भूलकर भी नुकीली चीजों को नहीं रखना चाहिए। वास्तु शास्त्र के अनुसार, मंदिर में नुकीली चीजों को रखने से नकारात्मक ऊर्जा उत्पन्न होती है, जिससे व्यक्ति को जीवन में कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है।

### भूलकर भी न करें शंख से जुड़ी ये गलती

सनातन धर्म में पूजा के दौरान शंख बजाया जाता है। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि शंख को मां लक्ष्मी का प्रतीक माना जाता है। पूजा के समय शंख बजाने से सकारात्मक ऊर्जा उत्पन्न होती है, लेकिन एक बात का खास ध्यान रखें कि मंदिर में एक से अधिक शंख न रखें। इससे व्यक्ति को जीवन में धन की कमी का सामना करना पड़ सकता है।

### नकारात्मक ऊर्जा होगी उत्पन्न



इसके अलावा मंदिर में कटी-फटी धार्मिक पुस्तकों को नहीं रखना चाहिए। ऐसे माना जाता है कि इस तरह की गलती करने से नकारात्मक ऊर्जा उत्पन्न होती है, जिसका प्रभाव व्यक्ति के जीवन पर पड़ता है।

### देवी-देवताओं का नहीं होगा वास

मंदिर में भूलकर भी गंदे कपड़े नहीं रखने चाहिए, क्योंकि देवी-देवताओं का वास साफ-सफाई वाली जगह पर होता है। वास्तु जानकारों की मानें तो मंदिर में गंदा कपड़ा और गंदगी होने से देवी-देवताओं का वास नहीं होगा। इसके अलावा चमड़े से बनी चीजों को भी नहीं रखना चाहिए।

# मई 2025 के प्रमुख व्रत और त्योहार लिस्ट



**मई 2025 में कई महत्वपूर्ण व्रत और त्योहार आते हैं। यहां आप इस महीने के प्रमुख व्रत और त्योहार की लिस्ट देख सकते हैं। इस महीने की शुरूआत गणेश जी के व्रत से हो रही है जिसमें पहली तारीख को विनायकी चतुर्थी व्रत रखा जाएगा। 12 मई को बुद्ध पूर्णिमा मनाई जाएगी। 26 मई को शनिवार के दिन वट सावित्री व्रत रखा जाएगा। इसी दिन शनि जयंती भी है। आगे देखें मई माह 2025 में और कौन से पर्व आएंगे।**



| | |
|---|---|
| 1 मई, गुरुवार | विनायकी चतुर्थी व्रत |
| 2 मई, शुक्रवार | आदि शंकराचार्य जयंती, सूरदास जयंती |
| 3 मई, शनिवार | गंगा सप्तमी |
| 4 मई, रविवार | अग्नि नक्षत्र प्रारंभ, मासिक दुर्गाष्टमी |
| 5 मई, सोमवार | सीता नवमी |
| 8 मई, गुरुवार | मोहिनी एकादशी |
| 9 मई, शुक्रवार | प्रदोष व्रत |
| 10 मई, शनिवार | नरसिंह जयंती, छिन्न मस्ता जयंती |
| 11 मई, रविवार | मातृ दिवस |
| 12 मई, सोमवार | वैशाख पूर्णिमा व्रत, बुद्ध पूर्णिमा |
| 13 मई, मंगलवार | नारद जयंती, ज्येष्ठ मास आरंभ |
| 14 मई, बुधवार | वृषभ संक्रांति |
| 15 मई, गुरुवार | एकदंत संकष्टी चतुर्थी |
| 20 मई, मंगलवार | मासिक कृष्ण जन्माष्टमी |
| 23 मई, शुक्रवार | अपरा एकादशी |
| 24 मई, शनिवार | प्रदोष व्रत |
| 25 मई, रविवार | मासिक शिवरात्रि |
| 26 मई, सोमवार | वट सावित्री व्रत, शनि जयंती, ज्येष्ठ अमावस्या |
| 29 मई, गुरुवार | महाराणा प्रताप जयंती |
| 30 मई, शुक्रवार | विनायक चतुर्थी |

# शिशु को नहलाने के फायदे

**शिशु को नहलाते समय एक छोटी सी गलती बड़ी परेशानी का कारण बन सकती है? एक्सपर्ट के अनुसार दो साल तक बच्चों को सीधे सिप पर पानी डालकर नहीं नहलाना चाहिए। इससे बच्चों को कई परेशानियां होती है। आज हम जानेंगे कि सिर पर सीधे पानी डालना क्यों हानिकारक हो सकता है और इससे कैसे बचा जा सकता है। आइए जाते हैं..**



### नाक और कानों में पानी चला जाने से परेशानी

***बच्चे को नहलाते समय सीधे सिर पर पानी डालने से उसकी नाक और कानों में पानी जा सकता है, जो उसे परेशान कर सकता है। नाक और कान में पानी चले जाने से खुजली, इरिटेशन और इंफेक्शन का खतरा बढ़ जाता है। कानों में पानी चले जाने से कान बदने लगता है। इसलिए, बच्चे को नहलाते समय हाथों से सिर को धोएं और सीधे सिर पर पानी न डालें।***

**आंखों में पानी चला जाना :** बच्चे को नहलाते समय सीधे सिर पर पानी डालने से कई नुकसान होते है। यह बच्चे के नाक और कानों में पानी जाने का खतरा बढ़ाती है, जिससे वह परेशान हो सकता है। इससे उसकी आंखों में भी पानी चला जाने का खतरा होता है, जो कि उसके आंखों के हेल्थ के लिए अच्छा नहीं होता।

**तालू का कमजोर होना :** बच्चे को नहलाते समय सीधे सिर पर पानी डालने से एक्सपर्ट का कहना है कि बच्चों का तालू कमजोर होता है। जिससे उसे निमोनिया जैसी बीमारियों का खतरा भी हो सकता है। इसलिए, बच्चे को नहलाने के समय सिर पर पानी सीधे न डालें। बेहतर यह है कि आप हाथों से सिर को धोएं। इससे बच्चे के हेल्थ संबंधित होने वाले खतरे से बचाया जा सकता है।

**जानें बच्चों को कैसे नहलाना चाहिए :** सिर पर पानी सीधे न डालें। सिर पर पानी सीधे न डालें, बल्कि हाथों से सिर को धोएं। इससे बच्चे को नाक और कानों में पानी नहीं जाएगा। बच्चे को नहलाने के लिए सेफ जगह चुनें, जहां उसे अच्छे से नहलाया जा सके और वहां किसी चोटील वस्तु से बच सके।

**सफाई का ध्यान रखें :** नहलाने के बाद उसके आंखों और कानों की सफाई को भी ध्यान से करें। इससे उसको संक्रमण से बचाने में मदद मिलेगी। नहलाते समय हमेशा पानी का तापमान गुनगुना रखें। न ज्यादा गर्म हो और न ज्यादा ठंडा।



**गर्भावस्था के दौरान हर महिला कंफर्टेबल और हल्के कपड़े पहनना पसंद करती है। ऐसे में आप फ्लोरल प्रिंट वर्क ड्रेस को ट्राई कर सकती हैं, इससे आप हल्का महसूस करेंगी। अगर आप भी गर्भावस्था के दौरान कुछ हल्का पहनने की सोच रही हैं, तो यह आपके लिए बेस्ट ऑप्शन हैं।**

# प्रेग्नेंट महिलाओं के लिए बेस्ट है यह ड्रेस



गर्भावस्था हर महिला के लिए एक खूबसूरत दौर होता है। इस दौरान महिला की कई ख्वाहिशें होती है। कुछ गर्भवती महिलाएं आरामदायक और स्टाइलिश दिखना चाहती है, ऐसे में आप फ्लोरल प्रिंट वर्क ड्रेस ट्राई कर सकती हैं। अगर आप बेबी शावर के लिए स्टाइलिश ड्रेस की तलाश कर रही है, तो यह ड्रेस आपके लिए बेस्ट ऑप्शन है। अगर आप वर्किंग लेडी है और ऐसे में प्रेगनेंसी ड्रेस ढूंढ रही है, तो यह आपके लिए बेस्ट हो सकती है। इस ड्रेस को आप पहनकर आप किसी प्रोग्राम में जा सकती है, इससे आप कंफर्टेबल और हल्का महसूस करेंगी। यह प्रेगनेंसी ड्रेस महिलाओं के लुक में चार-चार लगा देगी। अगर आप फोटो शूट करना चाहते हैं, तो यह सही विकल्प रहेगा।

# दूध पोषण का खजाना

**दूध पोषण का खजाना माना जाता है। इसमें कैल्शियम, फॉस्फोरस, प्रोटीन और कई तरह के मिनरल्स होते हैं। दूध पीने से हड्डियां और मसल्स मजबूत होते हैं। दूध पचने में आसान होता है, इसलिए इसे किसी समय पी सकते हैं। दूध ठंडा भी पी सकते हैं और गर्म भी। हालांकि, बहुत से लोग कच्चा दूध पीना पसंद करते हैं। हालांकि, इसके कई नुकसान हो सकते हैं। दूध को बिना उबाले पीने से कई साइड इफेक्ट्स देखने को मिल सकते हैं। ऐसे में आइए जानते हैं कच्चा दूध पीने से क्यों मना किया जाता है।**

### दूध क्यों उबाला जाता है

दूध उबालने के बाद उसका पोषण बदल जाता है। उबलाने के बाद दूध में मौजूद मिनरल्स और विटामिन्स का ब्रेकडाउन होता है। इससे दूध पचाना आसान हो जाता है। उबालने से दूध में मिलने वाले बैक्टीरिया भी समाप्त हो जाते हैं, इसलिए दूध को उबालकर ही पीने की सलाह दी जाती है। कई एक्सपर्ट्स का कहना है कि दूध को हमेशा उबालने के बाद ही इस्तेमाल करना चाहिए। नेशनल सेंटर फॉर बायोटेक्नोलॉजी इंफॉर्मेशन के एक अध्ययन में बताया गया है कि गाय का कच्चा दूध हमेशा 95C टेंपरेचर पर ही उबालकर पीना चाहिए। इससे उसमें मौजूद बैक्टीरिया पूरी तरह खत्म हो सकता है। इससे फूडबोर्न डिजीर का रिस्क भी बेहद कम हो जाता है और यह दूध शरीर में सही तरह लगता भी है।


### दूध उबालने से क्या-क्या फायदा होता है

दूध में लैक्टोज नाम के कार्ब्स पाए जाते हैं। जब दूध को उबालते हैं तो लैक्टोज में बदलाव होने लगता है और लैक्टुलोज नाम के एक शुगर में बदल जाता है। इस शुगर के कारण से उबले हुए दूध को पचाने में कच्चे दूध की तुलना में बहुत ज्यादा आसान होता है। इसलिए दूध को कच्चा नहीं उबालकर पीना चाहिए।

# फल खाते समय ना करें ऐसी गलती

**फलों पर नमक या मसाला लगाना भले ही स्वाद को बढ़ा सकता है,लेकिन इससे उनके जरूरी विटामिन और मिनरल्स की गुणवत्ता कम हो जाती है। नमक लगाने से फलों का पानी निकलता है और उनके पोषक तत्व खत्म होने लगते हैं। फलों पर नमक या मसाला लगाना भले ही स्वाद को बढ़ा सकता है,लेकिन इससे उनके जरूरी विटामिन और मिनरल्स की गुणवत्ता कम हो जाती है। नमक लगाने से फलों का पानी निकलता है और उनके पोषक तत्व खत्म होने लगते हैं।**

1. फलों का स्वाद बढ़ाने के लिए बहुत से लोग उस पर नमक छिड़कर खाते हैं। अगर आप भी उनमें से ही एक हैं, तो आज और अभी से ऐसा करना बंद कर दें, वरना परेशानियों में फंस सकते हैं। हेल्थ एक्सपर्ट्स इसे अनहेल्दी हैबिट मानते हैं, जो सेहत के लिए नुकसानदायक हो सकता है।



2. डॉक्टर के मुताबिक, फलों केसाथ नमक खाने से टेबल साल्ट इंटेक बढ़ जाता है, जिससे शरीर में सोडियम का लेवल बढ़ सकता है और कई साइड इफेक्ट्स देखने को मिल सकते हैं। इसलिए भूलकर भी फलों पर नमक डालकर नहीं खाना चाहिए।
3. हेल्थ एक्सपर्ट्स के अनुसार, एडेड साल्ट से जितना हो सके उतनी दूरी बनाकर रखनी चाहिए। पूरे दिन में हम कई ऐसी चीजें खाते हैं, जिनमें एडेड साल्ट होता है। बावजूद इसके अलग फलों पर भी नमक लगाकर खाते हैं तो नुकसान झेलने पड़ सकते हैं।
4. फलों में पहले से ही कई पोषक तत्व मौजूद होते हैं। ऐसे में नमक फलों में गैर जरूरी सोडियम जोड़ देता है, जो किडनी की सेहत को बिगाड़ सकता है। फलों पर नमक या मसाला लगाना भले ही स्वाद को बढ़ा सकता है लेकिन इससे उनके जरूरी विटामिन और मिनरल्स की गुणवत्ता कम हो जाती है।

# बालों को घना बनाने के तरीके

**बालों को लंबा, घना और खूबसूरत बनाने के लिए लोग काफी कोशिश करते हैं। कुछ लोग तो बाजार के महंगे प्रोडक्ट इस्तेमाल करते हैं। अगर आप भी बालों को लंबा और मजबूत बनाना चाहते हैं, तो मुलेठी हेयर मास्क का इस्तेमाल कर सकते हैं। मुलेठी हेयर मास्क का इस्तेमाल कर आप अपने बालों को लंबा, काला और घना बना सकते हैं। यह बालों के लिए काफी फायदेमंद माना गया है। इससे बालों की ग्रोथ बढ़ाने में मदद मिलती है। आपके बाल सफेद हो गए हैं, तो आप मुलेठी हेयर मास्क का इस्तेमाल जरूर करें।**



### मुलेठी हेयर मास्क बनाने का तरीका

मुलेठी एक आयुर्वेदिक जड़ी बूटी है, जो बालों के स्वास्थ्य के लिए काफी फायदेमंद मानी गई है। इसमें एंटी इन्फ्लेमेटरी और एंटीऑक्सीडेंट मौजूद होते हैं, जो बालों को झड़ने से रोकते हैं और उन्हें मजबूत बनाते हैं। मुलेठी हेयर मास्क बनाने के लिए आप एक चम्मच मुलेठी पाउडर को एक कटोरी में ले, उसमें दही और शहद तीनों को अच्छी तरह मिला लें। इस मिश्रण को अपने बालों और स्कैल्प पर 30 मिनट के लिए लगा कर छोड़ दें, 30 मिनट के बाद आप शैंपू से अपने बालों को धो सकते हैं। ऐसा आप सप्ताह में दो से तीन बार कर सकते हैं। मुलेठी हेयर मास्क आपके बालों को मजबूती देगा और इन्हें लंबा बनाने में काफी मदद करेगा।



### मुलेठी पाउडर के साथ मिलाएं ये चीजें

आप मुलेठी पाउडर को नींबू के रस, अंडे या फिर नारियल के तेल के साथ भी मिलकर अपने बालों पर लगा सकते हैं। मुलेठी हेयर मास्क के अलावा अगर आप रोजाना कुछ इस्तेमाल करना चाहते हैं, तो अपने बालों पर रात में सोने से पहले तेल की मालिश जरूर करें और स्वस्थ संतुलित आहार का सेवन करें। अगर आप अपनी डाइट में हरी सब्जियों को शामिल करते हैं, तो भी इससे आपके बाल लंबे और घने बनते हैं।

### पैच टेस्ट जरूर करें

मुलेठी हेयर मास्क का इस्तेमाल करने से पहले पैच टेस्ट जरूर करें, क्योंकि कुछ लोगों को इससे एलर्जी हो सकती है। अगर इससे एलर्जी होती है या बाल झड़ने लगते हैं, तो डॉक्टर की सलाह जरूर लें। इसके अलावा गर्भवती या स्तनपान करने वाली महिलाओं को मुलेठी का इस्तेमाल करने से पहले डॉक्टर की सलाह जरूर लेनी चाहिए। मुलेठी हेयर मास्क सफेद बालों को काला करने में भी मदद करता है। यह पूरी तरीके से शुद्ध आयुर्वेदिक उपचार है, जो बालों के लिए लाभकारी माना गया है।



# इन चीजों को खाने से बढ़ सकता है यूरिक एसिड..

**यूरिक एसिड किसी इंसान की पूरी लाइफस्टाइल में गड़बड़ी मचा सकती है। जब अगर आपकी खानपान में प्यूरिन की मात्रा काफी ज्यादा होती तो शरीर में यूरिक एसिड बढ़ने लगती है। यूरिक एसिड एक तरह से शरीर की गंदगी है जो प्यूरिन के टूटने पर बनती है। यूरिक एसिड को किडनी खुद फिल्टर करके शरीर से बाहर निकाल देती है, लेकिन अगर यह जरूरत से ज्यादा शरीर में बनने लगे तो यह एसिड क्रिस्टल्स जोड़ों में जमने लगते हैं और फिर जोड़ों में दर्द शुरू हो जाते हैं। यह क्रिस्टल्स हाथ-पैर के उंगलियों की ज्वाइंट में जमने लगती है। जिसके कारण शरीर में सूजन और दर्द होने लगते हैं। शरीर में अगर यूरिक एसिड बढ़ने की दिक्कत है तो सबसे पहले अपनी खानपान में सुधार करें। इन चीजों को न खाएं, क्योंकि यह शरीर में यूरिक एसिड बढ़ाती है।**

**सोयाबीन:** जिन लोगों को हाई यूरिक एसिड की दिक्कत है उन्हें सोयाबीन या सोया प्रोडक्ट्स बिल्कुल भी नहीं खाने चाहिए। यह यूरिक एसिड बढ़ाने वाला फूड आइटम है।

**सीफूड:** श्रिंप और सार्डिंस जैसे सीफूड खाने से तेजी में यूरिक एसिड बढ़ती है। यूरिक एसिड बढ़ने पर गाउट की दिक्कत भी होती है। गाउट होने पर पैर के अंगूठे में भी सूजन हो सकती है। सी-फूड सीमित मात्रा में खाने चाहिए।

**सोडा:** आजकल बाहर का कुछ खाना शरीर के लिए सही नहीं है। सोडा, सोफ्ट ड्रिंक्स पीना सेहत के लिए ठीक नहीं है। सॉफ्ट ड्रिंक्स में भले ही प्यूरिन कम होता है लेकिन यह फ्रक्टोस से कहीं अधिक होता है। जो यूरिक एसिड को बढ़ाने का काम करती है।

**रेड मीट:** अगर आप काफी ज्यादा रेड मीट खाते हैं तो इससे शरीर में यूरिक एसिड लेवल्स बढ़ सकता है। यूरिक एसिड अगर बढ़ने लगे तो नॉन-वेज कम कर देना चाहिए।

**एल्कोहल:** काफी ज्यादा मात्रा में एल्कोहल पीने से यूरिक एसिड बढ़ने लगता है। इसलिए अगर आपके शरीर में दिक्कत है तो इसे पीना बंद कर दें। अगर किसी व्यक्ति के शरीर में यूरिक एसिड का लेवल हाई है तो डिनर में रेड मीट खाने से बचना चाहिए। रेड मीट, कीमा मीट,ऑर्गन मीट और सी फूड्स जैसी चीज खाने से यूरिक एसिड बहुत ही तेजी में बढ़ता है।



# मुंबई का विजय रथ रोकने उतरेगा राजस्थान रॉयल्स



**जयपुर।** पिछले मैच में 14 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी की धमाकेदार पारी से जीत दर्ज करने वाली राजस्थान रॉयल्स की टीम गुरुवार को यहां मुंबई इंडियंस के खिलाफ नए जोश के साथ उतरेगी और उसका लक्ष्य इंडियन प्रीमियर लीग में पांच बार की चैंपियन का विजय अभियान रोकना होगा। राजस्थान रॉयल्स की अगर मगर की कठिन डगर पर प्लेऑफ में जगह बनाने की धुंधली उम्मीद है। उसे सूर्यवंशी के रूप में आशा की किरण मिल गई है। कप्तान संजू सैमसन के साइड स्ट्रेन के कारण बाहर हो जाने से सूर्यवंशी को पदार्पण का मौका मिला और उन्हें क्रिकेट जगत में चर्चा का विषय बनने में उन्हें केवल तीन पारियां लगीं। सैमसन ने अपना आखिरी मैच 16 अप्रैल को खेला था और उनकी वापसी को लेकर कोई स्पष्टता नहीं है, जिससे सूर्यवंशी और यशस्वी जायसवाल को फिर से पारी की शुरुआत करनी होगी। गुजरात टाइटन्स के खिलाफ इन दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 166 रन की साझेदारी से रॉयल्स ने 210 रन का लक्ष्य आसानी से हासिल कर लिया था। अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त गेंदबाजों को चुनौती देने के बाद यह देखना दिलचस्प होगा कि बाएं हाथ के बल्लेबाज सूर्यवंशी दुनिया के सर्वश्रेष्ठ के तेज गेंदबाजों में से एक जसप्रीत बुमराह का सामना किस तरह से करते हैं। राजस्थान के निचले मध्य क्रम में शिमरोन हेटमायर पर दबाव होगा जो इस सत्र में अभी तक अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। उसके तेज गेंदबाजी विभाग में जोफ्रा आर्चर ने सफलता जरूर दिलाई है लेकिन उन्होंने लगभग 10 रन प्रति ओवर की दर से रन दिए हैं। संदीप शर्मा भी थोड़े महंगे साबित हुए हैं।

**राजस्थान रॉयल्स**

यशस्वी जायसवाल, शिमरोन हेटमायर, शुभम दुबे, वैभव सूर्यवंशी, संजू सैमसन (कप्तान), ध्रुव जुरेल, कुणाल सिंह राठौड़, रियान पराग, युद्धवीर सिंह चरक, नितीश राणा, संदीप शर्मा, तुषार देशपांडे, आकाश मधवाल, कुमार कार्तिकेय, क्वेना मफाका, वानिंदु हसरंगा, महेश थीक्षाना, फजलहक फारूकी, अशोक शर्मा, जोफ्रा आर्चर।

**मुंबई इंडियंस**

सूर्यकुमार यादव, रोहित शर्मा, तिलक वर्मा, बेवॉन जैकब्स, रयान रिकेल्टन, रॉबिन मिंज, कृष्णन श्रीजीत, हार्दिक पंड्या (कप्तान), नमन धीर, राज बावा, विग्नेश पुथुर, विल जैक्स, मिशेल सेंटनर, जसप्रीत बुमराह, अर्जुन तेंदुलकर, अश्विनी कुमार, रीस टॉपले, लिज़ाद विलियम्स, कर्ण शर्मा, ट्रेंट बोल्ट, दीपक चाहर, सत्यनारायण राजू, मुजीब उर रहमान।

# फील्डिंग के दौरान अजिंक्य और अक्षर पटेल चोटिल

**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच मंगलवार रात खेले गये मैच में दोनों टीमों के कप्तान अक्षर पटेल और अजिंक्य रहाणे क्षेत्ररक्षण के दौरान चोटिल हो गए। दिल्ली के कप्तान अक्षर पटेल को कोलकाता नाइट राइडर्स की पारी के 18वें ओवर में रोवमन पॉवेल के शॉट को रोकने के लिए प्रयास में क्षेत्ररक्षण के दौरान उनका हाथ अभ्यास पिच पर रगड़ गया। इसके बाद फिजियो पैट्रिक फारहाट मैदान पर आए और अक्षर उनके साथ ही मैदान से बाहर चले गए। दूसरी पारी में हालांकि अक्षर बल्लेबाजी के लिए आए और 23 गेंदों में 43 रन बनाए, लेकिन इस दौरान उनके हाथ में दर्द था। मैच के बाद कहा, 'मेरी हथेली छलांग लगाने के दौरान अभ्यास पिच पर रगड़ने से छील गई। जब भी मैं शॉट मार रहा था तो मुझे दर्द महसूस हो रहा था, लेकिन अच्छा है कि एसआरएच के साथ होने वाले अगले मैच से पहले हमारे पास 3-4 दिन का ब्रेक है, तब तक उम्मीद है कि मैं पूरी तरह से ठीक हो जाऊंगा।'



वहीं केकेआर के कप्तान अजिंक्य रहाणे को फाफ डुप्लेसी के शॉट को रोकने के दौरान चोट लगी। इसके बाद रहाणे तुरंत मैदान से बाहर चले गए और वह क्षेत्ररक्षण के लिए नहीं आए और उनके हाथ में पट्टी लगी हुई दिखी। शेष बचे नौ ओवरों में सुनील नारायण ने कप्तानी की। मैच के बाद रहाणे ने कहा, 'यह चोट उतनी गंभीर नहीं है और मैं जल्दी ही ठीक हो जाऊंगा।' केकेआर के एक प्रतिनिधि ने बताया कि शुरुआती आकलन में यह चोट अधिक गंभीर नहीं लग रही है, लेकिन फिर भी टीम के फिजियो प्रशांत पंचदा बुधवार सुबह इसकी जांच करेंगे। केकेआर का अगला मैच चार मई को राजस्थान रॉयल्स (RR) के खिलाफ कोलकाता होना है।

**आज का मैच**

TATA IPL

राजस्थान Vs मुंबई — शाम 7.30 बजे



## पर्थ में टीम में जगह नहीं मिलने पर लिया था संन्यास का फैसला : अश्विन

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व आफ स्पिनर आर अश्विन ने अपने सौवें टेस्ट के बाद संन्यास लेने का सोचा था लेकिन ऑस्ट्रेलिया दौरे के बीच में यह फैसला इसलिए लिया ताकि अंतिम एकादश में उनकी जगह को लेकर 'पूरा सर्कल' फिर से नहीं दोहराया जाए। चेन्नई सुपर किंग्स के नए पॉडकास्ट में अश्विन ने चेन्नई टीम के साथी खिलाड़ी माइक हस्सी से कहा कि उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पर्थ टेस्ट में टीम में जगह नहीं मिलने के बाद संन्यास का फैसला कर लिया था। उस मैच में अश्विन की जगह वॉशिंगटन सुंदर को खेलने का मौका मिला। अश्विन ने एडीलेड में दूसरा टेस्ट खेला लेकिन गाबा पर तीसरे टेस्ट में उन्हें मौका नहीं दिया गया जिसके बाद उन्होंने संन्यास का ऐलान किया। अश्विन ने कहा, 'ईमानदारी से कहूं तो मैं अपने सौवें टेस्ट (मार्च 2024 में धर्मशाला में) के बाद संन्यास लेना चाहता था। फिर मैने सोचा कि घरेलू सत्र में एक मौका और लेते हैं क्योंकि मैं अच्छा खेल रहा था, विकेट ले रहा था, रन बना रहा था।' उन्होंने कहा, 'मैने सोचा कि चेन्नई टेस्ट (बांग्लादेश के खिलाफ) के बाद संन्यास लूंगा लेकिन फिर मैने छह विकेट लिए और शतक बनाया। अच्छा प्रदर्शन करते हुए छोड़ना बहुत मुश्किल होता है।' अश्विन ने कहा, 'मैं फिर खेलता गया और फिर हम न्यूजीलैंड से हार गए। फिर मैने सोचा कि चलो आस्ट्रेलिया दौरे पर देखते हैं कि प्रदर्शन कैसा रहता है।

# कोलकाता ने दिल्ली कैपिटल्स को 14 रन से हराया

## डुप्लेसिस ने 62 रन बनाए, नरेन को तीन विकेट



**नई दिल्ली।** सुनील नरेन और वरुण चक्रवर्ती की घातक गेंदबाजी के दम पर कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने दिल्ली कैपिटल्स को 14 रन से हरा दिया। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी गत विजेता केकेआर ने अंगकृष रघुवंशी की 44 रनों की शानदार पारी की बदौलत 20 ओवर में नौ विकेट खोकर 204 रन बनाए। जवाब में दिल्ली निर्धारित ओवर में नौ विकेट खोकर 190 रन बना पाई और मुकाबला हार गई। केकेआर के लिए नरेन ने तीन और वरुण ने दो विकेट लिए जबकि अनुकूल रॉय, वैभव अरोड़ा और आंद्रे रसेल ने एक-एक विकेट हासिल किया। दिल्ली ने इस सत्र में कुल चार मुकाबले अपने घर में खेले हैं। इनमें उन्होंने तीन मैच गंवाए जबकि एक में उन्हें सुपरओवर में जीत मिली है। वहीं, घर से बाहर अक्षर पटेल की टीम ने छह में से पांच मुकाबले जीते जबकि एक में उन्हें मात मिली है। मंगलवार को इस जीत के साथ कोलकाता ने अपनी प्लेऑफ की आस बरकरार रखी है। उनके खाते में नौ अंक हो गए और उनका नेट रन रेट 0.271 हो गया है। वहीं, दिल्ली 12 अंक और 0.362 का नेट रन रेट लेकर चौथे स्थान पर है। लक्ष्य का पीछा करने उतरी दिल्ली की शुरुआत झटके के साथ हुई थी। करुण नायर 15 और केएल राहुल सात रन बना पाए।

# कबड्डी प्रतियोगिता में हिमाचल बना चैंपियन




**शिमला।** हिमाचल प्रदेश इलेक्ट्रिसिटी स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड की ओर से आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता के दोनों वर्गों में हिमाचल चैंपियन बना। मंगलवार को अंतिम दिन पुरुष वर्ग में हिमाचल विद्युत बोर्ड ने महाराष्ट्र बिस्कॉम को 33-16 से हराकर खिताब अपने नाम किया। तीसरे स्थान पर हरियाणा पावर कॉरपोरेशन रहा। वहीं, महिला वर्ग में भी हिमाचल ने महाराष्ट्र बिस्कॉम को 30–17 से हराकर जीत हासिल की। मुकाबले में हिमाचल की टीम से साक्षी और प्रफुल्ला ने भी बेहतरीन खेल प्रदर्शन किया। महिला वर्ग में महाराष्ट्र ट्रांसमिशन तीसरे स्थान पर रहा। महिला वर्ग में बेस्ट डिफेंडर बिजली बोर्ड की साक्षी, बेस्ट रेडर महाराष्ट्र की अश्वनी शिवार और बेस्ट ऑलराउंडर बोर्ड की साक्षी रहीं। इसी तरह पुरुष वर्ग में बेस्ट डिफेंडर बिजली बोर्ड के मुनीष नेगी, बेस्ट रेडर महाराष्ट्र के सतनाम और ऑलराउंडर महाराष्ट्र के अजय शिंदे रहे। समापन समारोह में ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत कर विजेताओं को पुरस्कृत किया। मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार खेल गतिविधियों को बढ़ावा दे रही है। स्कूलों में बच्चों को नशे से दूर रखने के लिए खेलकूद एवं सांस्कृतिक गतिविधियों पर फोकस किया जा रहा है। उन्होंने विद्युत स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड की स्मारिका का विमोचन भी किया। बिजली बोर्ड के अतिरिक्त निदेशक अनुराग पराशर ने बताया कि बोर्ड की ओर से पहली बार महिलाओं की कबड्डी प्रतियोगिता करवाई है। इसमें 4 महिला टीमों ने हिस्सा लिया।

# ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ नए संयोजनों को आजमाने के लिए तैयार भारत



**पर्थ।** ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ दो मैचों के बाद, भारतीय महिला हॉकी टीम 1 मई को पर्थ हॉकी स्टेडियम में अपने अगले तीन मैत्री मैचों में सीनियर टीम का सामना करने के लिए तैयार है। ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ अपने पहले दो मैचों में दो हार झेलने के बाद भारत अपने प्रदर्शन में सुधार करना चाहेगा। पहले मैच में भारत ने बहादुरी से लड़ाई लड़ी, लेकिन ऑस्ट्रेलिया ए टीम से 3-5 से हार गया। विजेता टीम ने पहले हाफ में चार गोल करके शुरुआती बढ़त हासिल की। भारत ने घाटे को कम करने के लिए अच्छा प्रदर्शन किया, लेकिन अगले दो क्वार्टर में वापसी नहीं कर सका। भारत के लिए महिमा टेटे (27'), नवनीत कौर (45') और लालरेम्सियामी (50') ने गोल किए, जबकि ऑस्ट्रेलिया ए के लिए नेसा फ्लिन (3'), ओलिविया डाउन्स (9'), रूबी हैरिस (11'), टैटम स्टीवर्ट (21') और केंड्रा फिट्ज़पैट्रिक (44') ने गोल किए। दूसरे मैच में भारत को 2-3 के मामूली स्कोर के साथ दुर्भाग्यपूर्ण हार का सामना करना पड़ा। इस बार भारत ने ज्योति सिंह (13') के ज़रिए पहला गोल किया, जिसके बाद ऑस्ट्रेलिया ए ने एवी स्टैंसबी (17'), डेल डोल्केंस (48') और जेमी-ली सुरहा (52') के गोलों के साथ वापसी की। भारत का दूसरा गोल सुनीता टोप्पो (59') ने किया, लेकिन मेहमान टीम समय रहते बराबरी नहीं कर सकी। कप्तान सलीमा टेटे और उप कप्तान नवनीत कौर की अगुआई वाली भारत की 26 सदस्यीय टीम को अब अगले तीन मैचों में ऑस्ट्रेलिया की सीनियर टीम के सामने बड़ी चुनौती का सामना करना होगा। पिछली बार जब दोनों टीमें आमने-सामने हुई थीं, तो भारत ने एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2023-24 के दौरान 1-0 से जीत हासिल की थी और वह इसी तरह का परिणाम हासिल करना चाहेगा। अब तक के दौरे में भारत के प्रदर्शन पर विचार करते हुए, मुख्य कोच हरेंद्र सिंह ने कहा, "दोनों मैचों में, हमने कुछ आसान गोल खाए हैं जो निराशाजनक थे, लेकिन इसके अलावा, हम बहुत प्रतिस्पर्धी रहे हैं। यह एक टेस्ट सीरीज़ है, इसलिए यह जीत या हार के बारे में नहीं है, यह अनुभव के बारे में है।" उन्होंने कहा, "कुछ खिलाड़ी ऐसे हैं जो पहली बार खेलने के लिए देश से बाहर आए हैं। मैं युवाओं को खेलने का मौका दे रहा हूं ताकि वे अगली पीढ़ी बनने के लिए तैयार हों।"

**PCB ने जारी किया पूरा शेड्यूल**

# बांग्लादेश पांच मैचों की टी-20 सीरीज के लिए पाकिस्तान का दौरा करेगा

**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (PCB) ने घोषणा की है कि बांग्लादेश मई में पांच मैचों की टी20 सीरीज के लिए पाकिस्तान का दौरा करेगा। यह सीरीज 25 मई से 3 जून तक फैसलाबाद और लाहौर में खेली जाएगी। शुरुआत में फ्यूचर टूर्स प्रोग्राम (एफटीपी) के तहत तीन वनडे और तीन टी20 सीरीज के रूप में निर्धारित इस दौरे को संशोधित कर पांच टी20 मैच शामिल किए गए हैं। पीसीबी ने एक बयान में कहा, 'यह सीरीज, जो फ्यूचर टूर प्रोग्राम (FTP) का हिस्सा है, में मूल रूप से तीन वनडे और तीन टी20 मैच शामिल थे। हालांकि अगले साल होने वाले आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप के साथ, दोनों बोर्ड ने वनडे की जगह दो अतिरिक्त टी20 मैच कराने पर आपसी सहमति जताई है।' इकबाल स्टेडियम, जिसने 1978 से 2008 के बीच 24 टेस्ट और 16 वनडे मैचों की मेजबानी की है, 17 साल के अंतराल के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट का स्वागत करेगा। इस ऐतिहासिक स्थल पर आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच अप्रैल 2008 में बांग्लादेश और पाकिस्तान के बीच वनडे मैच था। पिछले साल सितंबर में चैंपियंस वन-डे कप और पिछले महीने नेशनल टी20 कप की सफलतापूर्वक मेजबानी करने वाले इस स्टेडियम में क्रमशः 25 और 27 मई को होने वाले सीरीज के पहले दो टी20 मैच खेले जाएंगे। लाहौर का गद्दाफी स्टेडियम 30 मई, 1 और 3 जून को होने वाले शेष तीन टी20 मैचों की मेजबानी करेगा। बांग्लादेश की टीम 21 मई को पहुंचेगी और 22 से 24 मई तक इकबाल स्टेडियम में प्रशिक्षण सत्र में भाग लेगी।



**पाकिस्तान बनाम बांग्लादेश सीरीज का कार्यक्रम**

| | | |
|---|---|---|
| 25 मई | पहला टी-20 | इकबाल स्टेडियम, फैसलाबाद |
| 27 मई | दूसरा टी-20 | इकबाल स्टेडियम, फैसलाबाद |
| 30 मई | तीसरा टी-20 | गद्दाफी स्टेडियम, लाहौर |
| एक जून | चौथा टी-20 | गद्दाफी स्टेडियम, लाहौर |
| 3 जून | पांचवां टी-20 | गद्दाफी स्टेडियम, लाहौर |

# हॉकी इंडिया की 112वीं कार्यकारी बोर्ड में बड़ा बदलाव

**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया ने नितिन कोहली और मनोज भोरे को एसोसिएट वाइस प्रेसिडेंट के रूप में नियुक्त किए जाने पर तथा लालरिनफेला को एसोसिएट ज्वाइंट सेक्रेटरी के रूप में नियुक्त किए जाने पर हार्दिक बधाई दी। कार्यकारी बोर्ड की बैठक में हॉकी इंडिया के प्रशासनिक ढांचे को और मजबूत करने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण प्रशासनिक बदलाव भी किए गए। इसके अतिरिक्त, कमांडर आर.के. श्रीवास्तव को कार्यकारी निदेशक के रूप में उनकी पिछली भूमिका से महानिदेशक के रूप में पदोन्नत किया गया। नियुक्तियों पर बोलते हुए हॉकी इंडिया के अध्यक्ष डॉ. दिलीप तिर्की ने कहा, "हमें नितिन कोहली, मनोज भोरे का एसोसिएट वाइस प्रेसिडेंट के रूप में उनकी नई भूमिका और लालरिनफेला का एसोसिएट ज्वाइंट सेक्रेटरी के रूप में उनकी नियुक्ति पर स्वागत करते हुए खुशी हो रही है। भारतीय हॉकी के विकास के लिए उनका विशाल अनुभव और प्रतिबद्धता सभी स्तरों पर खेल को बढ़ाने के हमारे प्रयासों में सहायक होगी।"



हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह ने कहा, "कार्यकारी बोर्ड की बैठक के दौरान की गई नियुक्तियाँ प्रशासनिक उत्कृष्टता और दीर्घकालिक दृष्टि पर हमारे निरंतर ध्यान को दर्शाती हैं। हमें विश्वास है कि कोहली, भोरे और लालरिनफेला भारतीय हॉकी में बहुमूल्य योगदान देंगे, और हम कमांडर आर.के. श्रीवास्तव को उनकी उचित पदोन्नति के लिए बधाई देते हैं।"

# सुनील नरेन ने टी20 क्रिकेट में बनाया नया कीर्तिमान

**नई दिल्ली।** कोलकाता नाइट राइडर्स के प्रमुख स्पिनर सुनील नरेन ने इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) के 18वें संस्करण में अरुण जेटली स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मैच जीतने वाले स्पेल के बाद एक टीम के लिए पुरुष टी20 क्रिकेट में सबसे ज़्यादा विकेट लेने के मामले में इंग्लैंड के पूर्व स्पिनर समित पटेल के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है। नरेन ने तीन विकेट लेकर बाजी पलट दी और गत चैंपियन को 14 रन से जीत दिलाई। उन्होंने अहम मौकों पर बेहतरीन प्रदर्शन किया और ऐसे जाल बिछाए जिसका दिल्ली के मध्यक्रम के बल्लेबाजों के पास कोई जवाब नहीं था। मंगलवार की रात को अपने मैच जीतने वाले कारनामों के बाद, कोलकाता के लिए नरेन के विकेटों की संख्या 208 हो गई, जो पुरुष टी20 क्रिकेट में किसी भी टीम के लिए किसी भी खिलाड़ी द्वारा लिए गए सबसे ज़्यादा विकेट हैं। वह समित पटेल के 208 के स्कोर से सिर्फ एक कदम दूर हैं, जो उन्होंने नॉटिंघमशायर के लिए हासिल किया था।



# सफिया एवेंजर्स टीम ने 45 आयु वर्ग में 9PL कप जीता

**मुंबई।** शिवसेना युवा सेना मुंबादेवी विधानसभा संयोजक रूपेश पाटिल और महिला उपविभाग प्रमुख प्रिया पाटिल ने डोंगरी के वीर संभाजी मैदान में दिन-रात क्रिकेट मैच का आयोजन किया। इस अवसर पर विभिन्न आयु वर्गों के लिए क्रिकेट मैच आयोजित किए गए। महिलाओं के लिए विशेष लड़की भैन कप क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। इस बार खालिद भाई की सफिया एवेंजर्स टीम, जो 45 वर्ष या उससे अधिक आयु के पुरुषों के लिए ओपन ग्रुप में खेली गई थी, ने डोंगरी वॉरियर्स टीम को हराकर 9 पीएल कप जीत लिया। उनकी टीम को ट्रॉफी और 1 लाख रुपए का पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। 37 टीमों के 600 खिलाड़ियों तथा युवा से लेकर वृद्ध तक सभी लोगों ने भाग लिया। 8 से 11 वर्ष की आयु में मुंबादेवी मावला विजेता और मुंबादेवी योद्धा उपविजेता रहे। 12 से 16 वर्ष की आयु में समीर स्मैशर्स विजेता और उपविजेताः सुजल XI रही. महिला समूह में समीर स्मैशर्स विजेता और अथर्व स्ट्राइकर्स उपविजेता रही। पुरस्कार वितरण समारोह में शिवसेना उपनेता कलाताई शिंदे, विभाग प्रमुख दिलीप नाईक, युवा सेना कार्यकारिणी सदस्य रुचि वाडकर, अभिनेत्री प्रकृति रेडकर, तन्मय पाटेकर, विभिन्न नागरिक, पदाधिकारी और खिलाड़ी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। मुंबादेवी उपविभाग प्रमुख प्रिया पाटिल ने कहा कि लगातार तीन दिनों तक आयोजित क्रिकेट मैच को शानदार प्रतिक्रिया मिली. इस कार्यक्रम के कारण क्रिकेट टूर्नामेंट भव्य एवं दिव्य रूप में आयोजित हुआ।



**शुरू होने जा रही एक और टी–20 लीग**

# इस क्रिकेट बोर्ड ने कर दिया CKT20 का ऐलान

**नैरोबी।** एक समय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (ICC) के एसोसिएट देशों में सबसे मजबूत रहे कीनिया इस खेल को अपने देश में फिर से नया जीवन देने के लिए सितंबर में अपनी फ्रेंचाइजी आधारित लीग सीकेटी20 शुरू करेगा। कीनिया की टीम को एक समय काफी मजबूत माना जाता था और उसने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अच्छा प्रदर्शन भी किया था, जिसमें 2003 में एकदिवसीय विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंचना भी शामिल था। लीग का पहला सत्र 25 दिन का होगा जिसमें छह फ्रेंचाइजी हिस्सा लेंगी, जिन्हें दुनिया भर से कम से कम पांच अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को अपनी टीम में शामिल करने की अनुमति दी गई है। क्रिकेट कीनिया और दुबई/भारत स्थित कंपनी एओएस स्पोर्ट के बीच इस लीग के आयोजन को लेकर एक समझौता हुआ है। कीनिया के ओबुया ने कहा, 'यह बहुत बड़ा आयोजन होगा। यह रोमांचक होगा। यह रोमांचकारी होगा। इससे कीनिया में क्रिकेट को नई दिशा मिलेगी।' कीनिया की तरफ से 90 एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाले इस पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज ने कहा, 'किसी भी मैच के लिए एक टीम को चार विदेशी खिलाड़ियों को ही अंतिम एकादश में शामिल करने की अनुमति दी जाएगी।'





ऋषि कपूर हिंदी सिनेमा के ऐसे सितारे थे जो कई तरह के रोल करते थे। एक बार उन्होंने अभिनेत्री आलिया भट्ट की खूब तारीफ की थी। उन्होंने कहा था कि आलिया भट्ट अच्छी फिल्मों को चुनती हैं। उनका एक पुराना इंटरव्यू सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस इंटरव्यू में उन्होंने आलिया भट्ट की तारीफ की। उन्होंने कहा कि छोटी सी उम्र में अच्छी फिल्म चुनना और उस पर काम करना आसान नहीं है।

# जब ऋषि कपूर ने की थी आलिया भट्ट की तारीफ

2018 के एक इंटरव्यू का जिक्र करते हुए लिखा है कि ऋषि कपूर ने अलिया भट्ट की फिल्मों को पसंद को लेकर उनकी तारीफ की थी। उनसे जब पूछा गया कि वह नई जेनेरेशन के बारे में क्या राय रखते हैं? इस पर ऋषि कपूर ने कहा 'मैं आलिया भट्ट जैसे कलाकारों को पसंद करता हूं, जो 'हाइवे' और 'राजी' जैसी फिल्मों में चुनौतीपूर्ण किरदार पसंद करती हैं।

**ऋषि कपूर और आलिया भट्ट ने साथ में किया काम**

ऋषि कपूर ने आगे कहा 'यह बहुत मुश्किल काम है कि कोई कम उम्र में अच्छी फिल्म चुने और उसकी जिम्मेदारी अपने कंधों पर उठा ले। यह काम कोई कलाकार ही कर सकता है। फिल्मों में ऐसे पार्ट्स पाना किस्मत की बात है। आलिया बहुत भाग्यशाली हैं और हां वह काबिल भी हैं।' आलिया भट्ट और ऋषि कपूर ने 'कपूर एंड सन्स' फिल्म में साथ काम किया है। फिल्म में सिद्धार्थ मल्होत्रा और फवाद खान भी थे।

**ऋषि कपूर ने अदाकारी से खींचा लोगों का ध्यान**

ऋषि कपूर ने अपनी कलाकारी से कई सालों तक दर्शकों को बांधे रखा। उनका करियर पांच दशकों का रहा। ऋषि कपूर ने लगभग 100 फिल्मों में काम किया। इन फिल्मों में काम करते हुए उन्होंने कभी भी दर्शकों का ध्यान खींचने में कोई कोताही नहीं बरती। उन्होंने अपनी जिंदगी के आखिर में भी बेहतरीन अदाकारी की। ऋषि कपूर को साल 2018 में ल्यूकेमिया की बामारी का पता चला। उनका एक साल तक इलाज चला लेकिन वह बीमारी से जूझते रहे। 30 अप्रैल 2020 को, ऋषि ने आखिरी सांस ली। आज ऋषि कपूर की पुण्यतिथि है।



# 'सर्जरी से चेहरा किया तबाह?'

## साधना कट देख लोगों ने दी बद्दुआएं

मौनी रॉय ने एक बार फिर ट्रोलिंग को लेकर करारा जवाब दिया है. हाल में ही उनपर सर्जरी करवाने, चेहरे बिगाड़ने और एआई फेक वीडियो के जरिए कई तरह आरोप मंढ़े गए. इस बात पर अब उन्होंने नाराजगी जाहिर की. साथ ही इस बात पर भी जवाब दिया कि क्या सच में उनका प्लास्टिक सर्जरी से चेहरा बिगड़ गया था और फिर उसे छिपाने के लिए उन्होंने नया हेयरस्टाइल अपनाया है. चलिए बताते हैं उन्होंने ट्रोलिंग पर क्या कहा है. हाल में ही भूतनी फिल्म के ट्रेलर लॉन्च में मौनी रॉय नए अंदाज में नजर आईं. जहां वह साधना हेयर कट में नजर आईं. इस हेयरकट को देखते ही एक बार फिर एक्ट्रेस को लेकर हेट कमेंट्स करने लगे. कुछ ने दावा किया कि मौनी रॉय का सर्जरी से चेहरा बिगड़ गया और उन्होंने इसे छिपाने के लिए ऐसा हेयरकट लिया है.





'जूम' को दिए इंटरव्यू में मौनी रॉय ने सोशल मीडिया की ट्रोलिंग पर रिएक्ट किया. उन्होंने कहा, 'जब आपके कई तरह के फेक एआई वीडियो वायरल किए जाते हैं. गंदे गंदे कमेंट किए जाते है. ये दिखाता है कि ये कितनी ओछी हरकत है. ये कैसे कर सकते हैं. ये आप हैं? आप इमेजिन कीजिए कि आप कैसा महसूस करेंगे.' 'जब मैं देखती हूं कि लोगों ने मेरा चेहरा ही बिगाड़ दिया है एडिटिंग करके. ये बहुत ही वाहियात है. सच में. फिर मैं सोचती हूं कि आखिर ऐसे लोग कहां से आते हैं.' नागिन फेम एक्ट्रेस ने आगे कहा कि आखिर लोगों को ऐसी छोटी हरकत करके क्या मिलता है. आखिर उनका ऐम क्या है. क्यों आप ये जहर उगल रहे हो और किसी ओर को बद्दुआएं दे रहे हो.

मौनी रॉय ने इस बीच ये भी कहा कि सोशल मीडिया पर ऐसे भी ढेर सारे फैंस हैं जो उन्हें खूब प्यार करते हैं. उन्हें ये देखकर काफी अच्छा लगता है. सोशल मीडिया को कुछ लोगों ने एक लाइक पाने के लिए काफी गंदा स्थान बना दिया है. जहां वह दूसरों के बारे में भद्दी और बकवास बातें करते हैं.

टीवी से लेकर बॉलीवुड तक अपनी अदाकारी का जलवा दिखाने वाली एक्ट्रेस अवनीत कौर अपनी ग्लैमरस अदाओं के लिए भी मशहूर हैं. सोशल मीडिया पर काफी ज्यादा एक्टिव रहने वाली अवनीत कौर की एक झलक देखने के लिए उनके चाहने वाले तमाम फैंस उत्साहित रहते हैं. अवनीत कौर अपने फैंस को निराश नहीं करती हैं और अपने फोटोशूट की तस्वीरें शेयर करती रहती हैं. उन्होंने एक बार फिर अपने कुछ फोटोज दिखाए हैं और फैंस अपनी पसंदीदा एक्ट्रेस को खूब निहार रहे हैं और प्यारे रिएक्शन दे रहे हैं.



अवनीत कौर हाल ही में गोवा वेकेशन पर गई हैं. यहां पर उन्होंने ग्लैमरस फोटोशूट करवाया है और इसकी झलक दिखाई है. अवनीत कौर ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट अपनी फोटोज शेयर की हैं. उनकी नई तस्वीरें फैंस का ध्यान खींच रही हैं. अवनीत कौर की प्यारी स्माइल पर फैंस फिदा हो रहे हैं. इसके साथ ही अपनी पसंदीदा एक्ट्रेस की जमकर तारीफ कर रहे हैं. अवनीत कौर को लेकर एक फैन ने लिखा है, 'ब्यूटीफूल.' एक फैन ने लिखा है, 'इनकी खूबसूरती का कोई जवाब नहीं.'

# अवनीत कौर ने ग्लैमरस अंदाज से खींचा ध्यान

प्रियंका चोपड़ा ग्लोबल स्टार बन चुकी हैं. वह हॉलीवुड में अपने हुनर का जलवा बिखेर रही हैं. अपने बिजी शेड्यूल से वक्त निकालकर वह अकसर सोशल मीडिया पर अपने काम और फैमिली से जुड़ी तस्वीरें शेयर करती रहती हैं. अब प्रियंका ने नया पोस्ट शेयर किया है, जो तेजी से वायरल हो रहा है. तस्वीर में प्रियंका चोपड़ा के साथ उनकी बेस्ट फ्रेंड तमन्ना दत्त अपने बेटे थियान के साथ नजर आ रही हैं

# शूटिंग सेट पर पहुंची 'फैमिली' तो खिल उठा प्रियंका चोपड़ा का चेहरा



इंस्टाग्राम हैंडल पर प्रियंका चोपड़ा ने अपनी एक फोटो पोस्ट की है, जिसमें वह ऑल ब्लैक लुक में नजर आ रही हैं. उन्होंने प्रिंटेड टी-शर्ट के साथ पायजामा पहना हुआ है और अपने बालों को खुला रखा हुआ है. वहीं उनकी बेस्ट फ्रेंड तमन्ना ने बेहद खूबसूरत रेड कलर की ड्रेस पहनी है. वहीं, उनके बेटे थियान भी कैजुअल आउटफिट में बेहद क्यूट लग रहे हैं.

**प्रियंका चोपड़ा ने लिखा ये कैप्शन**

इस फोटो को शेयर करते हुए प्रियंका ने कैप्शन में लिखा, 'जब परिवार सेट पर आता है, तो मेरी मुस्कान ही सब कुछ बयां कर देती है.' इस फोटो को फैंस काफी पसंद कर रहे हैं. इंटरनेट पर प्रियंका की तस्वीर छा गई है.

# आयोजकों ने नेहा कक्कड़ पर लगाया आरोप

ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न कॉन्सर्ट में देरी से पहुंचने पर फैंस ने गायिका नेहा कक्कड़ की खूब आलोचना की थी, जिसे लेकर सिंगर ने सफाई भी दी थी। अब इस मामले पर आयोजकों ने सभी बातों को निराधार बताते हुए कहा कि उन्होंने दर्शकों को बढ़ाने की रखी थी शर्त। साथ ही बताया कि वो सब नेहा कक्कड़ का नाटक था। जानिए क्या हुआ खुलासा।



**नेहा ने कहा कि मैं परफॉर्म नहीं करूंगी**

हाल ही में इवेंट होस्ट पेस डी और विक्रम सिंह रंधावा, सिद्धार्थ कन्नन के पॉडकास्ट में पहुंचे और उन्होंने वहा नेहा कक्कड़ के मेलबर्न शो को लेकर बात की। होस्ट पेस डी ने बताया कि मेलबर्न कॉन्सर्ट के दौरान वो वहां थे और उन्होंने सब कुछ देखा। आगे पेस ने कहा कि उन्हें आयोजकों से पता चला कि नेहा कक्कड़ शो में देरी कर रही हैं, क्योंकि शो में सिर्फ 700 लोग ही थे। गायिका का कहना था कि जब तक ज्यादा दर्शक नहीं आ जाते वह परफॉर्म नहीं करेंगी। इस कारण भीड़ उन पर अपना गुस्सा प्रकट कर रही थी, क्योंकि उन सब ने एक टिकट के लिए लगभग 16000 रुपये खर्च किए थे।

**साउंड को लेकर लगाए आरोप को बताया झूठा**

आगे बातचीत में पेस डी ने बताया कि नेहा कक्कड़ का मेलबर्न कॉन्सर्ट बहुत बड़ा शो था। उन्होंने बताया, 'यह इतना बड़ा शो था कि पूरा टेक राइडर वहां मौजूद था। इससे पहले भी कई कार्यक्रम वहां हुए और सभी ने प्रदर्शन किया। कॉन्सर्ट का माइक और पूरा सेटअप बिल्कुल तैयार था, उसमें कोई कमी नहीं थी। इसलिए गायिका जो आरोप लगा रही हैं, वह सच नहीं लगता, क्योंकि हमने अपनी आंखों से देखा कि सब कुछ ठीक से सेट किया गया था।'

**क्या है पूरा मामला?**

यह सब तब शुरू हुआ, जब नेहा कक्कड़ ऑस्ट्रेलिया के अपने मेलबर्न कॉन्सर्ट में ढाई घंटे देरी से पहुंची थीं, जिस कारण दर्शकों ने गायिका की खूब आलोचना की थी। इसके बाद इवेंट के दौरान नेहा रो पड़ीं और देरी के लिए प्रशंसकों से माफी भी मांगी। हालांकि, उन्होंने कॉन्सर्ट भी एक घंटे में समाप्त कर दिया। यूजर्स ने उनके इस बर्ताव को ड्रामा बताया। भारी आलोचना के बाद नेहा कक्कड़ ने सारी कमी आयोजकों की बताते हुए आरोप लगाए थे।

रणबीर कपूर इस वक्त सिर्फ एक ही फिल्म पर फोकस कर रहे हैं और वह है नितेश तिवारी की 'रामायण'। इस मूवी में उनके साथ मुख्य भूमिका में साई पल्लवी नजर आने वाली है। जब इस माइथोलॉजिकल फिल्म 'रामायण' की शूटिंग शुरू हुई थी, तो फिल्म के सेट से कई फोटोज लीक हो गई थी। जिसके बाद मेकर्स ने फिल्म सिटी में शूट हो रही मूवी के सेट पर सिक्योरिटी और भी टाइट कर दी थी।

# रणबीर को 'श्रीराम' के रूप में देखने के लिए हो जाइए तैयार



नितेश तिवारी की ये फिल्म दो भागों में रिलीज होगी। जिसमें विस्तार से 'रामायण' की पूरी कहानी दिखाई जाएगी। रणबीर कपूर 'श्रीराम' के रूप में कैसे लगेंगे ये जानने के लिए न जाने फैंस कब से बेकरार हैं। अब उनकी इस बेसब्री के बीच मेकर्स जल्द ही फिल्म का टीजर रिलीज करने के तैयारी में हैं।

**कब आ सकता है रणबीर कपूर की 'रामायण' का टीजर**

आमतौर पर निर्देशक और एक्टर अपनी फिल्मों की रिलीज से पहले उनके बारे में बातें करके ऑडियंस की एक्साइटमेंट को बढ़ाते हैं। हालांकि, इस बार ऐसा नहीं हुआ, नितेश तिवारी ने अपनी फिल्म पर पूरी तरह से चुप्पी साधी हुई है। इस बीच ही अब 'रामायण' को लेकर एक बड़ी अपडेट सामने आई है।


# पाकिस्तानी एक्ट्रेस हानिया आमिर को भारतीय फैंस ने भेजा जबरदस्त तोहफा

फवाद खान से लेकर हानिया आमिर तक पाकिस्तान फिल्म इंडस्ट्री में ऐसे कई सितारे हैं, जिनके भारत में हजारों की संख्या में फैंस हैं। मावरा होकेन, फवाद खान, माहिरा खान जैसे स्टार्स को बॉलीवुड में काम भी कर चुके हैं। हालांकि पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद अब भारत सरकार ने सख्त कदम उठाते हुए पाकिस्तानी कलाकारों की भारत में एंट्री पर रोक लगा दी है। अब इसी बीच इंटरनेट पर एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें कुछ भारतीय फैंस अपनी पसंदीदा पाकिस्तानी एक्ट्रेस हानिया आमिर के लिए तोहफा भेज रहे हैं। इस वीडियो में फैंस की हरकत को देख आपकी भी हंसी छूट जाएगी।

वायरल हो रहे इस वीडियो में देखा जा सकता है कि एक गिफ्ट बॉक्स रखा है, जिस पर लिखा है- 'हानिया आमिर के लिए रावलपिंडी, पंजाब, पाकिस्तान, भारत की तरफ से।' इसके बाद वीडियो में कुछ लड़के खड़े दिख रहे हैं, जो खूब दहाड़े मारकर हंस रहे हैं। इसके बाद जब इस गिफ्ट बॉक्स को खोला जाता है तो इसमें पानी की कई सारी बोतल निकलती हैं। वीडियो में मौजूद लड़के भी खूब हंसते हैं। बता दें कि पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ सख्त कदम उठाते हुए सिंधु जल संधि को रद्द कर दिया है। ऐसे में पाकिस्तान को पानी की किल्लत का सामना करना पड़ रहा है और भारतीय फैंस इसी वजह से हानिया के लिए पानी भेज रहे हैं।



# शाहरुख खान की 'किंग' में हुई दीपिका पादुकोण की एंट्री?




बॉलीवुड एक्टर शाहरुख खान अपनी फिल्म 'किंग' को लेकर लगातार सुर्खियों में हैं. इस फिल्म का दर्शक काफी बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं. मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो यह फिल्म जल्द ही फ्लोर पर उतरने वाली है और इस फिल्म की शूटिंग भी इसी साल शुरू हो जाएगी. वहीं अब 'किंग' को लेकर एक बड़ी खबर सामने आ रही है. दरअसल इस फिल्म में एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण की एंट्री हो गई है. दीपिका 'किंग' मूवी में शाहरुख खान के अपोजिट नजर आएंगी. इस बात की पुष्टि खुद फिल्म के डायरेक्टर सिद्धार्थ आनंद ने भी कर दी है.

सिद्धार्थ आनंद ने खुद अपने ट्विटर हैंडल पर इस बात की पुष्टि कर दी कि किंग में दीपिका पादुकोण की एंट्री हो गई है. उन्होंने लिखा, 'अब टू.' मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो दीपिका इस फिल्म में शाहरुख खान की पुरानी लवर का रोल प्ले करेंगी. हालांकि बॉलीवुडलाइफ फिल्म में एक्ट्रेस के रोल की पुष्टि नहीं करता है. वहीं खबरों में ये भी दावा किया जा रहा है कि दीपिका पादुकोण और शाहरुख खान इसी साल 18 मई से सिद्धार्थ आनंद की इस फिल्म की शूटिंग शुरू कर देंगे. और यह दोनों ही इस मूवी को लेकर काफी एक्साइटेड हैं. बताते चलें कि 'किंग' में एक्टर शाहरुख खान एक गैंगस्टर का रोल निभाएंगे तो वहीं मूवी में सुहाना खान भी मुख्य किरदार निभाएंगी. फिल्म में सुहाना शाहरुख खान की बेटी का रोल ही प्ले करेंगी. इस फिल्म में 'मुंज्या' एक्टर अभय वर्मा भी नजर आएंगे तो वहीं फिल्म में एक्टर अभिषेक बच्चन भी मुख्य किरदार निभाएंगे.



# इतिहास की किताबों से मुगल शासकों को हटाने पर भड़कीं अभिनेत्री

'चमकीला' फेम अभिनेत्री साहिबा बाली एनसीईआरटी की पुस्तक में किए गए बदलावों से खुश नहीं हैं। एक्ट्रेस ने नाराजगी जाहिर करते हुए इस पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि हटाए गए घटनाओं को भी जानना जरूरी है। यह बात उन्होंने सोशल मीडिया पर कही है। आइए जानते हैं साहिबा बाली ने क्या कहा।

**साहिबा बाली ने क्या कहा?**

अभिनेत्री साहिबा बाली ने अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर करते हुए स्टोरी लगाई गई है। इस स्टोरी में एक्ट्रेस ने लिखा, 'जरूर, और अधिक क्षेत्रिय इतिहास शामिल करें, धार्मिक चीजों को भी पढ़ाएं, भारतीय शासकों पर ध्यान केंद्रित करें, लेकिन आप इतिहास कैसे हटा सकते हैं? शासकों (या आक्रमणकारियों, इसे जो भी कहें) का संपूर्ण प्रभाव और भारतीय उपमहाद्वीप पर इसका प्रभाव?' आगे उन्होंने कहा, 'यह बिल्कुल विचित्र सा है। खासकर उत्तरी सीमांत क्षेत्र की समझ के लिए। उत्तर भारत पर फारसी, तुर्की, अफगान का प्रभाव हिंदुस्तान की पहचान के लिए महत्वपूर्ण है। मुझे इस पर यकीन नहीं हो रहा है।' इसे लेकर अभिनेत्री ने एक वीडियो भी अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर साझा की है।

**साहिबा बाली का वर्कफ्रंट**

अगर साहिबा बाली की बात करें उन्हें इम्तियाज अली के निर्देशन में बनी फिल्म 'चमकीला' में देखा गया था। यह फिल्म साल 2024 में रिलीज हुई थी।

